संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 51 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



शपथग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभिवादन करती हुई दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता।

# 'रेखा सरकार' की हुई 'ताजपोशी'

**भाजपा की दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी, रेखा गुप्ता के हाथों में बागडोर, जेड श्रेणी सुरक्षा मिली, प्रवेश वर्मा को पीडब्ल्यूडी समेत 5 विभाग, सीएम ने वित्त अपने पास रखा, आशीष सूद को गृह; शपथ के 4 घंटे ााद विभागों का बंटवारा**

## रेखा का 'राजतिलक'

**भाजपा ने मंत्रिमंडल में सभी प्रमुख जाति-समुदायों के प्रतिनिधित्व को बैलेंस करने की कोशिश की है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता दिल्ली की बागडोर संभालने वालीं नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वो वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में 19 फरवरी को 50 वर्षीय रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। उन्होंने इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना से राज निवास में मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल कर आम आदमी पार्टी के लंबे शासन का अंत किया है। रेखा गुप्ता ने 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज से पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति में कदम रखा। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़ी रही हैं।

**रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर**
रेखा गुप्ता का राजनीतिक करियर प्रभावशाली रहा है। भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य उन्होंने किया है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही नगर निगम चुनावों में भाजपा की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार भी थीं।

राजनीतिक यात्रा दिल्ली विश्वविद्यालय से शुरू हुई, जहां उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ में महासचिव रहीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी में उच्च पदों तक का सफर तय किया।



## कैबिनेट में फैसला, आयुष्मान को मंजूरी, कैग रिपोर्ट होगी पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। इससे पहले रेखा गुप्ता ने रामलीला मैदान में सीएम पद की शपथ ली। इसके बाद पूरी कैबिनेट के साथ सचिवालय गईं। फिर शाम को यमुना आरती में शामिल हुईं। इसके बाद रात को अपनी कैबिनेट के साथ बैठक की।

**कैबिनेट बैठक में ये दो प्रस्ताव पास हुए**
1. आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू होगी, 5 लाख दिल्ली सरकार और 5 लाख केंद्र सरकार की राशि होगी।
2. सीएजी की 14 रिपोर्ट पेंडिंग हैं, जो पहले हाउस में रखी जाएगी। इसके अलावा महिला योजना पर भी चर्चा हुई है, किस केटेगरी और कहां देंगे, इस पर चर्चा होगी



तब तय करेंगे। मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पहला बयान जारी कर कहा कि विकसित दिल्ली का जो मिशन है उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। इसमें एक दिन भी व्यर्थ नहीं होगा। दिल्ली से किया गया एक-एक कमिटमेंट पूरा किया जाएगा। भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में सीएजी की रिपोर्ट को पास किया गया। अब इसे सदन के पटल पर रखा जाएगा।

## होली से पहले महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये के लिए अब ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं को 2500 रुपये देने को लेकर होली से पहले की तारीख का एलान कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता देने के अपने वादे को पूरा करेगी। उन्होंने यह एलान शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान को निकलने से पहले अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान किया है।



**महिलाओं के खातों में कब आएंगे रुपये?**
भावी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, "मासिक सहायता की पहली किस्त 8 मार्च तक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में डाल दी जाएगी।" बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने सत्ता में वापसी पर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का एलान किया था। वहीं, भाजपा ने आम आदमी पार्टी से आगे निकलते हुए अपने घोषणापत्र में महिलाओं को हर माह 2500 रुपये की सहायता देने की घोषणा की थी। बता दें कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर भी हमला बोला है। गुप्ता ने कहा,"उन्हें (आम आदमी पार्टी को) लोगों को एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूरा करना दिल्ली के सभी 48 भाजपा विधायकों की जिम्मेदारी है।

## रेखा गुप्ता का शुरूआती जीवन

**रेखा** गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले की जुलाना तहसील के नंदगढ़ गांव में हुआ था। 1976 में उनके पिता को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर की नौकरी मिलने के बाद पूरा परिवार दिल्ली आ गया। अपनी पढ़ाई रेखा गुप्ता ने दिल्ली में ही पूरी की और छात्र राजनीति में कदम रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गईं। एलएलबी में स्नातक के बाद कॉलेज के दिनों से ही राजनीति में सक्रिय हो गई थी। शालीमार बाग सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को हराकर रेखा गुप्ता विधायक बनीं।
राजनीतिक सफर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से शुरू हुआ
दिल्ली विश्वविद्यालय की सचिव रह चुकी हैं।
रेखा गुप्ता का जुड़ाव शहरी और ग्रामीण दोनों ही समाजों से है।
उनका परिवार जुलाना (हरियाणा) में व्यापार करता है, जबकि उनका राजनीतिक और शैक्षिक विकास दिल्ली में ही हुआ है।
रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी करते थे। उनका परिवार दिल्ली के शालीमार बाग में बस गया।
रेखा गुप्ता के दादा मनीराम जिंदल गांव में रहते थे।
रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं। जो भाजपा का कोर वोटर माना जाता है।
एलएलबी से स्नातक है। पेशे से वकील
रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले की जुलाना तहसील के नंदगढ़ गांव में हुआ था।

## दिल्ली की नई मुख्यमंत्री और मंत्रियों को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि दिल्ली के विकास के लिए वे पूरी शक्ति के साथ काम करेंगी और



उनका कार्यकाल एक फलदाई कार्यकाल होगा। प्रधानमंत्री ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह टीम साहस और अनुभव का संगम है और निश्चित रूप से दिल्ली के लिए सुशासन सुनिश्चित करेगी

## दिल्ली की मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ यमुना आरती में हुईं शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने मंत्रियों के साथ गुरुवार शाम वासुदेव घाट पर यमुना आरती में शामिल हुईं। इस दौरान उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्य-प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा एवं पंकज कुमार सिंह के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र



सचदेवा और अन्य नेता भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना की आरती करते हुए आज हमने उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने स्वरूप में लेकर आना और साफ-सुथरा बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली को यमुना मां फिर से आशीर्वाद देना जिसकी वो अधिकारी हैं। यमुना की सफाई हमारी प्राथमिकता है, उसके लिए जो भी साधन, संसाधन लगाना होगा, उसे पूरे ले आउट प्लान के साथ कार्य करेंगे। यमुना आरती के बाद मुख्यमंत्री गुप्ता पहली कैबिनेट बैठक के लिए सचिवालय चली गईं।
इससे पहले रेखा गुप्ता ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली को जो गारंटी दी थी उसको जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार का हर एक दिन विकसित दिल्ली के प्रण को पूरा करने के लिए है।

## दिल्ली की सत्ता पर चौथी बार महिला सीएम हुई काबिज, आधी आबादी में दिखा जबरदस्त जोश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में एक बार फिर इतिहास रचा गया। दिल्ली की सत्ता से 27 साल से बाहर रही भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त वापसी करते हुए इस बार भी मुख्यमंत्री पद पर महिला को मौका दिया। रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस समारोह की गवाह बनने के लिए दिल्ली के साथ-साथ हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचीं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिला रहे थे, उस



समय महिलाओं का जोश भी हाई था। महिलाओं ने भाजपा के झंडे को लहराते हुए जय श्री राम का उद्घोष कर अपनी खुशी को जाहिर किया। वैसे तो शपथ ग्रहण समारोह का समय साढ़े 12 बजे का था लेकिन लोग इसके साक्षी बनने सुबह 10 बजे से ही पहुंचने लगे। केसरियां रंग के झंडों से पूरा मैदान सराबोर नजर आ रहा था। सभी गेट पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ लोग कई मीटर दूर से पैदल चले आ रहे थे। कई स्थानों पर लोग नाच कर जश्न मनाते हुई दिखाई दिए। समारोह स्थल पर भी भजन गाए जा रहे थे। दूर-दूर से आईं महिलाएं केसरिया रंग की पगड़ी पहनी हुईं और भाजपा के झंडों के साथ नारे लगा रही थीं। गजब का उत्साह छलक रहा था। समारोह 12 बजे के बाद शीर्ष नेतृत्व के आने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। 12 बजकर 25 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुंचे, उनका स्वागत सभी नेताओं ने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंच पर रेखा गुप्ता को बधाई दी। मंच पर दाहिनी ओर पंक्ति में सबसे पहले रेखा गुप्ता और फिर प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह बैठे थे। राष्ट्रगान के साथ शपथ ग्रहण समारोह 12.30 बजे शुरू हुआ। सबसे पहले दिल्ली के मुख्यसचिव ने मुख्यमंत्री पद और अन्य मंत्रियों के जारी गैजट नोटिफिकेशन को पढ़ा। उसके बाद उपराज्यपाल ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

## दिल्ली विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनेंगे मोहन सिंह बिष्ट...



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**: मोहन सिंह बिष्ट 2013 में भाजपा की दिल्ली इकाई के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। तब विजय गोयल अध्यक्ष बनाए गए थे। उनकी पत्नी का नाम लक्ष्मी बिष्ट है। उनके दो बच्चे- एक बेटा और एक बेटी है। गौरतलब है कि मोहन सिंह बिष्ट लंबे समय से दिल्ली की करावल नगर सीट से भाजपा के विधायक रहे हैं। अगर 2015 की बात छोड़ दी जाए तो उन्हें सभी चुनावों में जीत मिली। हालांकि, इस बार भाजपा ने करावल नगर सीट से कपिल मिश्रा को उतारने का फैसला किया। कपिल मिश्रा वही नेता हैं, जिन्होंने आम आदमी पार्टी की तरफ से लड़ते हुए 2015 में करावल नगर सीट से मोहन बिष्ट को हरा दिया था। भाजपा ने इसी आधार पर 2025 में मोहन सिंह बिष्ट का टिकट काटते हुए कपिल मिश्रा को इस सीट से चुनाव लड़ाने का फैसला किया।

**दूसरी लिस्ट से नाम गायब तो बिष्ट ने बताया बड़ी गलती**
भाजपा ने अपनी तैयारी के तहत दूसरी लिस्ट में करावल नगर से कपिल मिश्रा को चुनाव लड़ाने का एलान कर दिया। पार्टी के इस फैसले को लेकर मोहन बिष्ट खासे नाराज दिखाई दिए। उन्होंने इसे भाजपा की बड़ी गलती करार दिया। बिष्ट ने यहां तक कहा था कि अगर भाजपा बिष्ट को टिकट नहीं देती तो करावल नगर से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। यह भी दावा किया कि 17 जनवरी से पहले करावल नगर सीट से नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा आलाकमान को मोहन सिंह बिष्ट के जिताऊ चेहरे पर कितना ज्यादा भरोसा रहा है, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब बिष्ट ने अपनी उम्मीदवारी घोषित न किए जाने पर नाराजगी जताई तो पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय हो गया।

## विजेंद्र गुप्ता बनेंगे दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:**
दिल्ली में नए मुख्यमंत्री के तौर पर रेखा गुप्ता के नाम के एलान के बाद अब विजेंद्र गुप्ता का विधानसभा स्पीकर बनना लगभग तय हो गया है। 14 अगस्त 1963 को जन्मे विजेंद्र गुप्ता मौजूदा समय में दिल्ली की रोहिणी विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भी हिस्सा हैं। विजेंद्र गुप्ता कितने कद्दावर नेता हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2015 में जब भाजपा के सिर्फ तीन विधायक दिल्ली में चुनाव जीतने में सफल हुए थे, तब वे भी रोहिणी से विजेता रहे थे।

**कौन हैं विजेंद्र गुप्ता?**
विजेंद्र गुप्ता की शिक्षा दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में हुई है। वह छात्र जीवन में ही एबीवीपी से जुड़ गए। विजेंद्र ने दिल्ली यूनिवर्सिटी




छात्रसंघ का चुनाव भी लड़ा और उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए।
कैसा रहा है सियासी सफरनामा?
- **1980:** विजेंद्र गुप्ता के राजनीतिक करियर की शुरूआत हुई। वह जनता विद्यार्थी मोर्चा का हिस्सा बने थे।
- **1983:** विजेंद्र को भारतीय जनता युवा मोर्चा केशवपुरम जिले के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनका चुनावी करियर 1997 में शुरू हुआ। तब उन्होंने एमसीडी में पार्षद का चुनाव जीता था।
- **1997 से 1998 और 2001 से 2002:** वह एमसीडी में कानून और कर मामलों की समिति के अध्यक्ष भी रहे। वे रोहिणी से ही तीन बार नगरपालिका चुनाव जीत चुके हैं। वह भी बड़े वोट के अंतर से।
- **2002:** भाजपा ने विजेंद्र को दिल्ली इकाई में सचिव पद पर नियुक्त किया।
- **2009:** विजेंद्र गुप्ता ने चांदनी चौक लोकसभा सीट से कपिल सिब्बल के खिलाफ चुनाव लड़ा। लेकिन उन्हें हार मिली।
- **2010:** 15 मई 2010 को विजेंद्र को दिल्ली भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2013 में उन्होंने नई दिल्ली सीट से शीला दीक्षित और अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी थी। हालांकि, उन्हें हार मिली।

### 2015 में क्या हुआ था?

**दरअसल,** 30 नवंबर 2015 में दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक ओपी शर्मा ने तब आप की विधायक रहीं अल्का लांबा के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसे लेकर आप और भाजपा विधायकों में टकराव की स्थिति बन गई थी। तब दिल्ली विधानसभा के स्पीकर राम निवास गोयल ने विजेंद्र गुप्ता को 4 बजे तक सदन से बाहर जाने के लिए कह दिया।
जब विजेंद्र ने स्पीकर के आदेश को मानने से इनकार कर दिया, तो दिल्ली विधानसभा में मार्शल बुलाए गए। इसके बाद विजेंद्र गुप्ता को जबरन मार्शलों ने कंधे पर उठाकर सदन से बाहर कर दिया। इस घटना को लेकर तब भाजपा नेता ने स्पीकर पर आप की तरफ झुकाव का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि आप के विधायकों ने भाजपा के तीन विधायकों के साथ अभद्रता की और उनके लिए गलत शब्दों का प्रयोग किया। लेकिन आप पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**आप की लहर के बावजूद 2015, 2020 में बचाया रोहिणी का किला**
2015 में एक बार फिर विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई। आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में 70 में से 67 सीटें हासिल की थीं। भाजपा को जिन तीन सीटों पर जीत मिली, उनमें एक सीट विजेंद्र गुप्ता की रोहिणी की थी। इसके बाद दिल्ली विधानसभा में उन्हें नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, 2020 में भी विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी की सीट पर 12 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। 2025 में लगातार तीसरी बार विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सीट से जीत दर्ज की है।

**कभी स्पीकर के आदेश पर निकाले गए थे सदन के बाहर**
2015 में आप की लहर में भाजपा को दिल्ली विधानसभा में तीन सीटें ही मिली थीं। लेकिन विजेंद्र गुप्ता ने विपक्ष की भूमिका निभाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। इसी साल नवंबर में एक मौका ऐसा भी आया, जब विजेंद्र को तब स्पीकर के आदेश पर दिल्ली विधानसभा से जबरन बाहर निकलवा दिया गया था। अब 10 साल बाद यानी 2025 में जब विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा में लौटेंगे तो यह करीब-करीब तय है कि वह स्पीकर के पद पर होंगे और सभी विधायकों के रवैये को परखेंगे।

# दिल नहीं पसीजा, फोन पर बात करते-करते पत्नी को दी खौफनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना क्षेत्र के पसौंडा में चालक ने पत्नी से विवाद के बाद पेट में चाकू घोंप दिया। पत्नी ने मुजफ्फरनगर में रहने वाली बुआ को कॉल करके मदद की गुहार लगाई, बुआ ने छोड़ने के लिए कहा, लेकिन आरोपी पति नहीं माना। इस दौरान बच्चों ने भी शोर मचाया लेकिन, आरोपित वारदात कर फरार हो गया। देवर ने दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी के बिना बताए कई दिन तक बाहर रहने और शक होने पर दोनों में विवाद होने की बात सामने आई है। टीला मोड़ थाना क्षेत्र के पसौंडा का शमशाद टूर एंड ट्रेवल्स कंपनी में कार चलाता था। करीब 14 साल पहले उसका निकाह शहनाज से हुआ था। पसौंडा स्थित मकान में शमशाद पत्नी, चार बच्चों और छोटे भाई निसार के साथ रहता है। मंगलवार को शमशाद और शहनाज में झगड़ा हो गया। शमशाद ने पत्नी के पेट में सब्जी काटने वाला चाकू घोंपा और कांच की बोतल मारकर भाग गया। चीख पुकार सुनकर देवर निसार नीचे आया। लहूलुहान हालत में शहनाज को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गया।

**टीला मोड़ थाने में दी तहरीर**
इसके बाद मायके वालों और पुलिस को सूचना दी। जहां इलाज के दौरान शहनाज की मौत हो गई।

## 300 से ज्यादा आवंटियों के प्लॉट हो सकते हैं रद्द



**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण की आवासीय प्लॉट योजना के 302 आवंटियों के प्लॉट रद हो सकते हैं। इन आवंटियों के पास प्लॉट की कुल कीमत की 90 प्रतिशत राशि जमा कराने के लिए महज दस दिन शेष बचे हैं। तय समय सीमा में राशि जमा न करने पर प्लॉट आवंटन रद हो जाएगा। यमुना प्राधिकरण की 451 आवासीय प्लॉट की योजना में एक लाख से अधिक आवेदन हुए थे। प्राधिकरण ने दिसंबर में लॉटरी के माध्यम से इन प्लॉटों का आवंटन किया था। लॉटरी के तुरंत बाद ही सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी करने के साथ आवंटन राशि के तौर पर प्लॉट की 90 प्रतिशत राशि जमा कराने के लिए साठ दिन का समय दिया था। यह समय सीमा एक मार्च को समाप्त हो जाएगी।बता दें कि योजना में ऑनलाइन आवेदन हुए थे। आवेदन पत्र के साथ प्लॉट की कुल कीमत की दस प्रतिशत राशि पंजीकरण शुल्क के रूप में जमा कराई गई थी। लॉटरी में सफल हुए आवेदकों की पंजीकरण राशि प्लॉट की कुल कीमत में समायोजित कर ली जाएगी। जबकि असफल आवेदकों को पंजीकरण राशि वापस की जा चुकी है। प्लॉट योजना के तहत सेक्टर 24ए में प्लॉटों का आवंटन किया गया है। सेक्टर का आंतरिक विकास कार्य पूरा होने पर प्राधिकरण आवंटियों के नाम प्लॉट की रजिस्ट्री करने के साथ भौतिक कब्जा सौंपेगा।

**समय सीमा**

**इन आवंटियों के पास प्लॉट की कुल कीमत की 90 प्रतिशत राशि जमा कराने के लिए महज दस दिन शेष बचे**

**एक मुश्त भुगतान से बढ़ी परेशानी**
प्राधिकरण ने आवासीय योजना में केवल एक मुश्त भुगतान का विकल्प लागू कर दिया है। इसके लागू होने से किस्तों में प्लॉट की कीमत का भुगतान करने का विकल्प समाप्त हो गया है। दस प्रतिशत राशि पंजीकरण शुल्क और लॉटरी में सफल होने पर 90 प्रतिशत राशि एक मुश्त भुगतान करना होता है। प्राधिकरण की आवासीय संपत्ति की आवंटन दरें लगातार बढ़ रही हैं। इससे प्लॉटों की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। लोग योजना में किस्मत आजमाने के लिए बैंक से पंजीकरण राशि ऋण लेकर आवेदन कर देते हैं, लेकिन आवंटन होने पर 90 प्रतिशत राशि का एक मुश्त भुगतान उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। बैंक से ऋण न मिलने की स्थिति में राशि का प्रबंध न होने से आवंटन रद होने की आशंका बढ़ जाती है।
जगनपुर अफजलपुर के 77 किसानों को मिले आबादी प्लॉट
यमुना प्राधिकरण ने जगनपुर अफजलपुर गांव के 77 किसानों को बुधवार को सात प्रतिशत आबादी प्लॉट का आवंटन किया।

## ट्रैक्टर से स्टंटबाजी में 10वीं के छात्र को मारी टक्कर, मौत

**रबूपुरा।** ट्रैक्टर से स्टंटबाजी और उसका वीडियो बनाने में बाइक सवार 10वीं के छात्र को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छात्र बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने घर से निकलते थे। पुलिस ने आरोपी सचिन के खिलाफ केस दर्ज करके ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया है। यह हादसा रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर जादों गांव का है। यहां रहने वाले सुंदर पाल ने बताया कि उनका बेटा ललित (18) मुनेश के साथ झाझर स्थित हाई स्कूल से परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने के लिए बाइक से निकले था। गांव के बाहर दो युवक अपने ट्रैक्टर टोचन कर स्टंट करते हुए वीडियो बना रहे थे। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है।

## चिता जलाने के लिए लगाना पड़ता 15 किमी का चक्कर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विजयनगर में साढ़े पांच लाख की आबादी के बीच श्मशान घाट नहीं है। विजयनगर बाइपास पर श्मशान की एक भूमि भी है लेकिन वहां सुविधाएं न होने से लोग 15 किमी का चक्कर लगाकर हरनंदी मोक्षस्थली पहुंचते हैं या फिर नोएडा की सीमा में लगने वाले छिजारसी में अंतिम संस्कार पूरा करना पड़ता है।

इसको लेकर कई बार नगर निगम के सदन में पार्षदों ने मुद्दा भी उठाया लेकिन, लोगों को श्मशान घाट नहीं मिल सका।


## पुलिस उपायुक्त कार्यालय, शाहदरा जिला, दिल्ली

भोलानाथ नगरः शालीमार पार्कः दिल्ली–110032
टेली फोन नं. 011-21210803
ईमेलः adcp1-shahdara@delhipolice.gov.in

**दिल्ली पुलिस अधिनियम 1978 की धारा 67 के तहत उद्घोषणा**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहनों को शाहदरा जिला, दिल्ली के पुलिस स्टेशनों द्वारा धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 के तहत जब्त कर लिया गया है। अब, पुलिस आयुक्त, दिल्ली द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जैसे की धारा 67(1) के तहत परिकलपित है। दिल्ली पुलिस अधिनियक 1978 नीचे हस्ताक्षरकर्ता संलग्न सुची के अनुसार 71 वाहनों एवं 07 वस्तुओं की सूची की उद्घोषणा जारी करता है। जिस किसी भी व्यक्ति का इस पर दावा हो सकता है, उसे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना होगा और इस उद्घोषणा की तारीख से छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करना होगा। निम्नलिखित वाहनों एवं वस्तुओं को इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी हेतु अधिसूचित किया जाता है।

**धारा 66 दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत जब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची**

| क्र. सं. | डीडी नं. और तिथि | पंजीकरण संख्या | प्रकार |
|---|---|---|---|
| | पुलिस थाना : कृष्णा नगर | | |
| 1 | 42A Dt. 06.11.2023 | DL-1ER-6396 | E-RICKSHAW |
| 2 | 99A Dt.17.11.2023 | DL-4SCF-2656 | ACTIVA |
| 3 | 85A Dt.05.12.2023 | DL-5SAL-9804 | HONDA |
| 4 | 83A Dt.15.01.2024 | DL-14SE-0167 | ACIATOR |
| 5 | 126A Dt.12.02.2024 | DL-8SAX-9037 | FZ-16 |
| 6 | 76A Dt.26.02.2024 | DL-13SL-4292 | ACTIVA |
| 7 | 80A Dt.02.03.2024 | DL-6SAQ-0791 | HONDA |
| 8 | 96A Dt.21.03.2024 | DL-5SAM-6496 | HONDA |
| 9 | 69A Dt.29.03.2024 | HR-51AP-0263 | HF DELUXE |
| 10 | 15A Dt.07.05.2024 | DL-9SM-3969 | SPLENDER |
| 11 | 21A Dt.11.06.2024 | UP-16BV-2581 | ACTIVA |
| 12 | 18A Dt.12.06.2024 | DL-7SBF-7175 | AVIATOR |
| 13 | 32A Dt.19.08.2024 | PB-29AB-6258 | ACTIVA |
| 14 | 83A Dt.25.08.2024 | DL-3SBZ-9797 | ACTIVA |
| 15 | 62A Dt.30.08.2024 | DL-5SCE-8205 | RADEON |
| | पुलिस थाना : गांधी नगर | | |
| 16 | 46A DT.28.11.2023 | DL-5SAC-3907 | ACTIVA |
| 17 | 21 DT.01.01.2024 | DL-5SBG-5502 | ACTIVA |
| 18 | 79 DT.09.01.2024 | DL-3SU-0862 | S/C |
| 19 | 75A DT.22.02.2024 | DL-8SBG-7088 | SPLENDER |
| 20 | 71A DT.12.02.2024 | DL-13ST-1256 | SPLENDER |
| 21 | 97A DT.12.02.2024 | DL-7SCE-8887 | MAESTRO |
| 22 | 54A DT.27.06.2024 | DL-5SCM-7050 | NTORQ |
| 23 | 72A DT.01.07.2024 | DL-14SB-9541 | MAESTRO |
| | पुलिस थाना : एम एस पार्क | | |
| 24 | 5A DT. | DL-13SM-4196 | HERO |
| 25 | 105A | DL-13SM-4196 | SPLENDER |
| 26 | | HR-26CT-6985 | |
| 27 | 74 | DL-5SAC-3442 | ACTIVA |
| | पुलिस थाना : जगतपुरी | | |
| 28 | 107A DT.20.02.2024 | DL-CS-2084 | TVS |
| 29 | 33A DT.21.02.2024 | DL-1SW-5368 | HONDA |
| 30 | 31A DT.25.03.2024 | DL-6SAW-9326 | BAJAJ |
| 31 | 83A DT. 29.03.2024 | DL-5SCJ-7367 | TVS |
| | पुलिस थाना : फर्श बाजार | | |
| 32 | 87A DT.02.05.2024 | DL-8SCH-2491 | YAMAHA |
| 33 | 41A DT.10.08.2024 | DL-6SAJ-0815 | PLATINA |
| | पुलिस थाना : जीटीबी एन्कलेव | | |
| 34 | 96A DT.20.12.2023 | DL-13SR-2797 | M/C |
| 35 | 52A DT.20.02.2024 | DL-8SDC-4332 | M/C |
| 36 | 53A DT.28.02.2024 | DL-5SAA-5754 | M/C |
| 37 | 47A DT.28.02.2024 | UP-14DW-7269 | M/C |
| | पुलिस थाना : गीता कॉलोनी | | |
| 38 | 09A DT.30.05.2024 | DL-6SAN-9491 | ACTIVA |
| | पुलिस थाना : आनंद विहार | | |
| 39 | 69 DT.03.12.2023 | OR-14R-9446 | M/C |
| 40 | 96 DT.16.02.2024 | DL-5SBH-3152 | M/C |
| 41 | 53 DT.26.02.2024 | UP-14AX-4805 | M/C |
| 42 | 117 DT.28.02.2024 | DL-5SBQ-8938 | S/C |
| 43 | 149 DT. 05.03.2024 | DL-3SDL-4272 | M/C |
| 44 | 67 DT.08.03.2024 | DL-5SAC-7191 | S/C |
| 45 | 43 DT.10.03.2024 | DL-3SBW-0286 | M/C |
| 46 | 89 DT.05.05.2024 | DL-3SBW-7239 | S/C |
| 47 | 16 DT. 12.05.2024 | WITHOUT NO PLATE | NTORQ |
| 48 | 62 DT.19.05.2024 | DL-1SU-4064 | M/C |
| 49 | 31 DT.27.05.2024 | DL-7SCD-9150 | S/C |
| 50 | 29 DT.16.06.2024 | DL-11SR-7381 | S/C |
| 51 | 82 DT.20.06.2024 | DL-7SBF-8118 | S/C |
| 52 | 106 DT.31.07.2024 | DL-3SCT-6679 | |
| 53 | 100 DT. 07.08.2024 | DL-13SH-2537 | S/C |
| 54 | 64 DT.27.08.2024 | DL-11SH-6196 | S/C |
| | पुलिस थाना : सीमापुरी | | |
| 55 | 130A DT.22.11.2023 | DL-5SBE-3973 | APACHE |
| 56 | 103A DT.23.11.2023 | 7228 | ELECTRIC SCOOTY |
| 57 | 63A DT.26.11.2023 | UP-14BZ-0541 | DISCOVER |
| 58 | 83A DT. 08.12.2023 | DL-5SBE-4798 | SCOOTY |
| 59 | 101A DT.09.12.2023 | WITHOUT NO. PLATE | M/CY |
| 60 | 80A DT.12.12.2023 | DL-5SCZ-2335 | SPLENDER |
| 61 | 48A DT. 03.01.2024 | DL-7SBF-3435 | ACTIVA |
| 62 | 88A DT.01.02.2024 | UP-16Q-8446 | XTREAM |
| 63 | 178A DT.27.03.2024 | DL-5SCR-3819 | NTORQ |
| 64 | 148A DT.08.04.2024 | UP-14EY-1095 | ACTIVA |
| 65 | 77A DT.17.04.2024 | DL-5SCH-6120 | SPLENDER |
| 66 | 146A DT.10.05.2024 | DL-5SBN-7173 | VICTOR |
| 67 | 119A DT.04.06.2024 | DL-5SBJ-0890 | PASSION |
| 68 | 100A DT.11.06.2024 | DL-13SL-0522 | FZ |
| 69 | 11A DT.12.06.2024 | DL-7SCB-8595 | PULSAR |
| 70 | 112A DT.11.07.2024 | HR-06AH-3065 | PASSION |
| 71 | 90A DT.02.08.2024 | DL-9SBT-1036 | ACTIVA |

**वस्तुऐं (थाना : कृष्णा नगर)**

(1) 107A Dt.09.11.2023 Three Iron Naal (2) 78A Dt. 12.11.2023 One Iron Naal (3) 32A Dt. 19.11.2023 One Bag, Laptop, Charger, T-Shirt, Three Medicine (4) 59A Dt.23.12.2023 Tasla and Fawda (5) 62A Dt. 27.01.2024 Three Plastic Katta Bandle (6) 02A Dt. 24.02.2024 One Cylinder Indane (7) 110A Dt. 08.08.2024 Traju and Palda

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त–I,
शाहदरा जिला
दिल्ली
DP/9763/SHD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज पाल पुत्र नफे सिंह निवासी गांव-असन कलां, तहसील और जिला- पानीपत, रामपाल किरयाना स्टोर के समीप, पानीपत-132103** ने केस रजि. नं. 454/2020, **अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज पाल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज पाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिप रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस रजि. नं. **454/2020, अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभिुक्त **राज पाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.05.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सेहलोथ**
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-03 (उत्तर)
कमरा नं. 213, द्वतीय तल
रोहिणी जिला न्यायालय, दिल्ली
DP/2057/RD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्रः जुगल किशोर, पताः म. नं. 266, कुम्हार वाली गली, कुम्हार मोहल्ला, बदरपुर, दिल्ली** ने **E-FIR No. 000029/2020, U/s 380/411 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 000029/2020, U/s 380/411 IPC, पुलिस थाना जैतपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री छवि बंसल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11
दक्षिण–पूर्व जिला, कोर्ट नं. 09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/2104/SE/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश, पुत्रः राम कुमार, पताः वीपीओ–झिवरहेड़ी, शिव मंदिर के पास, करनाल–132001** ने **Case Reg. No. 5138/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 5138/2019, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **राजेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशु सहलोथ**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
उत्तर जिला, कमरा नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/2056/RD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद जुनैद पुत्र मोहम्मद अलीम अंसारी पताः मकान नं. 130/1ए, ममराज मोहल्ला गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, दक्षिण पूर्व दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 292/2020 धारा 325 भा.द.स. के तहत** थानाः मधु विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद जुनैद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद जुनैद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 292/2020 धारा 325 भा.द.स. के तहत थाना मधु विहार, दिल्ली के उक्त मोहम्मद जुनैद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**उदभव कुमार जैन**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं.13, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/2012/ED/2025

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2025/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/557 नई दिल्ली, दिनांक : 20.02.2025

**एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध निर्मित एलएचबी एक्सेल–की खरीद हेतु दिनांक 24.03.2025 को खोली जाने वाली विश्व ई–निविदा सं.: डब्ल्यूटीए–557**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आई सी एफ ड्रॉइंग सं. एएए02045 ऑल्ट–बी और आरसीएफ ड्राइंग नंबर एलडब्ल्यू 02149 ऑल्ट–सी और आईआरएस आर–16 95 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड
नई दिल्ली–110001
दूरभाष सं. 011–23073191
ई–मेल आईडी– drsm@rb.railnet.gov.in
578/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

No. 2023/Track-III/MC/4 New Delhi, Dated : 20.02.2025

शुद्धिपत्र– I I

**विषयः दो नग सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक एंड टर्न आउट मेजरमेंट कार (STTMC) विथ ट्रैक एंड टर्न आउट मॉनिटरिंग सिस्टम (TTMS) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2405**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 21.01.2025 को स्थगित कर 27.03.2025 कर दिया गया है।

निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी ।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (एम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड
576/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि प्रवीन गिर पुत्र प्रकाश गिर निवासी गांव दातौली तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि रोहित मेरा सगा लड़का है जोकि मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है तथा अपनी मनमानी करता है इसलिए मैं रोहित को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि आज के बाद वह कोई भी उचित या फिर अनुचित कार्य करता है तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा।आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि चंपा देवी पत्नी हरि लाल निवासी मकान नं 513, अशोक नगर, गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करती हू कि मेरा पुत्र आशु व उसकी पत्नी करुणा मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# एक्शन में मैडम सीएम, बढ़ी केजरीवाल की टेंशन

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला, केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगाः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में नई** सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उसके बाद पूरा कैबिनेट दिल्ली सचिवालय में अपने अपने पद संभालने के लिए पहुंचा। इस सबके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला।

**लोगों को लिए खुला है सीएम दफ्तर**
रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगा। अपनी सरकार को लेकर बोलीं, विकसित दिल्ली का जो वादा किया है उसको पूरा करेंगे। एक भी दिन व्यर्थ नहीं किया जाएगा। दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सीएम का दफ्तर उनके लिए खुला है।
दिल्ली को अपना नया मुख्यमंत्री मिल गया है। पहली बार विधायक बनी रेखा गुप्ता को विधायक दल की बैठक में सीएम चुना गया। उन्होंने पद और गोपनीयती की शपथ भी ले ली और एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। यमुना सफाई को लेकर भी दिल्ली सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है।
राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बदलने के साथ यमुना को पुनर्जीवित करने की कार्ययोजना प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को सौंप दी गई है। इसमें सीवेज उपचार क्षमता को बढ़ावा देने और अन्य महत्वपूर्ण उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पर्यावरण विभाग के तहत दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा यह कार्य-योजना गत सप्ताह दी गई थी।

**यमुना सफाई को लेकर एक्शन मोड में अधिकारी**
अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में प्रमुख नालों को टैप करना, नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करना, जेजे समूहों में जल निकासी प्रणाली को जोड़ना, सभी नालों को रोकना, सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्रों (सीईटीपी) को अपग्रेड करना, बाढ़ के मैदानों से अतिक्रमण हटाना और रिवरफ्रंट का सुंदरीकरण करना शामिल है। कार्ययोजना के अनुसार डीपीसीसी ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि शहर में पल्ला से असगरपुर गांव तक यमुना के 48 किलोमीटर के हिस्से को प्राथमिकता -1 सर्वोच्च प्राथमिकता) प्रदूषित खंड के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
कार्ययोजना में एक प्रमुख चिंता उच्च बायोकेमिकल आक्सीजन डिमांड (बीओडी) स्तर है, जो तीन मिलीग्राम प्रति लीटर के वांछित मानक से काफी ऊपर है।

**प्रदूषण पर कैसे लगेगी अंकुश ?**
पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना में 23 क्यूमेक्स (437 एमजीडी) के न्यूनतम पर्यावरणीय प्रवाह (ई-फ्लो) की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। हालांकि, मौजूदा पानी की कमी के कारण दिल्ली में वर्तमान प्रवाह लगभग शून्य है। इसमें कहा गया है कि रेणुका, लखावर और किशाऊ समेत लंबित बांध परियोजनाएं इस अंतर को दूर करने में मदद कर सकती हैं।
प्रदूषण पर अंकुश लगाने की योजना में 100 प्रतिशत सीवेज उपचार पहल शामिल है, जिसमें 37 मौजूदा एसटीपी को अपग्रेड करना और नए का निर्माण करना शामिल है। दिल्ली गेट पर एक नए एसटीपी और पाइपलाइन में 40 नए विकेन्द्रीकृत एसटीपी (डीएसटीपी) की योजना के साथ शहर की सीवेज उपचार क्षमता 2023 में 792 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रति दिन) से बढ़कर दिसंबर 2026 तक 964.5 एमजीडी हो जाएगी। इसके अतिरिक्त 14 मौजूदा एसटीपी को दिसंबर 2026 तक अपग्रेड करने के लिए निर्धारित किया गया है। यमुना में गिरने वाले 22 नालों पर जाली लगाकर उनका रुख मोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। 10 नालों को पहले ही टैप किया जा चुका है, दो को आंशिक रूप से टैप किया गया है।






## ऑफिस आवंटित

- मनीष सिसोदिया के कमरे में प्रवेश वर्मा बैठेंगे। यह कमरा 6 छठे फ्लोर पर है
- स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज वाला कमरा मंत्री आशीष सूद को मिला
- गोपाल राय वाला रूम मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह को मिला
- मुकेश अहलावत का कमरा मंत्री रविन्द्र सिंह इंद्राज को मिला
- इमरान हुसैन के कमरे में मंत्री कपिल मिश्रा बैठेंगे
- रघुवेन्द्र शौकीन के कमरे में मंत्री मजिंदर सिंह सिरसा बैठेंगे

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सहयोगी मंत्रियों का प्रोफाइल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में 1998 में सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली में मुख्यमंत्री बना है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता के बाद प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली के रामलीला मैदान पर मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा ने पहली बार 2 दिसंबर 1993 में दिल्ली में सरकार बनाई थी। उस समय मदन लाल खुराना दो साल 86 दिन मुख्यमंत्री रहे। उसके बाद भाजपा ने साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया और वह दो साल 228 दिन मुख्यमंत्री रहे। इसके बाद 52 दिनों तक सुषमा स्वराज दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं, जिनका कार्यकाल 12 अक्टूबर 1998 से शुरू होकर 3 दिसंबर 1998 को खत्म हो गया। इसके बाद दिल्ली में कांग्रेस की 15 साल और आम आदमी पार्टी की दस साल सरकार रही।
अब मुख्यमंत्री बनते ही रेखा गुप्ता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने की जिम्मेदारी होगी। रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं, जो दिल्ली में करीब 8 प्रतिशत है। वैश्य समुदाय को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता की पढ़ाई की बात करें तो उन्होंने एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की है। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। वह बचपन में ही पिता के साथ दिल्ली आ गईं। छात्र जीवन में एबीवीपी से राजनीति में एंट्री की। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर थे। इसी नौकरी के दौरान उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली शिफ्ट हो गए। दिल्ली विधानसभा का चुनाव रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को हराकर जीता है। रेखा गुप्ता को कुल 68200 वोट मिले थे जबकि आआपा की वंदना कुमारी 38605 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। यहां से कांग्रेस के प्रवीण कुमार जैन 4892 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

**अन्य मंत्रियों का प्रोफाइल:**



**प्रवेश वर्मा:** प्रवेश वर्मा का जन्म 7 नवंबर 1977 को दिल्ली में हुआ है। वह दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। साल 2013 में उन्होंने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरूआत विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली भाजपा चुनाव समिति के सदस्य के रूप में की। साल 2014 के भारतीय आम चुनाव में प्रवेश वर्मा ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता और साल 2019 के आम चुनाव में भी प्रवेश वर्मा को इसी सीट पर 5,78,486 वोटों से जीत हासिल हुई। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रवेश वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और आआपा संयोजक अरविंद केजरीवाल को 3186 वोटों से हराकर नई दिल्ली विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है।



**आशीष सूद:** आशीष सूद का जन्म 1966 में हुआ है। उनका राजनीतिक सफर दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज से शुरू हुई। यहां उन्होंने कॉमर्स में डिग्री हासिल की और छात्र राजनीति में सक्रियता दिखाई। आशीष सूद पंजाबी समुदाय से आते हैं। वह पहली बार विधायक बने हैं। इन्होंने एबीवीपी से सियासी करियर की शुरूआत की। वह 1989 में डूसू के अध्यक्ष रह चुके हैं। आशीष सूद दिल्ली नगर निगम की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। वह निगम पार्षद और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम में सदन के नेता रह चुके हैं। इसके अलावा वह 2020 में सह प्रभारी भाजपा जम्मू-कश्मीर और 2024 में प्रभारी भाजपा गोवा रहे हैं। वह दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष भी रहे हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनकपुरी से आआपा उम्मीदवार राजेश ऋषि को 18766 मतों से हराया है।



**मनजिंदर सिंह सिरसा:** मनजिंदर सिंह सिरसा का जन्म 20 फरवरी 1972 को हरियाणा के सिरसा में हुआ। मनजिंदर सिंह सिरसा 12वीं पास हैं। पेशेवर रूप से मनजिंदर सिंह सिरसा कृषि और कारोबार से जुड़े हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा राजौरी गार्डन विधानसभा से पहली बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीते हैं। हालांकि वे दो बार अकाली दल के टिकट पर विधायक का चुनाव भी जीत चुके हैं। ये 2013 और 2017 में दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने 2021 में अकाली दल छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मनजिंदर सिंह सिरसा ने आआपा के विधायक धनवती चंदेला को 18190 वोटों के अंतर से हराया है।



**कपिल मिश्रा:** कपिल मिश्रा भाजपा के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष हैं, जो दिल्ली के करावल नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं। कपिल मिश्रा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया के रहने वाले हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से सोशल वर्क में मास्टर डिग्री व स्नातक डिग्री हासिल की है। कपिल मिश्रा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की और कॉलेज पढ़ाई के दौरान वो एबीवीपी की तरफ से कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। कपिल मिश्रा ने अपने छात्र जीवन में यमुना सफाई के लिए कई जनांदोलन किए व कॉमनवेल्थ खेलों के दौरान होने वाले पर्यावरण क्षति के मुद्दों व करप्शन के मामलों को जोरदार तरीके से उठाया। कपिल मिश्रा 2015 में आआपा सरकार में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री बने और उस दौरान उन्होंने यमुना स्वच्छता, जलापूर्ति योजनाओं जैसे जनहितकारी मुद्दों पर काम किया, 2017 में करप्शन के खिलाफ आवाज उठाते हुए कपिल मिश्रा ने आआपा सरकार से इस्तीफा दिया और फिर भाजपा में शामिल हो गए। कपिल मिश्रा की माताजी अन्नपूर्णा मिश्रा पूर्वी दिल्ली दिल्ली नगर निगम की पहली मेयर रहीं और अपने वार्ड को उन्होंने 'स्वराज' जैसी लोकतांत्रिक पद्धति से जनता की राय से चलाया। कपिल मिश्रा के पिताजी रामेश्वर मिश्र संघ से तृतीय वर्ष पूर्ण प्रचारक हैं और राष्ट्र-संस्कृति के मुद्दों पर कई किताबों के लेखक भी हैं। कपिल मिश्रा का जन्म 13 नवंबर 1980 को दिल्ली में हुआ था। इस बार विधानसभा चुनाव में कपिल मिश्रा ने आआपा उम्मीदवार मनोज त्यागी को 23355 वोटों से हराया है।



**पंकज कुमार सिंह:** पंकज कुमार सिंह का जन्म छह नवंबर 1977 में हुआ। पंकज कुमार सिंह दक्षिण पश्चिम दिल्ली जिले के विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह दिवंगत राज मोहन सिंह के पुत्र हैं, जो दिल्ली नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त रहे थे। वह दांतों के डॉक्टर हैं। उन्होंने 1998 में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, बिहार में दंत चिकित्सा सर्जरी में स्नातक किया है। वह पार्षद भी रहे हैं। पंकज सिंह ने चुनाव में आआपा उम्मीदवार महेंद्र यादव को 12,876 वोटो के अंतर से हराया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार को सत्ता से बाहर करते हुए बहुमत के साथ आई है। भाजपा ने इन चुनावों में 48 सीटों पर जीत दर्ज की है और आआपा को 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा।

## कौन हैं रविंद्र इंद्रराज?, पहली बार दिल्ली सरकार में बने मंत्री, कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं



**रविंद्र** इंद्रराज सिंह ने बवाना विधानसभा सीट से बड़ी जीत हासिल की थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के जय भगवान उपकार को हराया था।
वह भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं। इसके अलावा दिल्ली में काफी लंबे समय से दलित समुदाय के लिए काम भी कर रहे हैं। इसके अलावा 50 वर्षीय इंद्रराज पेशे से एक व्यापारी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र रहे हैं। रेखा गुप्ता के साथ ही रविंद्र इंद्रराज सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

**रविंद्र इंद्रराज सिंह की संपत्ति**
मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और रविंद्र इंद्रराज सिंह ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र 50 साल बताई है। दूसरी तरफ दिल्ली सरकार की औसत उम्र 50 साल से कम है। नई कैबिनेट में 44 साल के कपिल मिश्रा सबसे युवा हैं। कपिल मिश्रा के साथ ही 47 के प्रवेश वर्मा और 48 के पंकज कुमार सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिनकी उम्र 50 साल से कम है। वहीं, कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उम्र 52 साल है। वहीं, जनकपुरी से जीते 58 साल के आशीष सूद कैबिनेट के सबसे उम्रदराज मंत्री हैं। कैबिनेट की औसत उम्र 49.85 साल है। रविंद्र इंद्राज सिंह का जन्म 1975 में हुआ। वह भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। उनके पिता इंद्राज सिंह भी नरेला सीट से विधायक रह चुके हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक हैं। इंद्राज ने बवाना सीट पर आआपा के उम्मीदवार जय भगवान उपकार को 31 हजार से अधिक वोटों से हराया।

## बीजेपी ने ने महिला को आगे कर पूरे देश को संदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा ने दिल्ली का चुनाव परिणाम आने के 10 दिनों के बाद जिस तरह एक महिला मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता को कमान देने का निर्णय लिया, उसने यह संकेत दे दिया है कि पार्टी इस ऐतिहासिक जीत को अभी से ठोस आधार देने में जुट गई है। जोश को ठंडा होने का पूरा वक्त दिया गया और फिर जाट, पंजाबी, वैश्य, पूर्वांचली के जाल को काटते हुए महिला को आगे कर पूरे देश को संदेश दिया गया। एक तरीके से पार्टी के अंदर भी नेताओं की प्रतिस्पर्धा को खत्म कर दिया गया। पिछले कुछ दिनों से जितनी चर्चा संभावित मुख्यमंत्री को लेकर हो रही थी, उतनी ही बहस इस बात पर भी थी कि आखिर इतनी देर क्यों? क्या पेच है?

**13 फरवरी की रात तक विदेश में थे पीएम मोदी**
सही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 फरवरी की रात तक विदेश में थे। लेकिन उसके बाद पांच दिनों की देर क्यों, यह सवाल था। आठ फरवरी को फैसला आया था और 10 दिन बाद 19 फरवरी को मुख्यमंत्री का फैसला हो गया। वस्तुत: 27 साल बाद दिल्ली में जो जीत मिली, उसके बाद पार्टी के कई नेताओं में एक अभिमान भी था। जीत का सेहरा बांधने और दावेदारी की होड़ भी शुरू हो गई थी। भाजपा नेतृत्व ने धीरे-धीरे नेताओं की इस खींचतान को शांत कर दिया। वैसे भी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। भाजपा के लिए बड़ा सवाल यह था कि जाति के पेच से कैसे निकलें?

# कैबिनेट में कम हुई यमुनापार की हिस्सेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** की सियासत में कुछ भी हो सकता है। 27 वर्षों में पहली बार दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल में यमुनापार की हिस्सेदारी कम हुई है। कुल 16 विधानसभा क्षेत्र में करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। कपिल मिश्रा ने पहली बार वर्ष 2015 में आम आदमी पार्टी (आप) से करावल नगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और भाजपा के कद्दावर नेता व चार बार के लगातर विधायक मोहन सिंह बिष्ट को हराया था। इसके बाद आप ने कपिल मिश्रा को पहली बार जीतते ही जल मंत्री बनाया था। बाद में कपिल बागी हो गए थे और आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी। बाद में भाजपा का दामन थाम लिया था।



**कैसे बढ़ी कपिल मिश्रा की लोकप्रियता?**
वर्ष 2020 में एनआरसी को लेकर यमुनापार में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे थे। तब कपिल मिश्रा ने खुलकर इसका विरोध किया था और एक हिंदूवादी नेता के रूप में उभरे और उनकी लोकप्रियता बढ़ गई। वर्ष 2025 में भाजपा ने उन्हें फिर से करावल नगर से उतारा और वह जीत गए। उनके अनुभव को देखते हुए इस बार फिर से उन्हें सरकार के मंत्रिमंडल में जगह मिली है।

**1993 की भाजपा सरकार में किसे मिली थी जगह?**
वर्ष 1993 में दिल्ली में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी। तब यमुनापार से घोंडा व कृष्णा नगर विधायक को मंत्री बनाया गया था। इसके बाद कांग्रेस राज में दो मंत्री व आप सरकार में तीन मंत्री यमुनापार से बनाए गए थे।
मौजूदा भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल में यमुनापार की हिस्सेदारी कम हुई है।
भाजपा ने 16 में से 11 सीट जीती है, लेकिन एक ही विधायक को मंत्रिमंडल में जगह मिल सकी है। कपिल मिश्रा ने भाजपा सरकार में मंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंन कहा कि पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी देगी वह उसे बखूबी निभाएंगे।

**बीजेपी की 27 बाद सत्ता में वापसी**
दिल्ली में रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। रेखा गुप्ता आतिशी की जगह लेंगी और राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी।

# कौन हैं रेखा गुप्ता के पति, कहां करते हैं काम?



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली को उसका नया मुख्यमंत्री मिल गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से रेखा गुप्ता को विधायक दल के नेता के रूप में चुना गया है, जिसका प्रस्ताव भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता, प्रवेश वर्मा और सतीश उपाध्याय ने रखा। रेखा गुप्ता के सीएम बनने के साथ ही दिल्ली को उसकी चौथी महिला मुख्यमंत्री मिल गई है। छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखने वाली रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गई हैं। रेखा गुप्ता के पति का नाम मनीष गुप्ता है। मनीष गुप्ता पेशे से स्पेयर पाट्र्स के कारोबारी हैं। उन्होंने राजनीति में हमेशा पत्नी का सहयोग किया। रेखा गुप्ता ने अपने चुनावी एफिडेविट में बताया है कि उनके पति बीमा के बिजनेस से जुड़े हैं और उनका निकुंज एंटरप्राइज नाम से कारोबार भी है। रेखा गुप्ता के चुनावी हलफनामे के अनुसार उनके पति मनीष गुप्ता के पास नकद के रूप में 157000 रुपये हैं। वहीं उन्होंने बॉन्ड्स, डिबेंचर्स, एनपीएस, एलआईसी पॉलिसी के रूप भी रुपये निवेश किए हैं।

**सीएम रेखा गुप्ता के दो बच्चे**
दिल्ली की होने वाली सीएम रेखा गुप्ता के दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी का नाम हर्षिता है तो छोटे बेटे का नाम निकुंज है। बेटी पिता की तरह व्यवसाय में अग्रसर है, जबकि बेटा निकुंज गुप्ता अभी पढ़ाई कर रहा है।

### रेखा गुप्ता हरियाणा के जींद जिले के जुलाना की बेटी हैं

- भिवानी जिले के बौंद कस्बे की बहू हैं
- रेखा गुप्ता के पति मनीष का परिवार बौंद का है
- रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता व्यवसायी हैं
- मनीष का परिवार लगभग 50 वर्ष से दिल्ली में रहता है
- इनका परिवार पहले खारी बावली में रहता था
- 30 सालों से शालीमार बाग में एपी ब्लॉक में रह रहा है
- रेखा और मनीष की शादी 1998 में दिल्ली में ही हुई थी
- मनीष के दादा 50 साल पहले बौंद से व्यवसाय के लिए दिल्ली आए
- पारिवारिक कार्यक्रमों में बौंद में आना-जाना होता है
- देवसरधाम (भिवानी) पर पूजा-अर्चना के लिए सपरिवार जाते हैं
- बड़ी बेटी हर्षिता आस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रही हैं
- रेखा के पिता जयभगवान जींद के जुलाना के रहने वाले थे
- बैंक में कर्मचारी थे, 1972-73 में दिल्ली में नौकरी हुई तो यहीं शिफ्ट हो गए
- रेखा गुप्ता की शुरूआती पढ़ाई त्रिनगर से हुई और कॉलेज दौलतराम से
- रेखा गुप्ता ने आगे चलकर एलएलबी किया और वह पेशे से वकील हैं
- रेखा गुप्ता का परिवार पीतमपुरा में ही रहता है
- उनके परिवार में इस वक्त मां भाई और भाभी हैं

### रेखा गुप्ता का जीवन संक्षेप में

- 1994-95 में दौलत राम कॉलेज की सेक्रेटरी बनीं
- 1995-96 में डूसू की सेक्रेटरी बनीं
- 1996-97 में डूसू की अध्यक्ष बनीं
- 2003-04 में भाजयुमो दिल्ली की सेक्रेटरी बनीं
- 2004-06 में भाजयुमो की राष्ट्रीय सचिव बनीं
- 2007 में उत्तरी पीतमपुरा में पार्षद बनीं
- भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव बनीं
- 2025 में शालीमार बाग से विधायक बनीं और अब मुख्यमंत्री

# दिलों पर छा गईं रेखा गुप्ता, बढ़ते फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोशल मीडिया के ज्यादातर प्लेटफार्म पर ट्रेंड करने लगीं। पहले तीन घंटे में सोशल मीडिया पर उनके 43 हजार से अधिक फॉलोअर्स की संख्या बढ़ गई। बता दें कि अब एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 80 हजार और फेसबुक पर 78 हजार से अधिक हो गई थी। इससे पहले चुनाव परिणाम आने के बाद सोशल मीडिया पर दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर लगाए जा रहे कयासों में भी रेखा गुप्ता चर्चा में रहीं, इस मामले में भी भाजपा के प्रवेश वर्मा उनसे पीछे थे। प्रवेश वर्मा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर चर्चाओं में आ गए थे।




**रेखा गुप्ता को लेकर 2,300 पोस्ट किए गए**
दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनने को लेकर कयास लगाए जाने लगे थे। एनालिटिक्स फर्म टूल टाकवाकर के अनुसार, दिल्ली के परिणाम आने के बाद पहले सात दिनों में दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री के तौर पर एक्स पर रेखा गुप्ता को लेकर 2,300 पोस्ट किए गए, जबकि इसी अवधि में प्रवेश वर्मा को लेकर की गई पोस्ट की संख्या 1,600 ही रही थी।

**सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं रेखा गुप्ता**
इस दौरान एक्स पर रेखा गुप्ता ने 632 और इंस्टाग्राम पर 975 नए फॉलोअर्स भी जोड़े। फेसबुक पर रेखा गुप्ता के 78 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं, जबकि वह केवल 265 लोगों को फॉलो करती हैं। इंस्टाग्राम पर पर उनके 12 हजार से अधिक फालोअर्स हैं। वह खुद भी सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं।

### सबको पछाड़ा

- रेखा को लेकर 2,300 पोस्ट किए गए, इसी अवधि में प्रवेश को लेकर की गई पोस्ट की संख्या 1,600 ही रही

**रेखा गुप्ता ने दिग्गजों को भी पछाड़ा**
आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा का चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा को गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया पर, 15 फरवरी की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश यात्रा से लौटने के बाद से ही गूगल पर दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री के तौर पर सर्च किए जाने के मामले में रेखा गुप्ता से पिछड़ने लगे। सोमवार और मंगलवार को गूगल पर रेखा गुप्ता को सबसे ज्यादा सर्च किया। बुधवार सुबह से रेखा गुप्ता को लेकर गूगल पर सर्च करने वालों की संख्या अधिक हो गई और मुख्यमंत्री के भावी दावेदारों को लेकर सर्च करने वालों की संख्या कम होने लगी।

# नीतिगत सुधारों की आवश्यकताः सीएम

## वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाएः नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए, आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे। मुख्यमंत्री बुधवार देर शाम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को



सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए। इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथ, हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है। इसके अतिरिक्त, भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने

**सराहना**

**▶▶ देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना की**

के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बेस्ड होना चाहिए। एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया।

हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी. सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा, श्रम विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हरियाणा की तर्ज पर पर्यटन कला और संस्कृति में गोवा का भी अहम योगदान : ग्रेविन

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में गोवा के पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को गोवा-डे मनाया गया। मुख्य चौपाल पर गोवा के कलाकारों ने लैंप डांस की सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। गोवा पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने गोवा की कला एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत के मार्गदर्शन और पर्यटन और आईटी मंत्री रोहन खाउंटे के गतिशील नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नए कार्यक्रम शुरू किए हैं। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत के बलबूते दुनिया में अपनी पहचान कायम किए है ठीक उसी अनुरूप

**मन मोहा**

**▶▶ मुख्य चौपाल पर गोवा के कलाकारों ने लैंप डांस की सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया**

गोवा भी पर्यटन, कला और संस्कृति के साथ अपना प्रभुत्व कायम किए है। उन्होंने कहा कि गोवा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ के साथ समुदाय-केंद्रित पर्यटन प्रथाओं का प्रतीक है। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने और इसके पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के प्रयास किए जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आने वाली पीढ़ियां इसके पवित्र आकर्षण का अनुभव करना जारी रख सकें। महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने कहा कि विदेशी और घरेलू पर्यटकों के बीच जहां आज सूरजकुंड का यह भव्य मेला दुनिया के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना है वहीं गोवा की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक और क्रांतिकारी पहल, सरकार ने एकादश तीर्थ या परिवर्तन के ग्यारह स्थान शुरू किए हैं, जो गोवा में परिवर्तनकारी आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने वाले पूजा स्थलों को दर्शाते हैं। उन्होंने गोवा डे के उपलक्ष्य में गोवा वासियों सहित पूरे देश को शुभकामनाएं देते हुए गोवा का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डा.अरविंद कुमार शर्मा, पर्यटन निगम की प्रधान सचिव एवं मेला प्राधिकरण की वाइस चेयरपर्सन कला रामचंद्रन व निगम के प्रबंध निदेशक डा. सुनील कुमार और उनकी टीम को सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में गोवा पर्यटन को दिए गए सभी सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक 24 कोः धनपत सिंह

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त श्री धनपत सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत 24 फरवरी सोमवार को 12 बजे निर्वाचन सदन पंचकूला में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना, चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी।

### अनुराग रस्तोगी ने हरियाणा के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के नए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे सामान्य प्रशासन, मानव संसाधन, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, संसदीय मामले तथा सतर्कता विभाग के मुख्य सचिव के साथ-साथ प्लान कॉर्डिनेशन के प्रभारी सचिव का काम भी देखेंगे। साथ ही, रस्तोगी को उनके वर्तमान कार्यभार के अलावा वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी सौंपा गया है।

### खेल नर्सरियों को और ज्यादा सशक्त बनाया जाएगाः गौरव गौतम

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाऊस बन चुका है। हमारे खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कामनवेल्थ खेलों में और अधिक पदक जीते इसलिए खिलाड़ियों को और ज्यादा खेल सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। खेल नर्सरियों और ज्यादा प्रभावी व सशक्त बनाया जाएगा। इसी कड़ी में खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों की बायोमैट्रिक से हाजिरी होगी और हाजिरी पूरी होने पर ही उन्हें खुराक भत्ता दिया जाएगा। इससे पारदर्शिता रहेगी और ग्रांट का भी सही ढंग से योग्य खिलाड़ियों तक लाभ पहुंचेगा। फिलहाल पंचकूला के ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम की नर्सरी के खिलाड़ियों की बायोमैट्रिक से हाजिरी शुरू करवाई जाएगी और इसमें सफलता मिलने पर प्रदेश के अन्य स्टेडियमों व खेल नर्सरी वाले स्कूलों में बायोमैट्रिक से खिलाड़ियों की हाजिरी शुरू की जाएगी। वे आज यहां सिविल सचिवालय में खेल विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों का इंश्योरेंस करवाया जाएगा, ताकि चोटिल होने पर वे ठीक से अपना इलाज करवा सकें और निरंतर अभ्यास कर प्रदेश के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत सकें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर के स्टेडियमों व ब्लाक स्तर पर बनाए गए राजीव गांधी खेल स्टेडियमों को चकाचक बनाया जाएगा। खेल के मैदानों को दुरुस्त किया जाएगा और भवनों की मरम्मत का कार्य सुचारू रूप से करवाया जाएगा। इसके लिए खेल विभाग की इंजीनियरिंग विंग को मजबूत किया जाएगा। एसडीओ व जेई की भर्ती करवाई जाएगी, ताकि स्टेडियमों में बनने वाले मल्टीपर्पज हॉल व अन्य भवनों के निर्माण में देरी न आए। उन्होंने कहा कि जल्द ही सोनीपत में कुश्ती और पानीपत में बाक्सिंग की एक्सीलेंसी शुरू की जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों के रहने के लिए हॉस्टल की व्यवस्था रहेगी। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में सहूलियत रहेगी। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट का बढ़ावा देने के लिए यमुनानगर में बंद किए गए बहादुर मार्शल आर्ट स्कूल का निर्माण करवाया जाएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने निर्देश दिए कि खेल डायरेक्टर व डिप्टी डायरेक्टर जिलों में जाकर खेल स्टेडियमों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करें और उसी के हिसाब से वहां पर खेलों के उपकरण व अन्य संसाधनों की व्यवस्था करवाएं। इसके अलावा खिलाड़ियों का अभ्यास करवाने में लापरवाही बरतने वाले खेल प्रशिक्षकों की भी सूची तैयार की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरी तैयारी करके वार्षिक खेल कैलेंडर बनाया जाए। जिस भी जिले में खेलों का आयोजन किया जाना है वहां पर एक महीने पहले से तैयारी शुरू कर दी जाए, ताकि प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले खिलाड़ियों को असुविधा न हो। बैठक में जानकारी दी गई कि 3 से 5 मार्च को पंचकूला में राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 1000 से 1500 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।

# आलू उत्पादक किसानों को मिलेगा भावांतर भरपाई योजना का लाभ

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आलू उत्पादक किसानों को भावांतर भरपाई योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। सरकार का यह कदम दर्शाता है कि राज्य सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उनकी हर संभव सहायता करेगी। कृषि और किसान कल्याण सरकार की नीतियों के केंद्र में हैं। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को पिछले वर्ष 2023-24 की बकाया राशि 46.34 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। किसानों को सलाह दी जाती है कि आलू का भाव कम होने की स्थिति में फसल को कोल्ड स्टोर में रखा जा सकता है। भावांतर भरपाई योजना में 24,385 किसानों को दी गई 110 करोड़ रुपये से ज्यादा की सहायता राशि उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के किसानों को जोखिम मुक्त करने के लिए अपनी तरह की अनूठी योजना भावांतर भरपाई की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य मंडियों में बिक्री मूल्य में गिरावट आने के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाना है।

# 24 को निकाय चुनाव को लेकर संकल्प पत्र जारी करेगी भाजपा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र लगभग तैयार कर लिया है और यह संकल्प पत्र भाजपा 24 फरवरी को जारी कर देगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के अनुसार संकल्प पत्र को मुख्यमंत्री नायब सैनी रोहतक के भाजपा कार्यालय मंगल कमल से जारी करेंगे। गुरुवार को गुरुग्राम के भाजपा कार्यालय गुरुकमल में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, विजयपाल एडवोकेट की उपस्थिति में भाजपा के नेताओं ने संकल्प पत्र तैयार करने को लेकर घंटों मंथन किया।



इस बैठक में शहर और वार्डों के मुद्दों पर चर्चा हुई और इसे अगले एक दो दिनों में ही तैयार कर लेने का निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के अनुसार 24 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी निकाय संकल्प पत्र जारी कर देगी। संकल्प पत्र को लेकर 3 बजे ही प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, संकल्प पत्र समिति के संयोजक विपुल गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, एडवोकेट वेदपाल, एडवोकेट विजय पाल सहित तमाम नेता गुरुकमल कार्यालय में पहुंच गए थे। जैसे ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बैठक में पहुंचे वैसे ही मीटिंग में संकल्प पत्र पर विस्तृत चर्चा शुरू हुई। सभी नेताओं ने लोगों और कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए सुझावों पर भी गहनता से विचार किया और अहम मुद्दे प्वांइट आउट किए गए। इसके बाद एक-एक मुद्दे पर चर्चा हुई। संकल्प पत्र जारी करने को लेकर बैठक में निर्णय ले लिया गया।

**तैयारी**

**▶▶ मुख्यमंत्री रोहतक से जारी करेंगे संकल्प पत्र, संकल्प पत्र को लेकर हुई बैठक में लिया गया फैसला**

# विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग में हरियाणा प्रथम

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** विद्युत एवं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा "चिंतन शिविर 2025" का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के राज्यों के साथ हुई बैठक में "भारतीय विद्युत क्षेत्रः विश्वसनीयता, सामर्थ्य और स्थिरता के लिए चुनौतियाँ और परिवर्तनकारी सुधार" विषय पर केंद्रित रहा। इस शिविर में डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग जारी की गई, जिसमें हरियाणा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। हरियाणा की दोनों

**सुधार**

**▶▶ विश्वसनीयता, सामर्थ्य और स्थिरता के लिए चुनौतियाँ और परिवर्तनकारी सुधार" विषय पर केंद्रित रहा**

बिजली वितरण निगम उत्तर हरियाणा को और दक्षिण हरियाणा को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। हरियाणा सरकार के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने डिस्कॉम की एकीकृत रेटिंग को जारी किया। उन्होंने इसका शुभारंभ करते हुए डिस्कॉम की उपभोक्ता सेवा रेटिंग, वितरण उपयोगिता रैंकिंग और स्मार्ट मीटर के लिए प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। इसमें एजेंडा के अनुसार हरियाणा में बिजली क्षेत्र की वित्तीय व्यवहार्यता, आरडीएसएस, आरई खपत को सराहा गया। पूर्वानुमान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लोड आवश्यकताओं की योजना बनाने तथा ग्राम नवीकरणीय उपभोग दायित्व की योजनाओं की भी सराहना की गई।

# प्रदेश सरकार ग्रामीण चौकीदारों की भलाई के लिए है प्रयासरतः कुमार

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण चौकीदारों की भलाई के लिए प्रयासरत है। चौकीदारों का वेतन 7000 से बढ़ाकर 11 हजार रुपये किया गया है। जल्द ही चौकीदारों के आईकार्ड बनवाए जाएंगे, ताकि उन्हें कार्य करते हुए कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# नौकरियों में अन्य राज्य के लोगों को भर्ती कर रही है बीजेपीः हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी हरियाणा की नौकरियां अन्य राज्य के लोगों को बांट रही है। जबकि हरियाणा बेरोजगारी के मामले में देश का नंबर वन राज्य बना हुआ है। नौकरियों की सबसे ज्यादा जरूरत हरियाणवी युवाओं को है। हुड्डा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में एच पी एस ई से हुई असिस्टेंट इंजीनियर्स की भर्ती पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग में 100 लोगों की भर्ती हुई। लेकिन हैरानी की बात है कि सामान्य वर्ग के 42 पदों पर अन्य राज्यों के 28 लोगों को भर्ती कर लिया गया।और कुछ दिन पहले आयुर्वेदिक मेडिकल अफसर में भी आधी से ज्यादा भर्ती हरियाणा के युवाओं की भर्ती ना करके बाहरियों को तरजीह दी गयी। हुड्डा ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले बिजली विभाग की एसडीओ भर्ती से लेकर लेक्चरर तक कई भर्तियों में यही खेल हो चुका है। एक तरफ जहां तमाम राज्य और खासकर भाजपा शासित राज्य अपनी नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकताएं देने के लिए लगातार अलग-अलग नियम बना रहे हैं। उनके द्वारा भर्ती पेपरों में स्थानीय भाषा की अनिवार्यता से लेकर राज्य के सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को बढ़ावा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ हरियाणा सरकार

**आरोप**

**▶▶ इक्का-दुक्का भर्ती का रिजल्ट जारी होता है तो उसमें हरियाणवियों से ज्यादा अन्य राज्य के लोग होते हैं**

लगातार नियमों में इस तरह ढलाई कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा अन्य राज्य के लोगों को नौकरियां मिल सकें। इसके लिए प्रदेश के भर्ती पेपर से प्रदेश के सामान्य ज्ञान को लगभग खत्म कर दिया गया है। डोमिसाइल के नियमों में भी ढिलाई देते हुए 15 साल की शर्त को घटाकर 5 साल कर दिया गया यानि अब कोई भी व्यक्ति बड़ी आसानी से हरियाणा का डोमिसाइल हासिल कर सकता है। साथ ही वो ना सिर्फ सामान्य वर्ग बल्कि आरक्षित श्रेणी की नौकरियों में भी नौकरियां भी हासिल कर सकता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके तीसरी बार सत्ता में आई है। लेकिन अभी तक 2 लाख भर्तियों की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। यहां तक कि सरकार सीईटी तक नहीं करवा पा रही। इस बीच पहले से लटकी पड़ी इक्का-दुक्का भर्ती का रिजल्ट जारी होता है तो उसमें हरियाणवियों से ज्यादा अन्य राज्य के लोग होते हैं।

# बेहतरीन प्रबंधन के बूते पर सूरजकुण्ड मेले में पहुंचे रिकार्ड पर्यटक

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** दुनिया के सबसे बड़े शिल्प मेले में पर्यटन विभाग के बेहतरीन प्रबंधन और तकनीक के इस्तेमाल के चलते पर्यटकों के आगमन का रिकार्ड टूट गया है। 37वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में आए 13 लाख पर्यटकों के मुकाबले 38वें संस्करण में 14वें दिन तक 13 लाख 91 हजार पर्यटक पहुंच चुके हैं और अगले तीन दिन के सप्ताहांत के चलते इसमें बड़ी संख्या का इजाफा होने की पूरी संभावना है। आज यहां जानकारी देते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि 38वां



सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला कई मायनों में खास होने जा रहा है। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि गत वर्ष मेले में 13 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ था जबकि इस साल मेले में वीरवार शाम तक 13 लाख 91 हजार पर्यटक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार, शनिवार और रविवार के चलते इस आंकड़े में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी जोकि अपने आप में एक नया रिकार्ड होगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा इस मेले को विस्तार देने पर जोर दिया गया था, उसे वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ाया जा रहा है।

मेले के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को मजबूती प्रदान करते हुए बिम्सटेक भागीदार देशों के साथ-साथ 44 देशों की सांस्कृतिक समृद्धता और कला से जुड़ने का पर्यटकों को अवसर मिल रहा है। मेले में हर शाम होने वाली सांस्कृतिक संध्या में 44 देशों के 635 कलाकारों की अलग-अलग शेड्यूल में प्रस्तुति कराने की व्यवस्था की गई है ताकि यहां आने वाले पर्यटक अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठा सकें।


# मासिक रैंकिंग में 10वीं बार प्रथम स्थान पर रही हरियाणा पुलिस

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) की मासिक रैंकिंग में हरियाणा पुलिस ने वर्ष-2024 में 10वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सीसीटीएनएस की पूरी टीम को बधाई दी है। राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो(एससीआरबी) के निदेशक शिवास कविराज ने बताया कि सीसीटीएनएस को विकसित करने का उद्देश्य अपराध की जांच और अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक व्यापक और एकीकृत प्रणाली विकसित करना है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के अगस्त-2023 में पदभार संभालने उपरांत एससीआरबी ने तकनीकी कार्यक्षमता बढ़ाने व कार्यप्रणाली को बेहतर करने हेतु कई सकारात्मक बदलाव किए गए जिसके परिणामस्वरूप पिछले 17 महीनों में 15 बार एनसीआरबी की मासिक रैंकिंग में हरियाणा पुलिस प्रथम स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की जा रही इस मासिक रैंकिंग में विभिन्न मापदंडों पर प्रदेश पुलिस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हरियाणा पुलिस ने अगस्त व सितंबर-2024 में 99.99 प्रतिशत स्कोर के साथ देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त किया था जबकि अन्य माह में हरियाणा पुलिस ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वर्तमान में सीसीटीएनएस के माध्यम से प्रदेश पुलिस द्वारा प्राथमिकी पंजीकरण, गैर संज्ञेय रिपोर्ट, मेडिको लीगल केस, गुमशुदा व्यक्ति, खोई हुई संपत्ति, लापता मवेशी, विदेशी पंजीकरण, सी-फार्म, लावारिस/परित्यक्त संपत्ति, अज्ञात/पाया व्यक्ति, निवारक कार्यवाही, पर्यवेक्षण रिपोर्ट/प्रगति का पंजीकरण, अज्ञात मृत शरीर/अस्वाभाविक मृत्यु पंजीकरण, अनुसंधान संबंधी कार्य, शिकायतों के पंजीकरण, डेटाबैंक सेवाएं आदि कार्य किए जा रहे हैं।

# हरियाणा की बेटी को दिल्ली में सीएम के पद के ताज से नवाजा गया जो खुशी की बातः विज

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि "हरियाणा की बेटी को दिल्ली में मुख्यमंत्री के पद के ताज से नवाजा गया है"। उन्होंने कहा कि "हरियाणा की बेटी को दिल्ली में मुख्यमंत्री बनाया गया इसलिए हरियाणावासी भी खुश हैं। इससे पहले भी हरियाणा की बेटी सुषमा स्वराज जी भी दिल्ली की मुख्यमंत्री रही है इसके लिए मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी को मुबारकबाद देता हूं"। विज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

**दिल्ली में पिछले 27 सालों से विपक्ष की सरकारों के रहने के कारण विकास कार्यों को ग्रहण लगा हुआ था जो कि अब खत्म हो गया है- विज**



विज ने कहा कि "दिल्ली में पिछले 27 सालों से विपक्ष की सरकारों के रहने के कारण विकास कार्यों को ग्रहण लगा हुआ था जो कि अब खत्म हो गया है"। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और दिल्ली में अब तीव्र गति से विकास का पहिया घूमेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की मुख्यमंत्री और कैबिनेट साथियों के माध्यम से दिल्ली को विकास में अव्वल बनाने का काम किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग पूरे देश में आज भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बन चुकी है"- विज**

दिल्ली के विकास को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में विज ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मोदी की नीतियों और विकास के कार्यों के कारण लगभग पूरे देश में आज भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बन चुकी है"। उन्होंने उमंग भरे स्वरों में कहा कि "यदि देश का नक्शा भी देखा जाए तो लगभग सारा देश भगवा नजर आता है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में समस्त देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें बनेगी"।

**नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका के चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिलने जा रही है - विज**

हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर पहले ही कुछ लोग रोना शुरू कर देते हैं और वही आदत कांग्रेस की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका के चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिलने जा रही है यह कांग्रेस को पता भी है इसीलिए कांग्रेस वाले इसकी भूमिका पहले ही बना रहे हैं। अमेरिका से डिपोर्ट हुए भारतीयों को लेकर पंजाब सरकार द्वारा लोगों को मानसिक रूप से उभारने के लिए किए जाने वाले अभियान को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है क्योंकि डिपोर्ट हुए लोगों को कष्ट हुआ है क्योंकि वह भारतीय ही है और यह भारतीयों के सुख दुख में करना अच्छी बात है।

## न्यूज फ्लैश

### एयरपोर्ट यात्रियों को लूटने वाले पांच शातिर लुटेरे काबू



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** सीआईए-वन की टीम ने एयरपोर्ट यात्रियों को लूटने वाले पांच शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरे एयरपोर्ट से आने वाली टैक्सियों को निशाना बनाकर यात्रियों से लूटपाट करते थे। ये आरोपी महंगे शौक और नशे की लत पूरी करने के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके पास से तीन हथियार, दो जिंदा कारतूस, नकदी और लूटे गए मोबाइल और लूट में यूज की कार को बरामद किया है। उल्लेखनीय है कि कुरूक्षेत्र का एक व्यक्ति दिल्ली से टेक्सी में अपने घर की तरफ जा रहा था। 27-28 दिसंबर की आधी रात को इन लुटेरों ने बसताड़ा टोल प्लाजा के पास एक टैक्सी को घेरकर लूट की वारदात की थी। टैक्सी में चार यात्री सवार थे, जो एयरपोर्ट से आ रहे थे। आरोपियों ने पहले अपनी कार टैक्सी के आगे लगाई और फिर हथियार दिखाकर यात्रियों से सोने की चेन, नकदी और तीन मोबाइल लूट लिए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एयरपोर्ट से आने वाले लोगों को ही टारगेट करते थे। जब कोई यात्री किसी ढाबे पर रुकता तो ये लोग वहां उनकी गतिविधियों पर नजर रखते और फिर उनका पीछा कर सुनसान जगह पर लूटपाट कर फरार हो जाते थे। सीआईए-वन के इंचार्ज अनिल मलिक ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ये लुटेरे बसताड़ा टोल प्लाजा के पास मौजूद हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से तीन हथियार, दो जिंदा कारतूस और कुछ नकदी भी बरामद की गई। पूछताछ में सामने आया कि इन आरोपियों ने पहली बार लूट की वारदात को अंजाम दिया था और इसका मकसद सिर्फ नशे के लिए पैसों का इंतजाम करना था। पुलिस ने इन सभी को चार दिन के रिमांड पर लिया था, जहां से पूछताछ के दौरान असला और लूट का सामान बरामद हुआ। रिमांड खत्म होने के बाद सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### कंटेनर से शराब बरामद, गाड़ी छोडकर भागा चालक

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान बंदबॉडी कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। कंटेनर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम एचसी मनदीप के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान भूना रोड फ्लाइओवर के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटनेर में भारी मात्रा में शराब भरी हुई है और वह सिरसा से हिसार की तरफ जाने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने हिसार-सिरसा बाईपास पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर में पुलिस को सिरसा की तरफ से एक बंद बॉडी कंटनेर आते दिखाई दिया। आगे पुलिस की नाकाबंदी को देखकर चालक ने कंटेनर को कुछ ही दूरी पर रोक लिया और कंटेनर वहीं छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एक्साइज इंस्पेक्टर सुरेन्द्र कुमार की मौजूदगी में जब कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें से अलग-अलग ब्रांड की 635 बोतल अंग्रेजी शराब व 5568 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। इस पर पुलिस ने कंटेनर व शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई तेजपाल का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द काबू कर लिया जाएगा।

### फतेहाबाद में जन स्वास्थ्य विभाग ने काटे अवैध कनेक्शन

**फतेहाबाद।** जिले में अवैध कनेक्शन को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग एक्शन मोड में आ गया है। इसको लेकर गुरुवार को जिले के शहर रतिया की टिब्बा कॉलोनी व ग्राम पंचायत खुम्बर में खाली प्लाटों में सब्जी बिजाई के लिए लगाए गए अवैध कनेक्शन को विभाग की टीमों ने विशेष अभियान चलाते हुए काट दिया।

# सीनियर आईएएस अधिकारी पहुंचे जगबीर मलिक के आवास पर, वर-वधू को दिया आशीर्वाद

– विवाह समारोह में दिल्ली व हरियाणा के कई विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी की थी शिरकत

सोनीपत/रिंकू
**कृषि** विभाग पंजाब में अतिरिक्त मुख्य सचिव अजीत बालाजी जोशी बृहस्पतिवार को सेक्टर-23 में स्थित पूर्व एईओ. जगबीर मलिक के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मलिक परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। वे जगबीर मलिक की भतीजी डा.सुमेधा के विवाह समारोह के बाद वर वधू को आशीर्वाद देने उनके निवास स्थान पर पहुंचे थे । उन्होंने वर-वधु सागर गुलिया व डा.सुमेधा को आशीर्वाद दिया और ईश्वर से उनके सुखी और सफल वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना की। उनके आगमन पर मलिक परिवार के सदस्यों ने उनका हृदय से अभिनंदन किया। इस दौरान जगबीर मलिक के पिता व पूर्व जिला पार्षद वेद प्रकाश मलिक व भाई सतबीर मलिक, जगदीश मलिक समेत परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने अजीत बालाजी जोशी का



स्वागत किया और उनके साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उनकी इस आत्मीय मुलाकात से मलिक परिवार और क्षेत्र के लोगों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर वासी व खास तौर पर शिक्षा व खेल विभाग से जुड़े अधिकारी व शिक्षक गण व समाज सेवी भी मौजूद रहे ।
दरअसल अजीत बालाजी जोशी सोनीपत में उपायुक्त के रूप में अपनी अनोखी कार्यशैली की वजह से भी काफी लोकप्रिय रहे हैं । उनके आने की सुचना से ही भारी संख्या में लोग उनकी आगवानी के लिए पहुंचे और उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। पिछले दिनों आयोजित विवाह समारोह में स्वामी दयानन्द सरस्वती, दिल्ली से विधायक कुलवंत राणा, विधायक राजकुमार भाटिया, विधायक दीपक चौधरी, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री केपी मलिक, सोनीपत के विधायक निखिल मदान, विधायक कृष्णा गहलावत, मेयर प्रत्याशी

**प्रार्थना**

⏩ वर-वधु सागर गुलिया व डा.सुमेधा को आशीर्वाद दिया और सफल वैवाहिक जीवन के लिए प्रार्थना की

राजीव जैन, देवेंद्र कौशिक, शशिकांत कौशिक, जसबीर दोदवा, महाबली सतपाल पहलवान, सरकार के खुफिया एवं पीएमएमसी विभाग में स्पेशल कमिश्नर के पद पर कार्यरत आईपीएस अधिकारी सागरप्रीत हुड्डा, आयुक्त अनीता यादव, डीसी डा. मनोज यादव, नीलम कृष्ण पहलवान, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा, ओलंपियन कुलदीप मलिक सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर वर वधू को अपना आशीर्वाद दिया ।

# छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक




टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** माता सुंदरी खालसा गर्ल कॉलेज, निसिंग के प्रांगण में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया, जिसमें कुलबीर मालिक, सचिव और डा. चरणजीत कौर द्वारा छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।
उन्होंने बताया कि कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है और जिससे हमें शारीरिक, मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही है। नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नारकोटिक्स विभाग की टीम की कार्यवाही कर रही है, लेकिन जब तक हमारा युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा, तब तक हम इस नशे को जड़ से खत्म नहीं कर सकते। आज इस परिसर से हम सब शपथ लें कि ना नशा करेंगे ना नशा करने देंगे। रेडक्रास सोसायटी द्वारा बच्चों को मुफ्त स्टेशनरी भी मुहिया करवाई गई। इसी कड़ी में यूथ रेडक्रॉस, माता सुंदरी खालसा कालेज ने एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया, जिसमें कालेज स्टाफ और हमारी बेटियों ने बढ़-चढकर रक्तदान किया।

### जमानत पर छूट व्यक्ति पहुंचा पीड़िता के घर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** कस्बा घरौंडा की एक महिला ने जमानत पर आए आरोपी पर केस वापिस लेने का दबाव बनाने व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोपी पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है और यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी महिला के घर में घुस गया और केस वापिस लेने का दबाव बनाते हुए धमकाने लगा। महिला ने पुलिस बुलाई तो वह मौके से भाग गया। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 18 जून 2024 को महिला थाना में आरोपी शिव कुमार के खिलाफ पोक्सो एक्ट

# कथा श्रवण करने के बजाय कथा गायन जरूरी है: विजय

टीम एक्शन इंडिया
समालखा (कुलदीप सिंह )
**श्रीश्याम** फाल्गुनोत्सव मे श्रीराम कथा करते हुए आचार्य विजय कौशल महाराज ने बताया कि रामचरित मानस मे सिर्फ 27 चौपाई ही ऐसी है जिसमे श्रीराम का नाम नही है बाकि सम्पूर्ण मानस राम नाम से भरी पडी है ।उन्होने कहा कि कथा श्रवण करने के साथ साथ गायन जरूरी है। क्योकि कथा तो एक कान से सुनकर दूसरे से निकल जाती है ।जबकि गायन से भजन हो जाता है। तुलसीदास जी ने कहा है कि कलियुग केवल नाम अधारा सुमिर सुमिर उतरे भव पारा। इसलिए केवल श्रोता न बने कथा का सहयोग करे। ब्यास पीठ पर विराजमान



आचार्य विजय कौशल महाराज ने छठे दिन श्रीराम कथा करते हुए माता शबरी के प्रसंग से शुरू की ओर राम सुग्रीव मिलन, बाली वध से लेकर माता सीता की खोज मे हनुमान को लंका जाने तक की कथा सुनाई। आचार्य विजय कौशल महाराज ने गुरू की महिमा बताते हुए कहा कि जिन घरो मे भगवत चर्चा होती है ओर जो गुरू की वाणी पर भरोसा करते है भगवान उन्ही घरो के दरवाजे खटखटाते है। राम भक्त हनुमान का लंका जाने का वृतांत सुनाते हुए आचार्य विजय कौशल महाराज ने बताया कि लंकापति रावण प्रतिदिन हवन यज्ञ व नितरोज रूद्राभिषेक करता था। हनुमान जी रावण से मिलने दिन मे जाते तो रावण महात्मा दिखाई देते इसलिए हनुमान जी रात के समय रावण से मिलने गए ताकि उसका असली चेहरा दिखाई दे। कथा मे छठे दिन यजमान नन्द किशोर सिंघल पवन सिंघल निरज सिघल जगदीश सिघल ललीता नन्द महाराज जी हरिद्वार वाले शाम बरेजा यजमान रहे। इस मौके पर प्रदीप बसल राकेश बंसल सत्यवीर गुप्ता राजेश गोयल मोहित गोयल नवीन बसल पकज विपीन नितीनअन्जू बंसल विमल बसल निलम गर्ग सन्तोष सिघल उषा बंसल सुमन गर्ग संगीता गोयल नायरा बंसल आदि ने कथा का आन्नद लिया।

### अज्ञात चोरों ने खाली घर को बनाया निशाना

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिले में एक घर से 2.50 लाख की नकदी और गहने चोरी हो गए। घटना रांवर रोड स्थित विकास कॉलोनी की। चोरी के वक्त पीड़ित अपने परिवार के साथ 14 फरवरी से किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। जब वह 19 फरवरी को घर लौटा तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से लाखों रुपए के गहने और नकदी गायब थी।
पीड़ित अरुण के अनुसार चोरी हुए सामान में उसकी पत्नी का मंगलसूत्र, अंगूठी, कड़ा, बालियां, पैरों के चांदी के आभूषण और बेटे का सोने का कड़ा शामिल है। इसके अलावा घर से 60 से 70 हजार रुपए नकद भी गायब हैं। अरूण व अन्य का कहना है कि इलाके में चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त कम होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। लोगों ने पुलिस से मांग की है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए और गश्त बढ़ाई जाए। घटना की जानकारी मिलते ही अरुण ने सेक्टर 32-33 थाना करनाल में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी, जिससे चोरों की पहचान करने में मदद मिल सके।

# जन औषधि केन्द्र में घुसे बदमाश, पिस्तौल दिखाकर हजारों रुपये लूटे

टीम एक्शन इंडिया
**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में दो बदमाशों द्वारा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में घुसकर हजारों की नकदी लूटने का मामला सामने आया है। दो युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और उन्होंने दुकानदार को पिस्तौल दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। इस बारे में सूचना मिलते ही थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। लूटपाट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल ने बताया कि उसकी रेलवे रोड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के नाम से दुकान है। गत दिवस शाम को वह दुकान पर बैठा था तो उसी दौरान 3 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के बहाने आए। इनमें से दो युवक दुकान के अंदर घुस गए जबकि एक युवक दुकान के बाहर मोटरसाइकिल पर बैठा रहा। दुकान में घुसे दोनों युवकों के मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। दुकान में घुसते ही एक युवक ने उसे पिस्तौल दिखाई और दुकान के गल्ले की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जितने भी रुपये हैं।

# सीजेएम ने कर्मचारियों को उनके अधिकारों से कराया अवगत

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ल्ड डे आफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष में रेडक्रास सोसायटी में वर्कर्स के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. इरम हसन का



रेडक्रॉस सोसाइटी में पहुंचने पर सचिव कुलबीर मलिक ने स्वागत किया। सीजेएम ने उपस्थित वर्क्स से बातचीत की और उन्हें उनके अधिकारों से अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित वर्कर्स को कैम्पेन सखी, कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबंधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने बारे प्रेरित किया।

# चुनावों को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिला में नगर निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। चुनाव के लिए जरूरी विभिन्न प्रकार के प्रबंधों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके लिए कमेटियां भी गठित कर दी गई है तथा कार्यो का विभाजन करते हुए नोडल अधिकारियों की भी तैनाती की गई है। गुरुवार को स्थानीय पंडित चिरंजी लाल



राजकीय महाविद्यालय में चुनाव से संबंधित सभी प्रकार के प्रबंधों को समय रहते पूरा करने के दृष्टिगत अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।
एआरओ एवं सीओ जिला परिषद गौरव कुमार ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले सभी प्रकार के प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाए तो बड़े से बड़े कार्य को दक्षता के साथ संपन्न किया जा सकता है और इसमें मेहनत भी कम लगती है। चुनाव भी हम सबके लिए इसी प्रकार का कार्य है जिसमें प्रबंधन की आवश्यकता रहती है।

### मानसिक रूप से पीड़ित महिला लापता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** जिले के दनियालपुर रोड पर स्थित एक कालोनी से एक महिला संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। महिला की उम्र करीब 41 साल है। वह बिना बताए घर से निकली है और उसके बाद वापिस नहीं लौटी। महिला मानसिक रूप से परेशान बताई जा रही है। परिजनों ने पहले अपने लेवल पर तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पति के अनुसार उसकी पत्नी 2013-14 से मानसिक रूप से पीड़ित थी।

# चौंपियनशिप में अमित आर्य ने जीता ब्रॉन्ज मैडल

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी
**खरखौदा** के हेरिटेज हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के कोच ने 9वी राष्ट्रीय स्नो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर ब्लॉक खरखौदा जिला सोनीपत सहित हरियाणा का मान बढ़ाया हैं। ये राष्ट्रीय स्नो चैंपियनशिप 17 से 18 फरवरी को सोनमर्ग जम्मू कश्मीर में आयोजित हुई। जिसमें पूरे भारत अलग-अलग 11 राज्यों के करीब 150 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें जिला सोनीपत व हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए खरखौदा के सांपला रोड पर स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के कोच अमित आर्य ने इस राष्ट्रीय स्नो



चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मैडल जीता हैं। अमित आर्य के खरखौदा पहुँचने पर हेरिटेज स्कूल चैयरमैन अनीश कुमार एवं प्रिंसिपल सुमित राणा ने मिठाई खिलाते हुए स्वागत किया। वही हेरिटेज स्कूल चैयरमैन अनीश कुमार एवं प्रिंसिपल सुमित राणा ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्नो चैंपियनशि में बेहतर प्रदर्शन कर ब्लॉक खरखौदा सहित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल का मान बढ़ाया हैं। वह अमित आर्य की इस कामयाबी पर उन्हें बेहद खुशी और गर्व हैं। वही उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उनके परिवार, कोचिंग स्टाफ और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने पर स्कूल स्टाफ द्वारा स्वागत व छात्रों और अन्य शिक्षकों ने तालियों की गूंज के साथ उनका अभिनंदन किया। स्कूल प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनका कहना हैं कि अमित ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन पर खेल जगत के दिग्गजों ने भी बधाई दी है।

# पुलिस ने 30 घंटे के दौरान सुलझाया युवक के अपहरण का मामला

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन )
**होटल** से अपहरण किये युवक व उसके ड्राइवर को आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सकुशल बरामद कर चार आरोपियों को काबू किया, स्कॉर्पियां व स्विफ्ट गाड़ी बरामद।
महिला आरोपी ने गिरोह के सरगना साथी आरोपी संग मिलकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने की साजिश रच फेसबुक पर युवक से दोस्ती की, मिलने के लिए पानीपत बुलाया, यहा होटल से युवक का गिरोह से साथी आरोपियों अपहरण कराया।
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआईए टू पुलिस की टीम ने सिवाह जीटी रोड स्थित एक



होटल से उत्तराखंड निवासी युवक व उसके ड्राइवर के अपहरण के मामले को महज 30 घंटे के दौरान सुलझा दोनों अपहर्त युवकों को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाकर चार आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए चारों आरोपी करनाल के बला गांव के रहने वाले है।
उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने वीरवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि बीते मंगलवार को डॉयल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी की सिवाह जीटी रोड स्थित एक होटल में आए युवक व युवती का अज्ञात चार पांच लड़के अपहरण कर

**सकुशल**

⏩ पुलिस ने सकुशल बरामद कर चार आरोपियों को काबू किया, स्कॉर्पियां व स्विफ्ट गाड़ी बरामद

गाड़ी से ले गए है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। जहा होटल संचालक सिवाह निवासी दीपक पुत्र भवर सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने जीटी रोड पर पार्क हास्पिटल के पास स्थित मून होटल को सिवाह निवासी जयदीप कादियान से किराये पर लिया हुआ है। मंगलवार 18 फरवरी को वह अपना नीजी कार्य करके साय करीब 4 बजे होटल पर आया तो, होटल के रिसेप्शन पर बैठे राकेश ने उसे बताया कि होटल में करीब 30/40 मिनट पहले एक लड़का लड़की आए थे। जिन्होंने आईडी प्रुफ के रूप में आधार कार्ड दिखाया। आधार कार्ड के अुनसार लड़का देहरादून के एक गांव का रहने वाला था और लड़की झज्जर के एक गांव की रहने वाली थी। जिन्हें उसने 105 नंबर कमरा दिया।
उनके कमरे में जाने के 20 मिनट बाद तीन लड़के होटल में आकर सीधा उनके कमरे में गए। और लड़के को पीटते हुए जबरदस्ती लड़का व लड़की को अपहरण कर एक काले रंग की उत्तराखंड नंबर की स्कार्पियों गाड़ी में ले गए।

# इंटर-कॉलेज वूशू प्रतियोगिता में साहिल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक प्रात किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत ( कमाल हुसैन )
**आई.बी.** महाविद्यालय के विद्यार्थी ने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटर - कॉलेज वूशू प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी लेफि्टनेंट डॉ. राजेश कुमार ने बताते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 फरवरी 2025 को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुआ । इसमें हमारे महाविद्यालय के बी. ए. फाइनल के विद्यार्थी साहिल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 70 कि. ग्रा. भार वर्ग पदक जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया । विजेता खिलाड़ी के



महाविद्यालय पहुँचने पर महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के महासचिव श्री लक्ष्मी नारायण मिगलानी तथा प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने खिलाड़ी को सम्मानित किया । इस उपलब्धि के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. राजेश कुमार तथा परमजीत कुंडू को बधाई दी । इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग तथा अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।

## संपादकीय

# पक्षियों की आबादी में गिरावट

**पक्षी हमारे** ग्रह के सबसे कोमल और सुंदर जीवों में से एक हैं। ये न केवल हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं, बल्कि मानव जीवन और संस्कृति में भी उनका विशेष स्थान है। भारत में तो पक्षियों को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिकी दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। सुंदर पंख और मधुर आवाज वाले खूबसूरत पक्षियों को देखने का एक अलग ही आनंद होता है, जो हमें प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य का अनुभव कराता है। फूलों के चारों ओर भिनभिनाने वाले 'हमिंग बर्ड' से लेकर हवा में हजारों फुट की ऊंचाई पर उड़ने वाले चील तक, हर पक्षी विलक्षण प्रतीत होता है, जो रेगिस्तान से लेकर वर्षा वन तक के विशाल वातावरण में स्वयं को ढाल लेते हैं और जीवित रहने की असाधारण क्षमता दिखाते हैं। कुछ पक्षी सालभर में हजारों मील की तय करते हैं, तो कुछ जटिल घोंसले बनाते हैं और कुछ भोजन खोजने के लिए रचनात्मक रणनीतियां बनाते हैं। पक्षियों की यह अविश्वसनीय विविधता और अनुकूलनशीलता हमें पृथ्वी पर जीवन की विशाल समृद्धि की याद दिलाती है। पक्षी खाद्य श्रृंखला का अहम हिस्सा हैं, जो प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में कार्य करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते । वे परागण और बीज फैलाने में अहम भूमिका अदा करते जिससे जैव विविधता बनी रहती है। विभिन्न प्रकार के पक्षी विभिन्न प्रकार के आवास में रहते हैं और वे पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध बनाते हैं। पक्षियों को प्रायः 'बायोइंडिकेटर' के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका अर्थ है कि उनका स्वास्थ्य और उनकी जनसंख्या पर्यावरण की स्थिति दशार्ती है। पक्षी प्रजातियों में गिरावट प्रायः संकेत देती है कि प्रदूषण, आवास की कमी अथवा जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों के कारण पारिस्थितिकी तंत्र तनाव में है दुनियाभर में पक्षियों की कई प्रजातियों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। नतीजतन, हमारे आसपास की दुनिया शांत होती जा रही है। प्रकृति में अजीब-सा सन्नाटा छा है। विश्व में पक्षियों की दस हजार से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से भारत में ही पक्षियों की तेरह सौ से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। चिंता का कारण यह है कि वनों के कटाव, शहरीकरण और कृषि विस्तार के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास तेजी से नष्ट । इसके अलावा जलाशयों तथा 'वेटलैंड्स' (आर्द्रभूमि) के सूखने से जलपक्षियों की संख्या में भी भारी गिरावट आई है। शहरीकरण, औद्योगिक विकास और कृषि विस्तार के कारण जंगल, आर्द्रभूमि, घास के मैदान तथा अन्य प्राकृतिक आवास शहरों, सड़कों और कृषि भूमि में तब्दील हो रहे हैं। जैसे-जैसे पक्षियों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ते जाते हैं, पक्षी आवश्यक घोंसले बनाने के स्थान, भोजन स्रोत और प्रवास गलियारे खो देते हैं, जिससे उनकी जनसंख्या में गिरावट आती है।जलवायु परिवर्तन के कारण भी पक्षियों के प्रजनन और खाद्य उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वायु और जल प्रदूषण पक्षियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। बढ़ता तापमान, समुद्र के जलस्तर में वृद्धि और चरम मौसमी घटनाएं भी पक्षियों के जीवन चक्र को प्रभावित कर रही हैं।

# लोकसंस्कृति और परंपराओं की संवाहक होती है मातृभाषा



बलदेव राज भारतीय

> "कई देशों में प्राथमिक और उच्च शिक्षा में मातृभाषा को उतनी प्राथमिकता नहीं दी जाती, जिससे नई पीढ़ी अपनी भाषा से दूर होती जा रही है। गांवों से शहरों की ओर पलायन करती आबादी और रोजगार के कारण लोग अपनी लोक संस्कृति और मातृभाषा से दूर हो जाते हैं, जिससे उनकी भाषा धीरे-धीरे विलुप्त होने लगती है। शहरीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव से कई स्थानीय भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। इस नीति में इस बात पर जोर दिया गया है कि बच्चे की प्राथमिक शिक्षा उसकी अपनी मातृभाषा में होनी चाहिए। यह गांधी जी के इस वक्तव्य की पूर्ति करता है जिसमें उन्होंने ऐसा ही कहा था। परन्तु इसके लिए सरकार को स्कूलों में मातृभाषा में शिक्षा देने की व्यवस्था करनी चाहिए"

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह किसी भी समाज की सांस्कृतिक धरोहर और पहचान का प्रतीक भी होती है। हर भाषा अपने भीतर एक इतिहास, परंपरा और समाज के विचारों को संजोए रखती है। भाषाई विविधता को संरक्षित करने और मातृभाषाओं के महत्व को समझाने के उद्देश्य से हर वर्ष 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्वभर में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के साथ-साथ बहुभाषिकता को समर्थन देने के लिए मनाया जाता है।

मातृभाषा वह भाषा होती है जिसे कोई व्यक्ति जन्म से अपनी माता, परिवार, समुदाय और समाज से सीखता है और अपने परिवेश में सबसे पहले प्रयोग करता है। यह न केवल विचारों को व्यक्त करने का माध्यम होती है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, पहचान और आत्मसम्मान से भी जुड़ी होती है।

हमारी परंपराएं, लोकसंस्कृति तभी तक समृद्ध रहती है जब तक हम अपनी लोकभाषा या मातृभाषा को समृद्ध बनाए रखते हैं। मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्र अन्य भाषाओं में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की तुलना में अधिक कुशलता से ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। वह किसी भी विषय को मातृभाषा में अधिक अच्छे ढंग से समझ सकते हैं। मातृभाषा में शिक्षा से बच्चों की तार्किक शक्ति विकसित होती है और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

किसी भी समुदाय की परंपराएं, लोककथाएं, गीत, साहित्य और रीति-रिवाज मातृभाषा के माध्यम से ही संरक्षित रहते हैं। भाषा के लोप होने से उस समुदाय की सांस्कृतिक धरोहर भी समाप्त होने का खतरा बढ़ जाता है। जब कोई भाषा विलुप्त होती है, तो उसके साथ उस भाषा से जुड़े रीति-रिवाज, परंपराएं और ज्ञान भी खो जाते हैं। इसीलिए मातृभाषा को संरक्षित रखना आवश्यक है।

जब व्यक्ति अपनी मातृभाषा में संवाद करता है, तो उसे आत्मविश्वास महसूस होता है। यह उसकी अभिव्यक्ति की क्षमता को सशक्त बनाता है और समाज में उसकी पहचान को मजबूती देता है। मातृभाषा के माध्यम से व्यक्ति अपनी भावनाओं और विचारों को सहजता से व्यक्त कर सकता है, जिससे वह दूसरों के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर सकता है।




व्यवसाय और अर्थव्यवस्था में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्थानीय स्तर पर व्यवसाय को बढ़ावा देने में मातृभाषा का विशेष योगदान होता है, जिससे आर्थिक विकास संभव हो पाता है। जब व्यवसाय अपनी स्थानीय भाषा में संचालित होते हैं, तो उपभोक्ताओं को सेवाओं और उत्पादों की बेहतर समझ होती है, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 1999 में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा की गई थी और इसे पहली बार 21 फरवरी 2000 को मनाया गया। इस दिवस को मनाने के पीछे बांग्लादेश की एक ऐतिहासिक घटना जुड़ी हुई है। 1952 में, तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान जो आज बांग्लादेश है, में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा बनाए जाने का विरोध किया गया था। बंगाली भाषा को राष्ट्रीय भाषा का दर्जा दिलाने के लिए विद्यार्थियों ने संघर्ष किया, जिसमें कई छात्र शहीद हो गए। उनकी शहादत के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। विश्व के अनेक देशों को उपनिवेश बनाने वाले ब्रिटेन ने उन देशों में अंग्रेजी का प्रचार, प्रसार किया। जिसका प्रभाव उन देशों में आज भी उसी रूप में बना हुआ है। अन्य उपनिवेशों की भांति भारत में भी अंग्रेजी का प्रभाव आज भी बना हुआ है। अंग्रेजी में बोलने वाले को आज भी लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। शुद्ध हिंदी में वक्तव्य देने वाले को वह सम्मान कभी नहीं मिल पाता जो अंग्रेजी के टूटे फूटे दो शब्द बोलने वाले को मिल जाता है।

ॅयह अंग्रेजी आज ग्रामीण भारत में भी कॉन्वेंटकल्चर को बढ़ावा दे रही है। इसी कारण लोग अपने बच्चों से मातृभाषा की गुदड़ी छीन कर उन्हें कॉन्वेंटकल्चर में ढालने के लिए लालायित रहते हैं। जब किसी नन्हें बच्चे कीकम पढ़ी लिखी दादी छत के पंखे की ओर संकेत कर बच्चे को ह्लपंखाह्ल कहना सिखाने लगती है तो उसकी मॉडर्नमम्मा उसे झट से कहती है, बेटा पंखा नहीं, दिस इज ए फैन। बस हमारी मातृभाषा, हमारी लोकसंस्कृति, यहीं पर मार खा जाती है। अंग्रेजी जिस प्रकार एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में उभरी है, उससे कई स्थानीय भाषाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। अधिकांश डिजिटल सामग्री प्रमुख अंतरराष्ट्रीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिससे मातृभाषाओं को सीमित स्थान मिलता है।

कई देशों में प्राथमिक और उच्च शिक्षा में मातृभाषा को उतनी प्राथमिकता नहीं दी जाती, जिससे नई पीढ़ी अपनी भाषा से दूर होती जा रही है। गांवों से शहरों की ओर पलायन करती आबादी और रोजगार के कारण लोग अपनी लोक संस्कृति और मातृभाषा से दूर हो जाते हैं, जिससे उनकी भाषा धीरे-धीरे विलुप्त होने लगती है। शहरीकरण और वैश्वीकरण के प्रभाव से कई स्थानीय भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है। इस नीति में इस बात पर जोर दिया गया है कि बच्चे की प्राथमिक शिक्षा उसकी अपनी मातृभाषा में होनी चाहिए। यह गांधी जी के इस वक्तव्य की पूर्ति करता है जिसमें उन्होंने ऐसा ही कहा था। परन्तु इसके लिए सरकार को स्कूलों में मातृभाषा में शिक्षा देने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि बच्चों को अपनी भाषा में ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिले। सरकारों को मातृभाषाओं के संरक्षण के लिए नीतियाँ बनानी चाहिए, जिससे स्थानीय भाषाओं का संवर्धन हो सके। जिससे लोगों को अपनी मातृभाषा, अपनी परंपराओं, लोकगाथाओं, लोकसंस्कृति को संरक्षित करने का अवसर मिले। इंटरनेट और डिजिटलप्लेटफार्मों पर क्षेत्रीय भाषाओं की उपस्थिति बढ़ाई जानी चाहिए। मोबाइल एप्स, वेबसाइट, और ऑनलाइन कंटेंट को बहुभाषी बनाया जाना चाहिए। विडंबना देखिए कि कंप्यूटर द्वारा सर्वाधिक ग्राहय भाषा संस्कृत, जिसे संपूर्ण भाषा का दर्जा भी प्राप्त है, उसकी आज भी अनदेखी की जा रही है, मातृभाषा की तो बात ही दूर है।

लोगों को उनकी मातृभाषा के महत्व के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। इसके लिए संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि भाषाई विविधता और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का एक महत्वपूर्ण अवसर है तथा यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभाषा को न केवल बोलने और लिखने में गर्व महसूस करे, बल्कि अगली पीढ़ी को भी इसका महत्व समझाए। मातृभाषा के संरक्षण से ही हम अपनी जड़ों से जुड़े रह सकते हैं और सांस्कृतिक समृद्धि को बनाए रख सकते हैं।

## कविता

**संजीवनी।**

मुश्किलों में साथ देने का वादा तो करो।

मुश्किलों में साथ देने का वादा तो करो
हाथों में हाथ देने का इरादा तो करो।।

सो जाऊंगा गहरी नींद पल दो पल।
सपनो में आने का वादा तो करो।।

जमाना ऐसा ही है ऐसा ही रहेगा।
थोड़ा मुस्कुराने में इजाफा तो करो।।

मजबूर नहीं करते साथ चलने को।
पायल छनकाने का इरादा तो करो।।

बेरंग,बेनूर जिंदगी क्यों जिए हम।
प्यार के रंगों का इजाफा तो करो।

'संजीव' हवाओं पर लिखते तेरा नाम।
याद आने झूठा का दिखावा तो करो।।

संजीव
---------

## पाशविकता की पराकाष्ठा : एक मासूम और 62 दरिंदे

**मनोज कुमार**

**हाल** ही में केरल की 18 वषीर्या एथलीट बालिका के साथ दरिंदगी का ऐसा घिनौना मामला सामने आया है जिसने इंसानी चेहरे के पीछे छिपे पाशविक दरिंदों के चेहरों को बेनकाब कर दिया है। यह घटना दशार्ती है कि आज भी इस समाज में बेटी बनकर पैदा होना अपराध है। और हमारे समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारों की हकीकत क्या है? एक खिलाड़ी लड़की की अस्मत से खेलने में कितने भेड़ियों ने हाथ आजमाए? इस पीड़िता एथलीट द्वारा केरल के इलावुमथिट्टा में 62 लोगों पर लगाए गए यौन शोषण के आरोप ने पूरे देश का दहला दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और 44 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। चौंकाने वाली जानकारी से पता चला है कि लड़की, जो उस समय नाबालिग थी, के साथ दुर्व्यवहार की शुरूआत उसके बचपन के दोस्त ने ही की थी। इस बेहद शर्मनाक मामले की रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए 58 लोगों में से 44 लोग उसी दलित बस्ती से थे, जहां पीड़िता रहती थी शेष आस-पास के इलाकों से थे। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद, यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराओं के तहत चार पुलिस स्टेशनों में 29 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए है।

इस दुर्व्यवहार मामले के बारे में बताया गया है कि सबसे पहले गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक सुबिन था झ जिसने कथित तौर पर दुर्व्यवहार की शुरूआत की थी जब पीड़िता केवल 13 वर्ष की थी। बताया गया है कि सुबिन पीड़िता के बचपन का दोस्त था और उनके घर पास में ही थे। सुबिन ने कथित तौर पर पीड़िता का यौन शोषण किया और उसकी तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए, जिसका इस्तेमाल उसने पीड़िता को अपने दोस्त के साथ संबंध बनाने के लिए धमकाते हुए किया। इसके बाद सुबिन ने कथित तौर पर दो और लोगों को बुलाया, जिन्होंने किशोरी का और शोषण किया। सिलसिला अगले कुछ सालों तक जारी रहा, क्योंकि पीड़िता की तस्वीरें पुरुषों और नाबालिग लड़कों के अलग-अलग समूहों में फैल गईं। गिरफ्तार किए गए लोगों में स्कूल के उसके सहपाठी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में ड्राइवर, दिहाड़ी मजदूर और आस-पास के घरों के ज्यादातर पुरुष शामिल हैं जिनमें से कुछ तो शादीशुदा भी थे।

**सामूहिक बलात्कार भी**

आगे की जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों में चार नाबालिग हैं और दो अन्य अपराध के समय नाबालिग थे। उनमें से कई ने इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए उससे संपर्क किया। पीड़िता ने यह भी बताया कि कई बार इस दुर्व्यवहार में कई पुरुष शामिल थे।

## विचार

# राष्ट्रीयता की मूल भावना में शिक्षा का आधार होना चाहिए

**संजीव**

**राष्ट्रीय चरित्र औ**र राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव के साथ प्रस्फुटित होना चाहिए ' राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता है' स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे'वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल है' इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है' वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं'

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता है' आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैं' यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है। वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिल्ली में भाजपा की जीवन रेखा

**राकेश अचल**

**जादूगर सरकार की** तरह अब भाजपा भी जादू करके अपने कार्यकताओं और नेताओं के साथ देश को भी अचरज में डालने लगी है। भाजपा ने लगभग तीसरी बार दिल्ली में विधायक दल के नेता के रूप में एक ऐसा नाम नवनिर्वाचित विधायकों के सामने रख दिया जिसके बारे में दूर-दूर तक क्या, ख्वाब में भी किसी ने नहीं सोचा था । दिल्ली की नई-नवेली भाजपा सरकार की कमान, पार्टी हाईकमान ने श्रीमती रेखा गुप्ता को सौंपी है। रेखा को किस कोटर से निकाला गया है, कोई नहीं जानता। हालाँकि रेखा जी छात्र राजनीति से प्रशिक्षित होकर चुनाव की राजनीति में आयीं हैं। रेखा का अवतरण उसी तरह हुआ है जैसा कि पहले राजस्थान ,मप्र और छग में अपने मुख्यमंत्रियों का किया था।

दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री पद का स्वाभाविक उम्मीदवार समझा जा रहा था ,लेकिन हुआ उल्टा । भाजपा ने आतिशी का उत्तराधिकारी रेखा को बनाया। रेखा महिला भी हैं और वैश्य समाज का चेहरा भी । भाजपा की विवशता थी कि वो दिल्ली की जनता को महिला की जगह महिला और केजरीवाल की जगह वैश्य को ही मुख्यमंत्री बनाये ,सो बना दिया हालाँकि ये निर्णय करने में भाजपा को पूरे 12 दिन लग गए। रेखा दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी । चार में से दो महिलाएं भाजपा की और से दी गयी । पूर्व में श्रीमती सुषमा स्वराज भाजपा की सरकार की मुख्यमंत्री रह चुकीं हैं। कांग्रेस ने श्रीमती शीला दीक्षित को और आम आदमी पार्टी ने आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया था।

आपको याद होगा की 1996 में रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डुसू) की अध्यक्ष चुनी गयीं थीं। 2007 में वो दिल्ली के पीतमपुरा (उत्तर) की काउंसिलर बनीं।

रेखा ने पहला विधानसभा चुनाव शालीमार बाग सीट से ही लड़ा था लेकिन जीत नहीं पायीं थीं ,किन्तु हाल के विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को करीब 30 हजार वोट से हराया।। रेखा ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री बना देगी।

## रेवड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी से बदलेगी तस्वीर!

**रोहित माहेश्वरी**

**दिल्ली वि**धानसभा चुनाव के दौरान मुफ्त की रेवड़ियों का मुद्दा जोर-शोर से उछला था। भाजपा ने आम आदमी पार्टी की फ्रीबीज योजनाओं पर सवाल खड़े किए तो केजरीवाल ने रेवड़ी नाम से ही अपनी योजनाओं का प्रचार तक कर डाला। मुफ्त की रेवड़ियों का मामला सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चुनाव जीतने के लिए कई राजनीतिक दल लोगों को फ्री सुविधाएं देने का वादा करने लगे हैं। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्तखोरी और रेवड़ियों पर चिंता के साथ-साथ नाराजगी भी जताई है। मुफ्त सुविधाओं के चलते लोग काम नहीं करना चाहते। खेतों में मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। बिना काम किए नकदी पैसे मिल रहे हैं। मुफ्त पेंशन बांटी जा रही हैं। कई मुफ्त योजनाओं की घोषणाएं कर सुविधाएं दी जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो। इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे हैं।

हालांकि, अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बहस नहीं करना चाहती। न्यायालय ने कहा कि अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। लेकिन, साथ ही क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए?

## न्यूज फ्लैश

### घर के अंदर घुसकर महिला व उसके बेटे सहित पुत्रवधु को पीटकर किया घायल

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर में महिला व उसके बेटी सहित पुत्रवधु से मारपीट कर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। गांव बैंयापुर निवासी अनीता ने बताया कि गत 16 फरवरी को साढ़े छह बजे उसका लड़का सावन अपनी बाइक लेने के लिए गया था। उसके बाद घर पर सुरेश उसका लड़का मोहित, जयकरण उर्फ टेका, शंकर, प्रदीप, मीना उसके घर के अंदर घुस आई। उस पर ईंट, डंडों से हमला कर दिया। उसके बेटे व पुत्रवधु सहित उसके गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उपचार के लिए वह नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला के बयान पर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कमलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सेक्टर-23 से क्रेटा कार, डेबिट कार्ड व कागजात ले गए चोर

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र के सेक्टर-23 से चोर क्रेटा कार, डेबिट कार्ड सहित कागजात के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग सुराग हाथ लग सके। गांव महलाना हाल में सेक्टर-23 निवासी अमित कुमार ने बताया कि गत 17 फरवरी को रात्रि के समय उसकी क्रेटा गाड़ी व उसके अंदर से आधार कार्ड, एटीएम, पासबुक, लाइसेंस सहित अन्य कागजात चोरी हो गए। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमित सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### लड़की से दुष्कर्म करने व धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने लड़की से दुष्कर्म करने व धमकी देने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी वेस्ट राम नगर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक लड़की ने गत 21 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वर्ष 2019 में उसकी मुलाकात सन्नी के साथ हुई थी। सन्नी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद उसे धमकी देने लगा। उसने उससे बातचीत करना मना किया तो उसकी मां के पास फोन करके धमकी देने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में महिला सहायक उप निरीक्षक मीनाक्षी की टीम ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सन्नी को गिरफ्तार कर लिया।

# फैमली आईडी में आय कम करवाने वाले अशोक कुमार की जांच के दिए निर्देश

### न्यायालय के गवाही संबंधी मामलों में अधिकारी सचिवालय में लगायें गए सैटअप से करें वीडियो कांफ्रेंसिंग

**प्रशिक्षण**

**⏩ लोगों की इच्छाओं के अनुरूप हो रहे कार्य से विकास के मामले में प्रदेश की मजबूत पहचान बन रही ह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**मुख्यमंत्री** नायब सिंह द्वारा प्रदेश की प्रगति को लेकर जो निर्णय लिये जा रहे है निश्चित रूप से उनमें जनता का हित समाहित है। लोगों की इच्छाओं के अनुरूप हो रहे कार्य से विकास के मामले में प्रदेश की मजबूत पहचान बन रही है।

वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जो प्रार्थी समाधान शिविर में फैमली आईडी में अपनी इनकम कम करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे है उनकी पहले विभाग जांच करेगा व गलत मिलने पर उनके खिलाफ प्रशासन को गुमराह करने की अवेज में एफआईआर दर्ज करवायेगा।

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे न्यायालय में गवाही से संबंधित मामलों को लेकर जिला सचिवालय में एनआईसी द्वारा 424 कमरे में जो सैटअप लगाया गया है वहां वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय से संबंधित मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है। कोई अधिकारी व कर्मचारी अब इन आदेशों की अवहेलना करेगा तो उसकी एक दिन की सैलरी काटेगी।

पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि शिविर में जो लोग समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है उन्हें अपनी समस्या के निदान को लेकर किसी सहारे की जरूरत नहीं है। अधिकारी व प्रार्थी भी भली भांति समझते है। पूरा प्रशासन जनता समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर आत्म विश्वास से लबरेज है। समाधान शिविर में आनी वाली समस्याओं के निदान को लेकर लोगों की सोच और दृष्टिद्कोण में बदलाव आया है। ये समाधान शिविर सवालों से परे है। प्रशासन की जी तोड़ मेहनत इसका ठोस उदाहरण है।

उपायुक्त ने शिकायतकर्ता अशोक कुमार वासी धर्मगढ़ की फैमली आईडी में आय कम करवाने के मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा कि जो आदमी अपने आप को राजा कहता हो व अपनी आय कम कराने की बात करता हो उसकी जांच करना जरूरी बनता है। उपायुक्त ने कहा कि प्रार्थी ने समाधान शिविर की गरिमा के विरूद्ध कदम उठाया है। उनके हाव भाव व अच्छे खासे पहनावे से नहीं लगता की उनकी आय कम है। उपायुक्त ने प्रार्थी के अधिकारियों के साथ किये गए अभद्र व्यवहार व हैलमेट समेत समाधान शिविर में आने पर फटकार लगाई व एमडी शुगरमील मनदीप को तत्काल उनकी फैमली इनकम की जांच करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में शिकायतकर्ता ने गांव मनाना की पूर्व सरपंच के खिलाफ गबन के मामले की रिकवरी ब्याज समेत करने व मुकदमा दर्ज करवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया।

## उपायुक्त ने ऑलवैदर स्वीमिंग पूल का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अम्बाला छावनी स्थित फुटबाल स्टेडियम, जिला खेल अधिकारी कार्यालय के साथ-साथ, खेल छात्रावास, ऑल वैदर स्वींमिग पूल, जिम्नास्टिक हॉल व बॉक्सिंग हॉल का निरीक्षण करते हुए यहां पर खिलाड़ियों को जो सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल की। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अम्बाला छावनी विनीत कुमार मौजूद रहें।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सबसे पहले फुटबॉल स्टेडियम के सामने स्थित खेल छात्रावास का जायजा लेते हुए यहां पर खिलाडि?ों को ठहरने के लिए कितने कमरों की व्यवस्था है, साथ ही साथ अन्य क्या सुविधाएं उपलब्ध है उस बारे जानकारी हासिल की। इसके उपरान्त उन्होंने जिम्नास्टिक हॉल का निरीक्षण करते हुए यहां पर कितने खिलाड़ी प्रशिक्षण के लिए आते है, उनका टाईम टेबल क्या है तथा यहां पर कितने कोच उपलब्ध है उसकी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने फुटबॉल स्टेडियम का भी जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ऑलवैदर स्वीमिंग पूल व बॉक्सिंग हॉल का भी जायजा लिया। उन्होंने ऑलवैदर स्वीमिंग पूल के पानी के तापमान को भी चैक किया और मौके पर उपस्थित कोच से यहां पर कितने खिलाड़ी स्वींमिंग के लिए आते है तथा यहां पर कितना स्टॉफ तैनात है उसकी भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बॉक्सिंग हॉल का भी निरीक्षण किया और यहां पर निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होनें निरीक्षण के दौरान एसडीएम को भी कहा कि वे भी समय-समय पर यहां का निरीक्षण करें।

## तीन नाबालिगों ने बच्चे के साथ किया कुकर्म, मोबाइल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मोहाना** थाना क्षेत्र में तीन नाबालिगों ने एक बच्चे के साथ कुकर्म कर वीडियो बनाकर इंटरनेट पर डालने के आरोप का मामला सामने आया है। बच्चे के परिजनों के पास वीडियो पहुंचा तो मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित 11 वर्षीय बच्चे परिजनों ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि उनके बच्चे को कोई वीडियो इंटरनेट पर डाला गया है। जब उन्होंने वीडियो देखा तो वो स्तबध रहे गए। गांव के तीन लड़के उसके साथ गलत कार्य कर रहे थे। बच्चा सहमा हुआ था। जब इस बारे में उससे पूछा गया तो उसने बताया कि दो-तीन महीने पहले आरोपित उसे खेलने के बहाने से सुनसान जगह पर लेकर गए थे। वहां आरोपितों ने डरा-धमका कर बारी-बारी से उसके साथ गलत कार्य किया। इस दौरान उन्होंने मोबाइल से वीडियो भी बनाई। आरोपितों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

## डीसी कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**पर्यावरण संदेश**

**⏩ उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निदेर्शानुसार उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग से आई टीम ने डीसी ऑफिस के कर्मचारियों के साथ-साथ यहां पर स्थित अन्य विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें जांच उपरान्त दवाईयां भी निशुल्क वितरित की।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने स्वयं जांच शिविर का अवलोकन करते हुए यहां पर स्वास्थ्य से सम्बधिंत जो टेस्ट जैसे बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन, कैलेस्ट्रोल तथा मोबाईल युनिट से सम्बधिंत व्यवस्था देखी। उन्होंने इस मौके पर बताया कि इस शिविर से कर्मचारियों व अधिकारियों को लाभ होगा। इस दौड़ भरी जिन्दगी में मनुष्य कई बार तनाव ग्रसित हो जाता है या वह किसी अन्य बीमारी से ग्रसित हो जाता हैं, इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसी कड़ी में आज यहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच शिविर व मोबाईल युनिट के माध्यम से कर्मचारियों व अन्य स्टॉफ के स्वास्थ्य की जांच की गई हैं। इस जांच शिविर में बीपी, शुगर, खून के टेस्ट के साथ-साथ मोबाईल युनिट के माध्यम से एक्स-रे भी किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बीमारी से हम ग्रसित है तो उसका समय रहते पता चल जाए, तो इसका ईलाज करवाकर जल्द से जल्द स्वस्थ हो सकते हैं। उपायुक्त परिसर में लगे शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते हुए बीपी चैक करवाया। उन्होंने भी कहा कि इस शिविर से निस्देह कर्मचारियों को लाभ होगा। हमें अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच अवश्य करवानी चाहिए। इस मौके पर सिविल सर्जन कार्यालय से आए जिला नोडल अधिकारी डॉ. मंयक ने बताया कि उपायुक्त के दिशा-निदेर्शानुसार यहां पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

## डीसी ने मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगर परिषद् अम्बाला छावनी के चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एसडी कॉलेज अम्बाला छावनी में बनाए जाने वाले मतगणना केन्द्र व स्ट्रॉग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनीत कुमार, नायब तहसीलदार सुनील के साथ-साथ अन्य सम्बधिंत मौजूद रहें।



**मुआयना**

**⏩ रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनीत कुमार, नायब तहसीलदार के साथ-साथ अन्य सम्बधिंत मौजूद रहें**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने नगर परिषद् अम्बाला छावनी के चुनाव के दृष्टिगत यहां पर बनाए जाने वाले मतगणना केन्द्र के साथ-साथ स्ट्रॉग रूम के दृष्टिगत जो व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी है उस बारे जानकारी हासिल करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर जो व्यवस्था होगी उसकी भी जानकारी ली। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अम्बाला छावनी विनीत कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि नगर परिषद् अम्बाला छावनी के चुनाव के दृष्टिगत यहीं पर स्ट्रॉग रूम स्थापित होगा और यहीं पर मतगणना होगी। डीसी ने तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेने उपरान्त सम्बधिंत को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की जो हिदायतें है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्य होने सुनिश्चित होने चाहिए।

## अवैध रूप से बनाई गई पुरानी बिल्डिंगों को चयनित कर किया जाएगा सील: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )** अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन ने सख्ती से निपटने का मन बना लिया है। अब जो भी अवैध निर्माण दिखाई देगा उस पर ठोस कार्यवाही की जाएगी। जहां पर अवैध निर्माण से संबंधित मामले नजर आयेंगे वहां पर बोर्ड लगाकर जनता को सूचित किया जाएगा कि उपरोक्त स्थान नियमों के विपरीत है।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध निर्माण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे है। जो अवैध कालोनियों का निर्माण करते है। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की जाएगी।



उपायुक्त ने विशेष तौर पर बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता एमएस धीमान को निर्देश दिए कि वे अवैध रूप से काटे जानी वाली कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन उपलब्ध न करवायें। अगर ऐसा होता है तो यह न्यायालय की अवमानना मानी जाएगी। जिन स्थानों पर अवैध निर्माण हुआ है और काफी पुराना है उसे सील करने के भी उपायुक्त ने निर्देश दिए।

उपायुक्त ने जिला टाऊन प्लानिंग अधिकारी को निर्देश दिए कि वे पूरी तैयारी के साथ अवैध निमार्णों पर कार्यवाही करें।

## कैंटर की टक्कर से बाईक सवार घायल

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** नेशनल हाईवे 709 एडी सडक पर गांव जलालपूर चौंक पर तेज रफतार कैंटर की टक्कर से घायलसाईकिल सवार बुजुर्ग की दूसरे दिन उपचार के दौरान मौत हो गई हैं। सनौली थाना पुलिस ने मृतक के बेटे के ब्यान पर अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलास शुरू कर दी हैं और मृतक के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया हैं। बुधवार शाम को नेशनल हाईवे 709 एडी सडक पर गांव बापौली से साईकिल पर सवार हो कर रत्तन सिंह निवासी डुढार गंगेरू शामली यूपी अपने गांव जा रहा था कि जब वह नेशनल हाईवे सडक पर गांव जलालपूर चौंक पर पहुंचा तो पिछे से आ रहे एक तेज रफतार कैंटर ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## शिविर में आमजन की समस्याओं का हुआ निदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर को लगाएं जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रार्थी की समस्या को यहां पर विस्तार पूर्वक सुनते हुए उसके निदान की दिशा में सम्बधिंत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकें। समाधान शिविर के दौरान सम्बधिंत विभागों के अधिकारी एक ही छत के नीचे उपस्थित रहते है और सम्बधित विभाग को मौके पर ही शिकायत मार्क करके उसका समाधान करने के दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। नगराधीश अभिषेक गर्ग जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में प्रार्थियों की समस्याओं को सुन रहें थे। इस दौरान समाधान शिविर में 4 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा एक शेष शिकायत को सम्बधिंत विभाग के अधिकारी को मार्क कर जल्द से जल्द निवारण करने निर्देश दिए।




नगराधीश ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें लोगों द्वारा दी गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आकर अपनी समस्या को रख सकता है।

**दिशा-निर्देश**

**⏩ विस्तार पूर्वक सुनते हुए उसके निदान की दिशा में सम्बधिंत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा सकें**

## मतदान प्रक्रिया में पोलिंग पार्टियों की भूमिका सबसे अहम

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**नगर** निगम चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव को लेकर 2 मार्च को होने वाली मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों के लिए दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय( डीसीआरयूएसटी ) मुरथल में रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पोलिंग पर्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं। इस दौरान ईवीएम मास्टर ट्रेनर मेजर संजय श्योराण ने सभी पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं।



खरखौदा नगर पालिका चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ निर्मल नागर ने कहा कि पोलिंग पार्टियों की जरा सी चूक पूरी व्यवस्था की विफलता मानी जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें और पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं। जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय आपको जो भी फार्म दिए जाते हैं। उन्हें अच्छी तरह से भरे और कोई गलती न करें। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए बूथों पर महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगवाई जाएं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में उनकी भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इससे पूर्व पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मोक पोल करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन मोक पोल में सभी प्रत्याशियों के वोट डलवाए जाएं और पोलिंग एजेंट्स को इसका परिणाम दिखाएं। उन्होंने हिदायत दी कि मोक पोल की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन को क्लीयर करना न भूलें। इसी प्रकार मतदान संपन्न होने के बाद मशीन को क्लोज करना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें, यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद अभय ङ्कषसह जांगड़ा, नायब तहसीलदार खरखौदा अशोक कुमार, बीडीपीओ आस्था गर्ग, नगर निगम से सिद्धार्थ सिंह, शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल जोगिन्द्र सिंह सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**निष्पक्ष**

**⏩ यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें, यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें**

## रेलवे करेगा 15 गांव की भूमि मालिकों की भूमि का अधिग्रहण: उपायुक्त

**टीम एक्शन ड़िया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** रेलवे का देश की अर्थ व्यवस्था की मजबूती में बड़ा योगदान रहा है। हजारों लोग रोजाना रेलों में यात्रा करते है। उन्हें हर प्रकार की सुविधा मिलें इसको लेकर उत्तर रेलवे दिल्ली से अम्बाला तक प्रस्तावित 193 किलोमीटर लंबी तीसरी व चौथी लाइनों के विस्तारीकरण रेलवे परियोजना करने को लेकर प्रयासरत है।

उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने गुरूवार को जिला सचिवालय में विस्तारीकरण रेलवे परियोजना को लेकर रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की व इस विषय पर बारिकी से चर्चा की। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन रेलवे को हर संभव मदद देने के लिए तैयार है। जहां पर प्रशासन के सहयोग की आवश्यकता होगी प्रशाासन पीछे नहीं हटेगा। उपायुक्त ने बताया कि तीसरी व चौथी लाइनों के विस्तार को लेकर 15 गांव के भूमि मालिको की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 8 गांव समालखा उपमंडल के अंतर्गत आते है व 7 गांव पानीपत के अंतर्गत है। उपायुक्त ने बताया कि 11 हैक्टेयर के करीब जमीन का कुल अधिग्रहण किया जाएगा व भूमि मालिकों को उनकी भूमि का मुआवजा दिया जाएगा।



उत्तर रेलवे दिल्ली तिलक ब्रिज के उपमुख्य अभियंता चंद्रशेखर ने बताया कि इस परियोजना के लिए प्रस्ताव तैयार किया है।

# सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के विकास का रोडमैप हमारे पास है तैयार: राजीव

**जनसंपर्क**

**पिछली गर्मी के मौसम में पेयजल के मारामारी रही इसीलिए कम से कम चार कुएं और बनवाने का प्रयास करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** **मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार व सोनीपत से भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित सभाओं में कहा कि सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के विकास का रोडमैप हमारे पास तैयार है । पहले भी पूर्व मंत्री कविता जैन के काल में हमने सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के सुनियोजित विकास को लेकर कई कदम उठाएं हैं । शहर के सौंदर्यीकरण व पार्किंग की सुविधाओं को लेकर अनेक कार्य किए गए और जो काम अधूरे बच गए हैं उसे आम जनता के सहयोग से अब मेयर बनते ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि सोनीपत नगर निगम सोनीपत मेयर उप चुनाव को लेकर शहर वासियों का उत्साह चरम पर है । सामज का सभी वर्ग आज भाजपा की डबल इंजन सरकार के कामों से संतुष्ट है। उन्होंने भरोसा जताया कि सोनीपत के विकास और प्रगति के इस संकल्प में शहर वासी अपना अमूल्य योगदान देंगे और सोनीपत में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी ।

राजीव जैन ने बृहस्पतिवार को शहर के मामा भांजा चौक, कपड़ा मार्केट, पुरखास अड्डा, सोनीपत बार एसोसिएशन, सिद्धार्थ कॉलोनी, मैपस्को, फाजिलपुर शिव मंदिर, ऋषि कॉलोनी एक्सटेंशन ड्रेन नंबर-6 के पास, हिंदू गर्ल्स कॉलेज वाली गली, लाल दरवाजा, ज्ञान नगर सहित विभिन्न जगहों पर सभाओं को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस सभाओं में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का फूल मालाओं से अभूतपूर्व स्वागत किया और चुनाव में जीत के लिए अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर राजीव जैन ने कहा कि जनता का यह अटूट विश्वास मुझे और अधिक समर्पित होकर सेवा करने की प्रेरणा देता है। मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में नगर निगम क्षेत्र के विकास को लेकर आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाना बहुत आवश्यक है । उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सीवर व सफाई के साथ-साथ पार्किंग की समस्याओं से लोगों को निजात दिलवाने के लिए वे पूरे मनोयोग से प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि ड्रेन नंबर-6 को कवर करने का काम चल रहा है, कामी रोड पुल से नाहर सिंह शमशान तक का हिस्सा और कवर करवाने की योजना बनाई जाएगी। कच्चे क्वार्टर मार्केट के सामने ईएसआई अस्पताल को शिफ्ट करके पार्किंग बनवाई जाएगी । इसे इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित भवन में शिफ्ट करवाया जाएगा। इसके अलावा में शहर में कई अन्य स्थानों पर पार्किंग बनवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के पूर्वी हिस्से में पेयजल सप्लाई के लिए यमुना किनारे जाजल गांव में रैनीवेल योजना में चार कुएं बने थे, लेकिन पिछली गर्मी के मौसम में पेयजल के मारामारी रही इसीलिए कम से कम चार कुएं और बनवाने का प्रयास करेंगे ।

## सेक्टर-15 में पांच दुकानों के एसी के पार्ट चोरी

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत के सेक्टर-15 में चोर पांच दुकानों के छतों से एसी के पार्ट्स चुराने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुकानदारों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। दुकानदारों ने बताया की चोर स्टार सैलून, बेयर्ड सैलून, सैनी प्रार्पटी, स्टाइल मैक्स हेयर सैलून और मोहम्मद अरशद दुकान की छत पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। भगवती प्रॉपर्टी की दुकान पर भी दो महीने पहले चोरी हो चुकी है।

करीब 15 दिन पहले भी मान पेडी शाप की छत से भी आउटडोर यूनिट चोरी हुई थी। करीब डेढ़ साल पहले भी 17 दुकानों के आउटडोर यूनिट चोरी हुए थे। उनकी मांग है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। सेक्टर-27 थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि मामले को लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# बाबा सवारनाथ डेरे में चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से वार्षिक भंडारा 8 मार्च को

**वार्षिक**

**डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज वीरवार को गांव बाहरी में सवार नाथ चेला मोहरू नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की विशेष मीटिंग रखी गई। ट्रस्ट के प्रधान मान सिंह और उप प्रधान मिहा सिंह रंगा ने बताया कि डेरे में फाल्गुन मास की नवमी उत्सव की तैयारी के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। सभी की सहमति से 6 मार्च से 8 मार्च तक लगातार 1 से 5 बजे तक सांग का आयोजन किया जाएगा। यह सांग सुप्रसिद्ध सागी सूरज बेदी व उनकी समस्त टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 8 मार्च दिन शनिवार को हवन पुजन व वार्षिक भंडारा किया जाएगा । डेरे की देखरेख और धार्मिक प्रचार के लिए ट्रस्ट की तरफ से सब कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया ताकि डेरे का अधिक से अधिक प्रचार हो। ट्रस्ट के महासचिव फूल सिंह पूर्व सरपंच दयालपुर और कोषाध्यक्ष सूरजभान बिबीयानन ने बताया कि ट्रस्ट की तरफ से पूर्व या वर्तमान सरपंच ,जिला परिषद, ब्लॉक सदस्य या पचों की एक सब कमेटी बनाई। इस सब कमेटी के चेयरमैन संजीव कुमार जोगना खेड़ा , वरिष्ठ वाइस चेयरमैन सतीश कुमार पूर्व सरपंच मद्दीपुर,एडवोकेट जसबीर सिंह पूर्व सरपंच अमीन, विक्रम सिंह सरपंच बजीदपुर और वाइस चेयरमैन सतपाल सरपंच धुराला को सेवा का मौका मिला। सब कमेटी के प्रधान तिलक राज नलवी, सदस्य ब्लॉक समिति सदस्य, वरिष्ठ उप प्रधान सुनील मेहरा पूर्व सरपंच हथिरा, व कमेटी सदस्य अनिल मेहरा पंच सुनेहडी को सेवा का मौका मिला। युवाओं की सब कमेटी के वरिष्ठ चेयरमैन अजय सिंह अमीन को सेवा का मौका मिला।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष में मंगलाई में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंगलई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि कहा गया है कि परमात्मा जन्म-मरण और पाप-पुण्य आदि कर्मों से परे हैं। आज जबकि सृष्टि पर पुनः भ्रष्टाचार, अनाचार एवं अत्याचार सर्वत्र फैल चुका है और चारों ओर नैतिकता का पतन अपनी चरम सीमा को प्राप्त हो चुका है तो परमात्मा शिव मनुष्य मात्र को अज्ञान-निद्रा से



जागृत करने के लिए पुनः प्रजापिता ब्रह्मा-वत्सों (ब्ह्माकुमार एवं ब्रह्माकुमारियों) द्वारा सत्य ज्ञान देकर एवं सहज राजयोग सिखलाकर ह्यपवित्र बनो, राजयोगी बनो' का ईश्वरीय संदेश दे रहे हैं। यह संदेश परमात्मा के अवतरण की सच्ची घटना है। आज के सन्दर्भ में घटने वाली घटनाओं ने मानवता और दानवता के भेद को भी नष्ट कर दिया है। मनुष्य अज्ञानता की अंधेरी रात में अपने विवेक का इस्तेमाल केवल विध्वंसक प्रवृत्तियों और अकल्याण के लिए कर रहा है। शिवरात्रि पर सच्चा उपवास यही है कि हम परमात्मा शिव से बुद्धियोग लगाकर उनके समीप रहें। उपवास का अर्थ ही है उप + वास अर्थात समीप रहना। जागरण का सच्चा अर्थ भी काम, क्रोध आदि पांच विकारों के वशीभूत होकर अज्ञान रूपी कुम्भकरण की निद्रा में सो जाने से स्वयं को सदा बचाये रखना है क्योंकि यहाँ स्थूल निद्रा की बात नहीं है।

**जागरण**

**निद्रा में सो जाने से स्वयं को सदा बचाये रखना है क्योंकि यहाँ स्थूल निद्रा की बात नहीं है**

# अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मिलकर करना होगा काम: पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए मिलकर काम करना होगा। पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ काम करे तो अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा अपराधों में कमी आएगी । नशे के कारोबार को रोकना हम सबका कर्तव्य क्योंकि नशा ही सब अपराधों की जड़ है । यह बात पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बुधवार को शाहबाद एरिया के गांव कलसानी, रतनगढ़ तथा नगला गांवों में दौरे के दौरान कही । आमजन से बात करते हुए कहा पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि आपके गांव में कोई नशा करता है या बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने थाना शाहबाद एरिया के कलसानी, रतनगढ़ व नगला गांवों का दौरा कर मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया। इन बैठकों में गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य, मौजिज व्यक्तियों ने भाग लिया। ग्रामीण दौरे के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आमजन की शिकायतों को सुना तथा डीएसपी और थाना प्रभारी को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आमजन से अपील करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के साथ उप पुलिस अधीक्षक शाहाबाद रामकुमार व थाना प्रभारी सतीश कुमार भी मौजूद रहे।

# मनुष्य मजबूत इरादा कर ले तो हर बुरी से बुरी लत को छोड़ सकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :**नशा देश समाज के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज को अंदर से कमजोर कर रहा है। हम जानते हैं कि मानव ही इस धरती पर सबसे बुद्धिमान और शक्तिशाली है और अपने जीवन को सुखद बनाने के लिए हर संभव कोशिश करता है लेकिन अच्छी शिक्षा के अभाव में और गलत संगत के प्रभाव से आज बहुत से लोग खासकर आज के युवा कम उम्र में ही नशे को जीवन में अपनाकर अपने कीमती जीवन को तो बर्बाद कर ही रहें हैं, साथ ही उनके घरेलू,सामाजिक और आर्थिक




जीवन पर भी कितना बुरा असर हो रहा है, इस बात को सभी अच्छी तरह जानते और समझते हैं ' ऐसे में हम सभी की ये जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने देश को नशा मुक्त देश बनाएं ' इसी प्रयास में आज राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी में नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत कक्षा तीसरी के विद्यार्थी हरमन ने नशामुक्त जीवन बकेट चैलेंज गतिविधि में अभिनय किया और मुख्य भूमिका अदा की और समाज को ये सन्देश दिया कि किस प्रकार से शराब के नशे की लत में पड़ा व्यक्ति घरेलू झगड़ों को बढ़ावा देता हैं, अपनी बच्चों की शिक्षा का ध्यान नहीं रखता, कैसे एक शराब के नशे का शिकार व्यक्ति आर्थिक संकटों का सामना खुद भी करता है और परिवार को भी उसका दुःख झेलने पर मजबूर करता है और आखिर में अभिनय के माध्यम से सीख दी जाती है कि कैसे नशे में पड़े व्यक्ति को जब अपनी गलती का एहसास होता है तो वह शराब को हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लेकर समाज के सामने संदेश देता है कि इंसान अगर मजबूत इरादा कर ले तो हर बुरी से बुरी लत को छोड़ सकता है और अपना जीवन संवार सकता है ' इस सन्देश के लिए अध्यापक प्रदीप कुमार ने नशा मुक्त गतिविधि में अभिनय करवाने में बच्चों का मार्गदर्शन किया और हर प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित भी किया ' सभी बच्चों ने नारा बोलते हुए सन्देश दिया कि हर युवा का है अब यही सपना, नशा मुक्त हो भारत अपना '

**मुख्य भूमिका**

**खासकर आज के युवा कम उम्र में ही नशे को जीवन में अपनाकर अपने कीमती जीवन को तो बर्बाद कर ही रहें हैं**

# दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में छठी दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल निदेशक दलबीर सिंह काला ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने उनका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन गुलदस्ता भेंट करके किया। महाविद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी की छात्राओं ने मुख्य अतिथि व प्राचार्य को बैज लगाकर सम्मान दिया। इसके पश्चात खिलाड़ियों ने भव्य मार्चफास्ट किया व खिलाड़ियों ने खेल को खेल की भावना से खेलने की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलबीर काला जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए खेल व व्यायाम बहुत जरूरी है इससे हमारे जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। अगर देश के नागरिक स्वस्थ होंगे तो देश हर क्षेत्र में तरक्की करेंगे। आप खेल के माध्यम से अपना करियर उत्कृष्ट बना सकते हैं। कॉलेज के फिजिकल डॉ राजबीर ने बताया। की आज पहले दिन विभिन्न ट्रैक इवेंट आयोजित किए गए। आज की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ जितेंद्र डॉ सतीश गर्ग डॉ कोमल डॉ ने नरेश नैन प्रोफेसर मोनिका प्रोफेसर विनय ने निर्वहन की। इस अवसर पर कॉलेज काउंसिल के के सदस्य डॉक्टर मीनाक्षी डॉक्टर रूपा गुप्ता डॉक्टर पूनम बागी डॉक्टर कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।

**अभिनंदन**

**महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गगनदीप कौर ने उनका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन गुलदस्ता भेंट करके किया**

# शहजादपुर में चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में 19 फरवरी 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी टिन्कु निवासी गाँव दनौदा थाना मुलाना जिला अम्बाला, मुकेश व महबूब उर्फ काला निवासी डेहा बस्ती थाना शहजादपुर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता अभिषेक निवासी नजदीक त्रिवेणी चैक शहजादपुर जिला अम्बाला ने 18 फरवरी 2025 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 08/09 फरवरी 2025 को अज्ञात आरोपी ने उसकी मनियारी की दुकान से बाल काटने की मशीन, वाटर बोतल, स्मार्ट वाच, नोट वाले हार व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# अम्बाला पुलिस ने चलाया नशामुक्त जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान बकेट चैलेंज व



लोटा नमक चलाया जा रहा है। जिसमें युवावर्ग बाल्टी में भरे गन्दे पानी को फैंकते है और लोटा में नमक डालकर नशा ना करने की शपथ लेते है दोनों ही कार्य यह दर्शाते है कि हम नशे का जड़ से खातमा करके समाज व देश को नशामुक्त बनाए। इसी कड़ी में आज 20 फरवरी 2025 को प्रबन्धक थाना अम्बाला छावनी श्री अजैब सिहँ ने फारूखा खालसा स्कूल में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और थाना साहा प्रभारी श्री जितेन्द्र ढिल्लों ने आमजन को प्राचीन परम्परा अनुसार लोटा में नमक डालकर नशे से दूर रहने बारे शपथ दिलाई व अपने आसपास के लोगों को भी इस नशामुक्त अभियान से जोड़ने बारे प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में अम्बालावासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर अपनी भागीदार दर्ज कराकर अम्बाला क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में अम्बाला पुलिस की इस मुहिम में पूर्ण सहयोग देकर राष्ट्र निमार्ण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ कमल खिलाने के लिए कर रहा है गली-गली संपर्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉक्टर ऋषिपाल मथाना ने कहा कि प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में भी और विधानसभा चुनाव में भी घर-घर जाकर मतदाताओं से कमल खिलाने के लिए अपील करके आए थे और अब वर्तमान में भी मतदाताओं के द्वार द्वार जाकर यह निवेदन कर रहे हैं कि हरियाणा में एक बार फिर कमल का बटन दबाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं ताकि जब देश व प्रदेश के साथ-साथ नगर निकायों में एक ही विचारों के लोग बैठे होंगे तो विकास की गति तीन गुना बढ़ जाएगी

इसलिए उन्होंने कहा कि नगर में भी कमल का बटन दबाकर भाजपा के



चेयरपर्सन की प्रत्याशी माफी डांढा और सभी 32 वार्डों के पार्षद को भी कमल के फूल पर वोट देकर सफल बनाएं ।आज उनके साथ हर घर संपर्क अभियान में चेयरपर्सन की प्रत्याशी श्रीमती माफी डांढा के पति मलकीत डांढा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर चंद दत्ता सहसंयोजक बि एल अरोड़ा, सोम प्रकाश कौशिक प्रेमचंद महला, डॉक्टर रामपाल रामपाल, शेर सिंह नंबरदार, वार्ड एक के प्रत्याशी गौरव भट्ट, प्रोफेसर एम एल ढाका, अजीत शर्मा, सुनील बक्शी, मनदीप सिंह, मनजीत सिंह, डॉक्टर मीत मोहन जी ,गांव कौल के सरपंच नरेश कुमार, धीरज एडवोकेट, विशाल एडवोकेट, आचार्य राम मिहिर नरेंद्र कुमार सूरज प्रकाश भारद्वाज, सुनील चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे

# धान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से धान चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जोगिंद्र नविासी जौरासी खालसा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। असंल सनसाइन काउंटी निवासी राजेश ने गत 13 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह कुमासपुर स्थित कंपनी में तैनात है। कंपनी की तरफ से धान का स्टॉक गांव किशोरा में लगा रखा है। गाड़ियों में धान लोड करके कंपनी में जाकर चावल निकालते है। गत 22 दिसंबर व 9 जनवरी को स्टॉक से धान लोड करके कंपनी में लाने लगे। कंपनी में पहुंचने की बजाय कही बाहर जाकर धान को बेच दिया। कंपनी में लगे सीसीटीवी की जांच की। जिसमें सुपरवाइजर अतुल की मदद से धान लोड करके कंपनी से निकलता हुआ मिला।

**पेश किया**

**गिरफ्तार आरोपित जोगिंद्र नविासी जौरासी खालसा पानीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

# समस्याओं को केवल सुना नहीं बल्कि हल किया जाएगा-ओंकार नाथ मिश्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर वार्ड नं. 19 से पार्षद पद के निर्दलीय प्रत्याशी ओंकार नाथ मिश्रा ने अपनी टीम के साथ घर-घर जाकर शंख का बटन दबाकर वोट देने की अपील की। इस अवसर पर टीम ने अपने कार्यकाल के एजेंडा को वार्डवासियों तक पहुँचाया. मिश्रा ने लोगों से निवेदन किया कि वे आने वाले 2 मार्च को अपने वोट की ताकत का इस्तेमाल करें और शंख का बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं क्यूंकि वे और उनकी टीम अन्य प्रत्याशियों की तरह समस्याओं के समाधान का केवल खोखला वायदा नहीं कर रही




बल्कि उन्हें जड़ से खत्म करने का डिजिटल विकल्प उनके मोबाईल में उपलब्ध करवा देगी. उन्होंने बताया कि उन्हें वार्ड से लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिसे देखते हुए टीम के हौसले में भी काफी इजाफा हुआ है. उन्होंने वार्ड की जनता से वायदा किया कि विजयी होने के अगले ही दिन डिजिटल एप्लिकेशन को वार्डवासियों तक पहुंचा दिया जाएगा. इस अवसर पर उनके साथ टीम के प्रदीप मौर्या, कमलेश शर्मा, सुरिंदर सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु धीमान, प्रीतम सिंह, विजय भटनागर, त्रिभुवन पाल, द्वारिका प्रसाद, सिया राम पासी, आनंद पाल, सिमरनजीत सिंह, शुभम वेश, पवन सिंह, विजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के लिए ढांचागत विकास जरूरी : पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री एवं थानेसर के लोकप्रिय पूर्व विधायक सुभाष सुधा ने कहा है कि विकसित भारत के लिए ढांचागत विकास जरूरी है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 को लेकर हर क्षेत्र में ढांचागत विकास पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। इसके साथ ही विकसित भारत अभियान में देश के प्रत्येक नागरिक का अहम योगदान भी अपेक्षित है। यह विचार उन्होंने गुरुवार को केयू डॉ. आरके सदन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक



प्रशासन विभाग एवं न्यू पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में ह्यविकसित भारत 2047 : चुनौतियां, अवसर एवं विकासह्ल विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन सोशल साइंस प्रो. एसके चहल, डॉ. बीआर अम्बेडकर अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, परीक्षा

**अहम सुझाव**

**निश्चित रूप से राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से विकसित भारत अभियान हेतु अहम सुझाव मिलेंगे**

नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, सेमिनार निदेशक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार व सह निदेशक डॉ. ज्योति तथा आयोजन सचिव प्रो. जनक सिंह मीना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।
पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 के अनुरूप सड़क, कृषि, शिक्षा, व्यापार एवं उद्योग, स्वास्थ्य एवं विज्ञान सहित अन्य क्षेत्रों में ढांचागत विकास को लेकर कार्य हो रहा है जिससे विकसित भारत अभियान को तीव्र गति मिली है। उन्होंने इस विषय पर दो दिवसीय सेमिनार के आयोजन के लिए केयू प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि निश्चित रूप से राष्ट्रीय सेमिनार के माध्यम से विकसित भारत अभियान हेतु अहम सुझाव मिलेंगे। इस अवसर पर सभी अतिथियों द्वारा सेमिनार की स्मारिका का भी विमोचन किया।

# पारदर्शी रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों की रहेगी पैनी निगाह: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न करवाने के लिए सभी अधिकारी चुनावी प्रक्रिया की निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना करवाना सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सभी अधिकारी, पुलिस अधिकारियों के साथ तालमेल रखेंगे। इन चुनावों से सम्बन्धित अधिकारी अधिक से अधिक मतदान केन्द्रों का दौरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव लडे



वाले उम्मीदवारों, उनके प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नकदी या शराब, कपड़े या किसी अन्य सामग्री के वितरण के बारे में कड़ी निगरानी बनाए रखें। इस चुनाव के पूरा होने तक राज्य चुनाव आयोग को प्रतिदिन जब्त की कार्रवाई की जानकारी दी जाए। उपायुक्त ने कहा कि असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, भगोड़े, घोषित अपराधियों, पैरोल,फरलो पर आए लोगों, पूर्व दोषियों आदि की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखें, साथ ही कानून एवं व्यवस्था से संबंधित सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा तुरंत प्रभावी कार्रवाई करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऑब्जर्वर्स ने चुनाव लडने. वाले उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और जनता से मिलने का समय और स्थान तय कर दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारी इस बात पर विशेष ध्यान रखें कि ईवीएम ठीक प्रकार से वितरित हो गई हैं, साथ ही मतदाताओं और आम जनता में विश्वास पैदा करने के लिए मतदान केंद्रों का दौरा करें।

## न्यूज फ्लैश

### तीन नये कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित की गई ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** तीन नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आज यहां जिला सचिवालय में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में करनाल न्यायालय के सभी न्यायाधीश व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। ट्रेनिंग में न्याय श्रुति, ई-समन, ई-साक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी उप निदेशक (सामान्य) शशि कांत शर्मा ने तीन नये कानूनों-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित, भारतीय न्याय संहित और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्रियान्वयन को लेकर आ रही दिक्कतों संबंधी सवालों के जवाब दिये। साथ ही कहा कि इन कानूनों को लागू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करना है। उपनिदेशक ने बताया कि नये कानूनों को लागू करने के लिये पायलट तौर पर यहां की दो अदालतों, जिला सत्र न्यायालय और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट का चयन किया गया है। इनमें जल्दी ही जरूरी डिजीटल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। उनके अनुसार न्याय श्रुति ऐप के माध्यम से सभी अदालतों, जेल, पुलिस थाने, फोरेंसिक लैब को जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि ई-साक्ष्य के लिये अपराध स्थल का वीडियो और फोटो जरूरी है, जिन्हें 48 घंटे के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म और कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधार संभव है। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एडीजे, सीजेएम, जेएसआईसी, आईजी पुलिस कुलदीप सिंह, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, एसपी जेल लखवीर बराड़, डीआईओ एनआईसी कमल त्यागी, जिला न्यायवादी पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

### कपिल गुप्ता एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी कपिल गुप्ता को फाउंडेशन का इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने कपिल गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। कपिल गुप्ता ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि कपिल गुप्ता करनाल के जाने माने वरिष्ठ समाजसेवी हैं, जो कि कई वर्षों से समाज सेवा के कार्य कर रहें हैं। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा देशभर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है।

### 714 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** एंटी नारकोटीक सेल टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर नाकाबंदी करके थाना निगदू क्षेत्र से एक गाड़ी में सवार तीन आरोपियों विक्रम उर्फ पिंदा पुत्र पालाराम वासी गांव बरसाना, कैथल, देवेन्द्र उर्फ धर्मेंद्र पुत्र कृष्ण वासी गांव टयोंठा, कैथल और रामकरण पुरी उर्फ रिंकु पुत्र ईश्वर वासी गांव सिरसल, कैथल को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 714 ग्राम चरस बरामद की गई। एंटी नारकोटीक टीम के इन्चार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ थान निगदू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है व आगामी जांच हेतू आज सभी आरोपियों को अदालत में पेशकर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने संचार उत्सव की ऑवर ऑल ट्राफी जीती

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय संचार उत्सव में ऑवर ऑल ट्राफी जीती। इस अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने सभी 16 प्रतिभागियों को इस अपार उपलब्धि की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का जीवन संवरता है क्योंकि विभिन्न



प्रतियोगिताओं से ही विद्यार्थियों में सीखने की विधा का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को इसी तरह विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के विद्यार्थियों की भागीदारी लगभग सभी प्रतियोगिताओं में रहती है और यह भागीदारी आगे भी रहेगी।
उन्होंने कहा कि संस्थान जल्द ही मीडिया फेस्ट करने जा रहा है ताकि विद्यार्थियों की सीखने की ललक को अधिक से अधिक

**उपलब्धि**

**निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने सभी 16 प्रतिभागियों को इस अपार उपलब्धि की बधाई दी**

प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने संस्थान के समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के 255 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# छात्राओं व कामकाजी महिला को डायल 112 से जोड़ा जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: पुलिस** आयुक्त नाजनीन भसीन ने कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को डायल-112 से जोड़ा जा रहा है। इससे जुड़ने पर जब भी कोई छात्रा या महिला ई-रिक्शा या ऑटो रिक्शा में सवार होगी तो पुलिस सुनिश्चित करेगी की वो सुरक्षित गंतव्य तक पहुंची है या नहीं। इसको लेकर ऑटो और ई रिक्शा चालकों का रजिस्ट्रेशन तथा वेरिफिकेशन हो गया है। जल्द इस सुविधा की शुरूआत होगी। पुलिस आयुक्त बुधवार को ग्रामीण भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बड़वासनी के राजकीय स्कूल में छात्राओं और महिलाओं

**सेफ्टी फर्स्ट**

**ई-रिक्शा या ऑटो रिक्शा में सवार होगी तो पुलिस सुनिश्चित करेगी की वो सुरक्षित गंतव्य तक पहुंची है या नहीं**

को सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही थी। पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्कूल और कॉलेज के सुबह खुलने व छुट्टी होने के समय सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। इस दौरान उनको

# ट्रेडिंग व मुनाफा देने का झांसा देकर युवक से लाखों रुपयों की राशि ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने कुंडली थाना क्षेत्र में ट्रेडिंग कर मुनाफा देने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि के ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। टीडीआई सिटी कुंडली निवासी धूप झा ने बताया कि उसके मोबाइल पर गत 10 सितंबर 2024 को उसके पास कॉल आई।

**फर्जीवाड़ा**

**फाइनेंशियल एडवाइजर बताते हुए ट्रेडिंग व मुनाफे में 70 से 80 प्रतिशत बचत देने का लालच दिया**

उसके बाद सोशल अकाउंट पर ट्रेडिंग सीखने का निमंत्रण दिया गया। उसके बाद कॉलर ने खुद को उसे बहु विदेशी कंपनी व फाइनेंशियल एडवाइजर बताते हुए ट्रेडिंग व मुनाफे में 70 से 80 प्रतिशत बचत देने का लालच दिया।

# जिला बाल कल्याण परिषद ने किया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वाधान में जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीईओ जिला परिषद गौरव कुमार ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने मुख्य अतिथि, बच्चों के साथ आये अध्यापकगण तथा अभिभावकों का स्वागत किया और हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की जिला शाखा करनाल द्वारा पूरे जिले में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बाल भवन द्वारा



समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों के बारे में बताया।जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम अधिकारी सुमन शर्मा की देखरेख में जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 14 से 19 तक विभिन्न रूपों में समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गायन, एकल गायन, बेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट मटेरियल, दिया कैंडल डेकोरेशन, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, थाली सजावट, देश भक्ति समूह गायन, वन एक्ट प्लेथिएटर प्ले, फन गेम, स्केचिंग ऑन दी स्पॉट, बेस्ट ड्रामेबाज कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, डेक्लामेशन, थाली-कलश पूजन, फैंसी ड्रेस, क्विज इत्यादि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाई गई थी।

# आजाद उम्मीदवार रेुका बिड़लान ने जारी किया अपना शपथ पत्र

**रोहतक।** रोहतक नगर निगम चुनाव में वार्ड नं. 3 से आजाद उम्मीदवार रेणुका बिड़लान ने एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अपनी दावेदारी पेश की और अपना शपथ पत्र जारी किया। उन्होंने बताया कि वे पिछले कई सालों से सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रही है।
उन्होंने अपने शपथ पत्र में वार्ड से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाया और उन्हें दूर करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता वार्ड में लाईब्रेरी खुलवाना, स्वच्छ जल का प्रबंधन करना, सभी गलियों में सीसी टीवी कैमरे लगवाना, महिलाओं के लिए सिलाई सैन्टर खुलवाना और साथ ही उनकी सुरक्षा का प्रबंध करना है।

# आर्य कॉलेज ने चैंपियनशिप में जीती ट्रॉफी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र के तत्वावधान में महिला व पुरूष वर्ग की वुशू चैंपियनशिप का विश्वविद्यालय प्रांगण में करवाया गया। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने अपने शानदार खेल की बदोलत महिला व पुरूष वर्ग ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने स्वागत करते हुए बधाई देते हुए खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और साथ की कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकों व कोच को भी बधाई दी। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य निखिल शिंगला ने अपने बधाई में कहा



कि आर्य कॉलेज के खिलाडी हर खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, हमें अपने खिलाडियों पर गर्व है। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता समेत पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी।
कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र में ------ इंटर कॉलेज वुशू चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया। चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की महिला व पुरूष टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओवर ऑल चैंपियन बने। उन्होंने बताया कॉलेज की छात्रा माफी ने सांशू के 52 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड, ताओलू में खुशबू ने चांगक्वान, जियांशु व क्वांग्शु विधा में तीन गोल्ड अपने नाम किए, हर्षिता ने 60 किलाग्राम वर्ग भार में सिल्वर मेडल, ताओलू में पायल ने एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल, ताओलू में शीतल ने दो सिल्वर, ताओलू में प्रेरणा ने एक सिल्वर व वंदना ने दो ब्रॉंज मेडल जीत कर महिला वर्ग में चैंपियन बने। वहीं पुरूष वर्ग में कॉलेज के रितिक ने ताओलू में दो गोल्ड, ताओलू में ही प्रीतम ने दो सिल्वर, ताओलू में विकास ने एक सिल्वर व एक ब्रॉंज, ताओलू में आशु ने एक सिल्वर व एक ब्रॉंज, अमन ने दो ब्रॉंज, रूप किशोर ने सांशू 60 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर, पुष्पम ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर व पीयूष ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रॉंज मेडल जीत कर पुरूष वर्ग में भी ओवर ऑल चैंपियनशिप अपने नाम की।

# ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दूर तक घसीटा, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** राजलूगढ़ी से गन्नौर सड़क मार्ग पर अमरूद बाग के निकट दो बाइक सवारों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक बाइक को काफी दूर तक घसीट कर ले गया। इस हादसे में बाइक सवार दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बिहार के कटिहार हाल गन्नौर के रहने वाले छोटू कुमार पुत्र जगदीश ने बताया कि 18 फरवरी को वह अपने चचेरे भाई छोटू कुमार के साथ बाइक पर गन्नौर जा रहे थे। जब वह अमरूद वाले बाग के

**हादसा**

**इस हादसे में बाइक सवार दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी**

पास पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दोनों के पैर बुरी तरह घायल हो गए। ट्रक चालक बाइक को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। राहगीरों और खेत में काम कर रहे लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# सोनीपत-जींद रेलवे लाइन पर अलग-अलग स्थानों पर बुजुर्ग सहित युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत-गोहाना-जींद** रेलवे लाइन में ट्रेन की चपेट में आने से अलग-अलग स्थानों पर बुजुर्ग व युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां बुजुर्ग के शव की शिनाख्त होने के बाद पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं युवक के शव का पोस्टमार्टम बृहस्पतिवार को होगा। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी सरिता ने बताया कि सुबह सूचना मिली थी कि नजदीक गोहाना रोड फ्लाईओवर के पास जींद-गोहाना-सोनीपत लाइन पर बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंची। जहां शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की पहचान रामफल (78) निवासी नयाबास गन्नौर रूप में हुई है। बुजुर्ग हाल इंडियन कॉलोनी में रहता था। वह सुबह अपनी बेटी से मिलने चला जाता था। जानकारी मिली है कि बुजुर्ग को कम सुनाई देता था। वह कुत्तों से खाना देकर बेटी के पास जाने लगा। उसी दौरान रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कॉलोनी वासियों ने शव को देखकर राजकीय रेलवे पुलिस को अवगत करवाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। राजकीय रेलवे थाने में तैनात राजेश ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव पिनाना के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत की सूचना मिली थी।

# खादों को प्रयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारियां हो रही: देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन ) कृषि विभाग** ने आत्म स्कीम के तहत अनाज मंडी बापौली में एक दिवसीय किसान जागरूकता कैंप लगाकर नेशनल फार्मिंग व प्राकृतिक खेती के बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। किसान गोष्ठी में कृषि उपमंडल अधिकारी देवेन्द्र कुहाड़ ने किसानों को कहा कि अधिक पेस्टीसाइड प्रयोग करने से कैंसर जैसी घातक बिमारियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसलिए वे आधुनिक तरीके से गौबर खाद, वर्मी कंपोस्ट खाद आदि को भूमि में डाल कर प्राकृतिक खेती की ओर आएं। किसान धान, गेहूं फसल चक्र को छोड़ कर अन्य



दलहन, तिलहन फसले व सब्जी आदि उगाएं जो कम लागत में अधिक पैदावार देगी। इस दौरान उन्होंने श्रेष्ट किसानों को स्प्रै मशीन, स्मृति चिन्ह दे कर सममानित किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सक ड़ा पीके राय ने किसानों को फसलों के साथ-साथ पशु पालन कर आय बढाने के बारे में विस्तर से जानकारी दी गई। इस दौरान पीएनपी बैंक के अधिकारी मोहित पांचाल, एग्रीकल्चर आफिसर पूजा गर्वा ने किसानो को बैंक संबधी स्कीमों के बारे जानकारी दी गई। इस दौरान बागवानी अधिकारी प्रवीन कुमार ने विभाग क ओर स फलदार पौधे लगवाने पर दी जाने वाली सब्सिडी बारे जानकारी दी गई। इस दौरान बीईओं सतीश कुमार ने बताया कि कृषि भूमि में अधिक मात्रा में रासायनिक खादो एवं कीटनाशकों का प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म होती जा रही है और इसके साथ रसायनिक कीटनाशक के प्रयोग से जल प्रदूषण प्रतिदिन बढ़ रहा है इसलिए अपने कृषि भूमि को बचाने के लिए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की आवश्यकता है । कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि बताया प्राकृतिक खेती में कृषि जीवाणुओं की वृद्धि होती है कम लागत में अधिक पैदावार हो सकते हैं कृषि अधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक खेती में कृषि जीवाणुओं की वृद्धि होती हैं। कृषि एक प्राचीन पद्धति है । वह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है । प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों को तथा कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता बल्कि प्रकृति में आसानी से उपलब्ध होने वाले प्राकृतिक तत्व तथा जीवाणुओं के उपयोग से खेती की जाती है । यह पद्धति पर्यावरण के अनुकूल है साथ ही फसलों को लागत कम करने में कारगर है । इस दौरान एडीओं सुरेन्द्र, विजय, कपिल, अंकुर सुपरवाइजर ने बताया कि राज्य में प्राकृतिक खेती के लिए दो प्रशिक्षण केंद्र गुरुकुल कुरुक्षेत्र और अमेठी जींद में स्थापित किए गए हैं । इन केदो का किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीक पर प्रशिक्षण दिया जाता है । प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को

# 'श्रद्धेय शीला से प्रेरणा लेकर समस्याओं को हल करने की दिशा में कार्य करना शुरू करें मुख्यमंत्री'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली की उम्मीदों को आप पूरा करेंगी और दिल्ली की विकसित अस्तित्व को वापस लाने में सफल रहेगी, जो पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने विश्व स्तर पर दिल्ली को पहुंचाया था। रेखा गुप्ता एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते शीला दीक्षित को अपना रोल मॉडल मानकर अगर मानेंगी तो राजधानी को शीला दीक्षित की भांति एक स्वच्छ, हरित, प्रदूषण मुक्त विश्व स्तरीय शहर के रुप में बदल सकती है जिसे 11 साल में



आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट और अक्षम सरकार पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस दिल्ली की नई सरकार को पूर्ण सहयोग और समर्थन देगी, अगर यह तुरंत केजरीवाल सरकार द्वारा बर्बाद किए नागरिक बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए किए जमीनी स्तर पर काम करेगी, क्योंकि आम आदमी पार्टी लोगों को गुमराह करके सत्ता में आई जिसने भ्रष्टाचार और लूट मचाकर सिर्फ करदाताओं के पैसे को ठगने और लूटने का काम किया।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री को न केवल नागरिक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, पानी और वायु प्रदूषण आदि को ठीक करने के कठिन काम करना पड़ेगा बल्कि विभिन्न चुनाव वादों को पूरा करने का काम सहित पिछली सरकार द्वारा करदाताओं के पैसे की लूट मचाने में विभिन्न घोटालों सहित शराब घोटाले के दोषियों को सही स्थान पर पहुंचाना भी उनके लिए चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस का दिल्ली की नई सरकार को रचनात्मक सुझाव है, अगर नई सरकार दिल्ली को उसकी पुरानी गरिमा को बहाल करने के प्रयास करेगी, जिसे कांग्रेस सरकार ने पीछे छोड़ा था तो हम दिल्ली के विकास में समर्थन देंगे। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार को न केवल अपने चुनावी वादों को पूरा करना होगा बल्कि दिल्ली को विकास की ओर ले जाने में कोई समस्या नही होगी, क्योंकि अब उपराज्यपाल के साथ सरकार का कोई मतभेद नहीं होगा।

# मनजिन्दर सिंह सिरसा के मंत्री बनने से कौमी मसले हल होंगे: जसमेन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सचिव जसमेन सिंह नोनी ने मनजिन्दर सिंह सिरसा को मंत्रिमण्डल में स्थान देने के लिए भाजपा हाईकमान का आभार प्रकट किया।
उन्होंने कहा हमें पूरी उम्मीद है कि मनजिन्दर सिंह सिरसा अपनी काबलियत और सूझबूझ के साथ कौमी मसलों का समाधान पहल के आधार पर करवाएंगे। सः जसमेन सिंह नोनी ने कहा जहां पिछली सरकार के द्वारा पंजाबी भाषा के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए उसे सातवें पायदान पर ले जाया गया ताकि जो बच्चे पंजाबी भाषा सीखने



के चाहवान भी हों वह इससे दूरी बना सकें। पंजाबी अकादमी का जो हाल पिछली सरकार ने किया वह किसी से छिपा नहीं है।
मगर आज शपथ ग्रहण समारोह में मनजिन्दर सिंह सिरसा ने जिस प्रकार पंजाबी भाषा में शपथ ली उससे इस बात के सांफ संकेत मिलते हैं कि आने वाले दिनों में वह पंजाबी भाषा का बनता सम्मान पुनः बहाल करवाने के लिए अवश्य कदम उठायेंगे। पंजाबी टीचर्स की भर्तीयां और उनके बनते हक उन्हें दिलाये जायेंगे और पहले की भान्ति हर विभाग के अन्दर पंजाबी कलर्क की बहाली करवाई जाएगी।
उन्होंने कहा मनजिन्दर सिंह सिरसा ने दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी का प्रधान एवं महासचिव के पद पर रहते सिख कौम के लिए अनेक कार्य किए है, और निश्चित तौर पर वह सरकार के अन्दर बैठकर सिखों के लटकते मसलों को हर करवाने में अहम भूमिका अदा करेंगे।



रामलीला ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया, त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक तिलकराम गुप्ता साथ में है समाजसेवी राजकुमार चौधरी व अन्य गणमान्य लोग।

## अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए जारी हुई एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया के स्टैंड-अप शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर विवादास्पद टिप्पणियों के बीच केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्री पर ओटीटी प्लेटफार्मों को एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी ओटीटी और सोशल मीडिया चैनलों को उम्र के हिसाब के क्लासिफिकेशन करने और स्व-नियमन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। 19 फरवरी को जारी एडवाइजरी के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म को कंटेंट प्रसारित करते समय कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन करना होगा।

# गांव नाहरी में 92 वर्षीय आर्य सेनानी, होशियार सिंह 'सत्यप्रिय' का निधन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पिछले दिनों शनिवार, 15 फरवरी 2025 को सोनीपत जिला एवं नरेला क्षेत्र में घूम-घूम कर आर्य समाज के सामाजिक विचारों का लगातार प्रचार करने वाले 92 वर्षीय नाहरी निवासी होशियार सिंह आर्य "सत्यप्रिय" का आकस्मिक निधन हो गया। पूरे नाहरी कस्बे एवं नरेला में जिसे भी यह खबर मिली उसके सम्मान में अंतिम विदाई देने के लिए दौड़ लिया। ज्ञातव्य है कि श्री आर्य जी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड विभाग से 1991 से ससम्मान सेवा निवृत हुए। अपनी सर्विस के साथ-साथ स्वामी दयानंद एवं स्वामी श्रद्धानंद के क्रांतिकारी विचारों को समाज के कोने-कोने में पहुंचाने के उद्देश्य से निस्वार्थ सेवा में भी तल्लीन रहे। सेवानिवृत्ति के पश्चात तो अपनी साइकिल पर शराब से सर्वनाश, मांसाहार का शरीर पर दुष्प्रभाव, दहेज प्रथा उन्मूलन, अंडों का बहिष्कार, महिला सशक्तिकरण, मजदूर-किसान कै शोषण, गौरक्षा



आंदोलन, अंधविश्वास और पाखंडों का विरोध जैसे विषयों पर पोस्टर तैयार कर स्कूलों में प्रदर्शनी लगाकर उपदेश देते रहे। इन पर अनेको जगह सेमिनार भी कराते रहे। नाहरी गांव में महिलाओ को जागरूक कर शराब के ठेके को बंद कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। सोनीपत तथा नरेला में सीजीएचएस औषधालय खुलवाए जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इसमें इन्हे सफलता भी मिली। आर्य समाज नाहरी सोनीपत एवं अन्य क्षेत्र के गुरुकुलों एवं स्कूलों में भी अपने उक्त कार्यक्रम लगातार दिखाते रहे। 'सादा जीवन, उच्च विचार' उनके जीवन का व्यवहार रहा। आज अनेकों असामाजिक तत्वो ने पैसे के बलबूते स्वयं को समाजिक कार्यकर्ता होने का ढोंग रचा रखा है, लेकिन ये रियल सही मायने में गणमान्य नागरिक सामाजिक कार्यकर्ता जो अंतिम सांस तक अपना सर्वस्व न्यौछावर कर समाज से जुड़े रहे।

# गरीब, जरूरतमंद व असहाय की मदद सभी करें: विशाल कपाही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गरीब व असहाय की मदद करना पुण्य का कार्य है। इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उक्त बातें युवा समाज सेवी विशाल कपाही ने कही। उन्होंने आगे बताया कि जरूरतमंद व निर्धन तबके की सभी को सहायता करनी चाहिए। ताकि किसी को परेशान न होना पड़े। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी



रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा करीबी रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए सभी रक्तदान जरूर करें।

# पम्मा ने भरोसा जताया की सिखों के हितों के लिए कार्य करेंगे मनजिंदर सिंह सिरसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने दिल्ली की नियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि 11 वर्ष बाद किसी सिख मनजिंदर सिंह सिरसा को दिल्ली सरकार में कैबिनेट में जगह मिली है।
क्योंकि दिल्ली में 11 वर्ष से आप पार्टी की सरकार थी जिसमें चाहे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहे हो या आतिशी मालेर्ना उनकी कैबिनेट में एक भी सिख को मंत्री नहीं बनाया गया था जबकि उनके कई विधायक सिख थे जिसको



लेकर सिख समाज में काफी रोष था। क्योंकि जिस समय 11 वर्ष पहले शीला दीक्षित की सरकार दिल्ली में होती थी तभी सिख मंत्री को बनाया गया था।
परमजीत सिंह पम्मा ने कहा इससे सिखों की होने वाली समस्याओं को हल करने में मनजिंदर सिंह सिरसा की मुख्य भूमिका रहेगी और स्कूलों में भी पंजाबी शिक्षा व पंजाबी अध्यापकों को नौकरियां को अनिवार्य करने के लिए कार्य करेंगे।
जिसमें आने वाले समय में बच्चों को सिख इतिहास का पता लगे।
उन्होंने कहा सिरसा जी 1984 के दंगा पीड़ित परिवारों के लिए दिल्ली सरकार से विशेष पैकेज लाकर उनकी उनकी सहायता करें और साथ ही दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए कदम उठाए।

## हाईकोर्ट ने सज्जन कुमार की जमानत पर एसआईटी की याचिका निस्तारित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में दोषी करार दिए गए सज्जन कुमार को 2022 में ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली एसआईटी की याचिका का निस्तारण कर दिया है। कोर्ट ने एसआईटी की इस दलील पर गौर किया कि सज्जन कुमार को इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार दिया है और इस मामले में उन्हें औपचारिक तौर पर हिरासत में लिया जा चुका है। बता दें कि 12 फरवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। इस मामले में एसआईटी और




इस मामले में शिकायतकर्ता दोनों की ओर से सज्जन कुमार को फांसी की सजा देने की मांग की गई है। मामला 01 नवंबर 1984 की है जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने पीड़ितों के राज नगर इलाके स्थित घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया।

# 'दिल्ली का शिक्षा मॉडल समृद्ध और संस्कारी' होगा: अजय वीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं उनकी कैबिनेट के मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। इस ऐतिहासिक समारोह में पहली बार शिक्षक संघ को औपचारिक रूप से आमंत्रित किया गया। जिसमें शिक्षक संघ महासचिव अजय वीर यादव सहित उनके कार्यकारिणी सदस्यों को निमंत्रण पत्र देकर बुलाया गया। इस अवसर पर अजय वीर यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में पहली बार शिक्षक संघ को सम्मानपूर्वक बुलाया गया है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार ने हमेशा शिक्षक संघ और शिक्षकों की उपेक्षा की। 2020 के



शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षकों को एक आदेश के तहत बुलाया गया था, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से 20 शिक्षकों और प्रधानाचार्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी। यह कोई सम्मानजनक आमंत्रण नहीं था, बल्कि शिक्षकों को एक भीड़ का हिस्सा बनाकर अपमानित करने का प्रयास था। बीते 10 वर्षों तक सरकार का यही रवैया शिक्षकों के प्रति बना रहा। लेकिन अब दिल्ली में एक नया युग प्रारंभ हो रहा है। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत, शिक्षक संघ महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि आने वाले समय में दिल्ली में एक समृद्ध और संस्कारी समाज निर्माण के लिए शिक्षा का नया मॉडल स्थापित होगा। समस्त शिक्षक समाज सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा और सम्मानपूर्वक अपनी भूमिका निभाते हुए 18 लाख बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देने का प्रयास करेगा।

## 'सिर्फ व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा होना किसी अपराध में शामिल होने का सबूत नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपित उमर खालिद ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि महज व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य होना किसी अपराध में शामिल होने का सबूत नहीं है। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 04 मार्च को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान उमर खालिद की ओर से पेश वकील त्रिदिप पेस ने दिल्ली पुलिस की ओर से साक्ष्य के तौर पर पेश किए गए व्हाट्स ऐप ग्रुप चैटिंग पर कहा कि उमर खालिद तीन व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल जरूर था लेकिन शायद ही किसी ग्रुप में मैसेज भेजा हो। उन्होंने कहा कि किसी व्हाट्स ऐप ग्रुप में शामिल होना भर किसी गलती का संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि उमर खालिद ने किसी के पूछने पर केवल विरोध स्थल का लोकेशन शेयर किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि उमर खालिद जामिया अवेयरनेस व्हाट्स ऐप ग्रुप का हिस्सा नहीं था।



दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बादली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका, भाजपा नेता प्रदीप गोयल व अन्य गणमान्य लोग।

# राजधानी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आतिशी ने याद दिलाया वादा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने की पहले बधाई दी और फिर भाजपा के घोषणा पत्र के मुताबिक दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपये देने की मांग की। उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता अपने पहले कैबिनेट बैठक में इस फैसले पर मुहर लगाएं। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता से उम्मीद है कि वह दिल्ली की महिलाओं से किया गया वादा जरूर पूरा करेंगी।

**याद दिलाया वादा**
आतिशी ने आगे कहा कि पीएम मोदी और भाजपा के सभी नेताओं और खुद रेखा गुप्ता ने दिल्ली की महिलाओं से वादा किया था कि वे दिल्ली की महिलाओं के बैंक खातों में 2500 जमा करेंगे। भाजपा ने वादा किया था कि पहली किस्त 8 मार्च




(2025) तक जारी की जाएगी। आज शपथ ग्रहण समारोह पूरा हो गया है, नई सरकार बन गई है और आज कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। मैं भाजपा सरकार से मांग करती हूं कि वह दिल्ली की सभी महिलाओं के लिए पैसे जारी करने की योजना पारित करे जिसका उन्होंने वादा किया था।

**रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी राजनीतिक अदावत**
दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में एक बार फिर राजनीतिक अदावत देखने को मिली। आम आदमी पार्टी ने उनके शपथ ग्रहण

**याद दिलाया वादा**

**▶▶ आतिशी ने रेखा गुप्ता को सीएम बनाए जाने की बधाई दी और फिर भाजपा के घोषणा पत्र के मुताबिक महिलाओं को 2500 रुपये देने की मांग की।**

कार्यक्रम से दूरी बनाकर रखी। रामलीला मैदान में हुए शपथ ग्रहण समारोह में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मौजूद नहीं आए। इतना ही नहीं, आप की नाराज राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के अलावा उसका कोई भी नेता इस आयोजन में नहीं पहुंचा।

**प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पहुंचे**
शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव मौजूद थे और उन्होंने अतिथि मंच पर स्वाति मालीवाल के साथ कुर्सी साझा की। जबकि भाजपा का दावा है कि आप नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था। इस तरह स्पष्ट तौर पर दिखाता है कि आप की ओर से इस समारोह में भागीदारी से साफ तौर पर इनकार किया गया था।

**इतनी छोटी राजनीति नहीं करनी चाहिए**
आतिशी के शपथ ग्रहण समारोह में अनुपस्थित रहने पर स्वाति मालीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आतिशी की सीट उनके बगल में थी, लेकिन वह नहीं आईं। इतनी छोटी राजनीति नहीं करनी चाहिए। स्वाति ने यमुना नदी के मुद्दे पर भी सरकार से अपील की और कहा कि यमुना मैया को साफ किया जाए।

## 'किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रामाणिक स्तंभ है भाषा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी सांस्कृतिक विरासत है और इन सबमें भाषा सबसे प्रामाणिक स्तंभ है। उपराष्ट्रपति ने गुरुवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन प्रतिनिधिमण्डल को उपराष्ट्रपति निवास में संबोधित करते हुए कहा कि, करीब 1200-1300 साल पहले जब सब कुछ उत्थान पर था, सब ठीक चल रहा था। दुनिया हमारी ओर देख रही थी, हम ज्ञान के भंडार थे। नालंदा, तक्षशिला जैसी संस्थाएं हमारे हाथ थीं, फिर आक्रमणकारी आए, वे हमारी भाषा, संस्कृति, और धार्मिक स्थानों के लिए बहुत दमनकारी एवं क्रूर थे। उस समय बर्बरता और प्रतिहिंसा चरम सीमा पर थी। आक्रान्ताओं ने हमारी भाषाओं को कुंठित कर दिया। उन्होंने कहा कि, भाषा साहित्य से परे है क्योंकि वह साहित्य समसामयिक परिदृश्य, तत्कालीन परिदृश्य, तत्कालीन चुनौतियों को परिभाषित करता है और यह ज्ञान और बुद्धिमत्ता पर भी ध्यान देता है। मातृभाषा के महत्व पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि, हाल के वर्षों में भाषा पर काफी जोर दिया जा रहा है। तीन दशक बाद एक बहुत अच्छा प्रयास किया गया।

# चार नए एक्सप्रेस वे का निर्माण कराएगी सरकार

## चारों एक्सप्रेस वे के लिए कुल 1050 करोड़ का बजट प्रस्तावित, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** योगी सरकार ने बजट 2025-26 में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण का निर्णय लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसका ऐलान किया। इसके तहत, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जायेगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके साथ ही, गंगा एक्सप्रेस-वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चन्दौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गया है। यही नहीं, मेरठ को हरिद्वार से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे विस्तारीकरण एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। इसके साथ ही, बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण निर्माण प्रस्तावित है जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जायेगी।

**निर्माण**

हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जायेगा



**डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरीडोर के लिए 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था:** बजट में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना के लिए लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। इसके अन्तर्गत लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। वहीं, लखनऊ में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स सिटी के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जायेगी। साइबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजी ट्रान्सलेशन रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए 3 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है।

**आरओबी और आरयूबी के लिए 1450 करोड़ रुपये:** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के अनुरूप प्रदेश में नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के विकास के लिए मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण/निर्माण की योजना प्रारम्भ की गयी है। इसके लिये 200 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश में सेतुओं एवं रेल उपरिगामी/अधोगामी सेतुओं के निर्माण के लिए 1450 करोड़ रुपये, राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के लिए 2900 करोड़ रुपये, राज्य सड़क निधि से सड़कों के अनुरक्षण के लिए 3000 करोड़ रुपये तथा निर्माण के लिए 2800 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश के ग्रामीण मार्गों एवं पुलियों के अनुरक्षण के लिए 2700 करोड़ रुपये, कृषि विपणन सुविधाओं के लिए ग्रामीण सेतुओं के निर्माण हेतु 1600 करोड़ रुपये, शहर वासियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए शहरों के बाईपास एवं रिंगरोड तथा चौराहों पर फ्लाईओवर आदि के निर्माण में 1200 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है।

# छात्रों से राहुल का सवाल: मायावती आज कल क्यों ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं ?

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी गुरुवार को छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने रायबरेली में मूल भारती छात्रावास में छात्रों से सवाल किया। पूछा- मायावती आज कल क्यो ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं? उन्होंने कहा कि हम चाहते थे बहन जी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़ें। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जातीं तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती। मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रही हैं। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कि कोई नहीं, तो गांधी ने उससे पूछा, क्यों नहीं? दूसरे युवा ने जवाब दिया, क्योंकि हमारे



पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। वे अपने प्रयासों में अकेले थे, फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया था। एक पूरी व्यवस्था है जो दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है। आधे से ज्यादा बार तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला कर जाती है। नेता विपक्ष ने कहा कि आपको यह समझने की जरूरत है कि संविधान की विचारधारा ही आपकी विचारधारा है। मैं आपको गारंटी के साथ कह सकता हूं कि अगर इस देश में दलित नहीं होते तो इस देश को संविधान नहीं मिलता।

## संक्षिप्त खबरें

### खादी और पीएमईजीपी संयुक्त प्रदर्शनी का आयोजन

**चंडीगढ़।** खादी और पीएमईजीपी संयुक्त प्रदर्शनी का आयोजन खादी ग्रामोद्योग द्वारा सेक्टर 34 में किया गया है नये भारत की नयी खादी' अब नयी ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है। यह मेला कारीगरों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे अपने उत्कृष्ट उत्पादों को प्रस्तुत कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी में खादी की 46 और पीएमईजीपी की 54 इकाइयां अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। 22 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, नई दिल्ली, नागपुर और पुणे सहित विभिन्न राज्यों से करीब 100 स्टॉल लगाए गये हैं। यहां मिलने



वाले सभी उत्पाद स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूलहैं इस प्रदर्शनी में कमल खादी के विभिन्न तरहक प्रोडक्ट प्यार किए गए हैं जो की बिल्कुल नेचुरलह जिसमें मेंहदी फेसवाश साबुन शैंपू फेस पैक वह अग्रोडक्ट तैयार किए गए है जिनकी बिल्कुल सुध जड़ी बूटियों से बनाए गए है।

### पंजाब में स्वच्छ वायु को बढ़ावा देने के लिए खालसा कॉलेज में एयरराइज शिखर सम्मेलन का आयोजन

**अमृतसर:** एयरराइज समिट 2024: पंजाब के स्वच्छ भविष्य के लिए युवा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस संकल्प लिया गया। खालसा कॉलेज फॉर वुमेन, अमृतसर में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में युवा नेताओं, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। उन्होंने प्रदूषण के स्रोतों, स्थायी तकनीकों और नीतिगत समाधानों पर विचार-विमर्श किया। पैनल चर्चाओं, मुख्य वक्तव्य और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों ने पंजाब की वायु गुणवत्ता सुधारने के उपायों पर चर्चा की। डिप्टी कमिश्नर साक्षी साहनी ने पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की नेतृत्व क्षमता की सराहना की, जबकि खालसा कॉलेज फॉर वुमेन की प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर कौर ने शिक्षा को स्थिरता प्रयासों में छात्रों को सशक्त बनाने का प्रमुख साधन बताया। असर की स्टेट क्लाइमेट एक्शन प्रमुख, सनम ने युवाओं द्वारा



नीतिगत और सामुदायिक समाधान लाने की क्षमता को उजागर किया। सम्मेलन के अंत में सभी प्रतिभागियों से कैंपस पहलों, नीति संवादों और जमीनी स्तर पर प्रयासों के माध्यम से इन विचारों को क्रियान्वित करने की अपील की गई। हरित शहरी नियोजन और स्वच्छ परिवहन रणनीतियों के प्रस्तावों के साथ, यह कार्यक्रम पंजाब में स्वच्छ हवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

### रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5जी लॉन्च किए

**लुधियाना: रियलमी,** जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है,उसने गर्व से रियलमी पी 3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3एक्स 5 जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूजर्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5 जी की परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिजाइन को भी आकर्षक बनाया गया है,जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती है। रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, "हमें रियलमी पी 3 प्रो 5 जी और रियलमी पी 3 एक्स 5 जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है,ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूजर-केंद्रित डिजाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं रियलमी पी 3 प्रो 5 जी अपने लुभावने रंग बदलने वाली फाइबर और स्नैपड्रैगन 7 एस जेन 3 चिपसेट के साथ एक अद्वितीय और शानदार अनुभव देता है रियलमी पी 3 एक्स 5 जी अपनी विशाल बैटरी और उच्चतम स्तर की वाटरप्रूफ क्षमता के साथ कठिन परिस्थितियों को सहने के लिए बनाया गया है।

# गन्ना मंत्री ने मुख्यमंत्री को दिया होली का आमंत्रण

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** नंदगांव और बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठामार होली कार्यक्रम व उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित होने वाले रंगोत्सव में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। जिसके लिए प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री एवं स्थानीय विधायक चौधरी लक्ष्मी नारायण निमंत्रण दिया है। मंत्री के मुताबिक आमंत्रण को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने उनको बरसाना आने का आश्वासन दिया है। अयोध्या और काशी की तर्ज पर ही मथुरा का विकास करने का मंतव्य भी मंत्री ने मुख्यमंत्री के सामने रखा है। बरसाना विश्व प्रसिद्ध लठामार होली का आयोजन 8 मार्च और नंदगांव में लठामार होली का आयोजन 9 मार्च को होगा। जिसकी तैयारियों में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर पंचायत बरसाना व नंदगांव लगा हुआ है। राधा कृष्ण और ब्रज की गोपियों की इस अनूठी होली को देखने के लिए लाखों की संख्या में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। छाता विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात कर उन्हें बरसाना नंदगांव आने का आमंत्रित दिया।

# बजट मध्यम वर्ग को तुष्टीकरण करने वाला: मायावती

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख आठ हजार 736 करोड़ छह लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण करने वाला है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विधान भवन में गुरुवार को राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश



किया है। यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। इससे सही विकास कैसे संभव है।

**प्रतिक्रिया**

यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता: मायावती

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है। जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए। ऐसा ना होना चिन्तनीय। उत्तर प्रदेश के शहर, गांव, क्षेत्र एवं समाज बुनियादी सुविधाओं के अभाव व अनेकों विषमताओं से जूझ रहे हैं। लोगों को जब सड़क, पानी, स्कूल, अस्पताल, रोजी-रोजगार के बेहतर व्यवस्था करने की मांग है। तब उन्हें दूसरे सपने दिखाना यह समस्या का सही समाधान नहीं। मायावती ने कहा कि भाजपा से पहले यूपी बदहाल था। यह दावा उचित नहीं, क्योंकि बसपा की सरकार में जनहित व जनकल्याण तथा अपराध-नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के मामले में हर स्तर पर कानून द्वारा कानून का बेहतरीन राज था।

# 100 करोड़ की वसूली वाल नगर निगम अदद स्टेडियम से महरूम

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** चालू वित्त वर्ष में करीब 100 करोड़ की वसूली का लक्ष्य नगर निगम लेकर चल रहा है। इस दिशा में मजबूती से निगम के कदम बढ़ रहे हैं। सीमा विस्तार के बाद निगम का आकार बड़ा हुआ है। भूतेश्वर कंपाउण्ड में निगम को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आलीशान कार्यालय मिल गया है। इतना सब होने के बावजूद नगर निगम के पास अपना कोई स्टेडियम नहीं है। नगर निगम इस कमी को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। निगम की ओर से संभावनाएं



तलाशी जा रही हैं कि एक ठीक ठाक स्टेडियम उसे मिल जाए। हालांकि गणेशरा स्टेडियम है लेकिन उसमें निगम का कोई योगदान नहीं है। मथुरा में नगर निगम के पास ऐसा कोई खुला स्थान नहीं है। अब वृंदावन में ये संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने वृंदावन स्थित हजारीमल सोमानी ग्राउंड को स्टेडियम रूप में विकसित किए जाने के लिए ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके बाद नगर आयुक्त द्वारा हजारीमल सोमानी ग्राउंड के पास खाली पड़ी हुई जमीन का निरीक्षण

## 'क्षेत्र पंचायतों की वार्षिक कार्य योजना ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 28 फरवरी तक अपलोड करें'

**मुरादाबाद:** मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने गुरुवार को विकास भवन स्थित बापू सभागार में मनरेगा, फैमिली आईडी, आंगनबाड़ी कायाकल्प, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की। सीडीओ ने कहा कि क्षेत्र पंचायतों की वार्षिक कार्य योजना तैयार कर ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर 28 फरवरी तक अपलोड कराएं। मनरेगा योजना के तहत सभी विकास खंडों में कम से कम पांच खेल मैदान तैयार कराना है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अपूर्ण आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित बीडीओ को दिए।

# बढ़ती मांग के बीच कैंब्रिज की चेकपॉइंट टेस्ट सीरीज का विस्तार हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियाना:** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप द्वारा कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट सीरीज का विस्तार किया जा रहा है ये टेस्ट स्कूलों को प्राइमरी और लोअर सेकंडरी स्टूडेंट्स की लर्निंग की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लर्नर्स की परफॉर्मेंस का आकलन करने के लिए 101 देशों के 1600 से अधिक स्कूलों ने कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट्स का उपयोग किया। कैंब्रिज द्वारी वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए मई और अक्टूबर के अलावा 2026 से मार्च में तीसरी टेस्ट सीरीज शुरू कर रहा है कैंब्रिज हर सीरीज के लिए एक सप्ताह का टाइमटेबल भी पेश कर रहा है,और यह मई सीरीज की तारीखें स्कूलों की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट मैथमैटिक्स,इंग्लिश और साइंस में प्रगति का मूल्यांकन करते हैं लर्नर कैंब्रिज प्राइमरी (10 से 11 साल) या लोअर सेकंडरी एजुकेशन (13 से 14 साल) के अंत में इन टेस्ट में बैठते हैं। कैंब्रिज परीक्षक इन टेस्ट की जाँच करते हैं और हर स्कूल को एक डायग्नोस्टिक फीडबैक रिपोर्ट प्रदान करते हैं, जो व्यक्ति और समूह की परफॉर्मेंस को मॉनिटर करने में मदद करती है। ये रिपोर्ट स्कूलों को लर्नर की जरूरतों के बारे में निर्णय लेने में समर्थ बनाती हैं और उन्हें यह समझने में मदद करती हैं कि दुनिया में स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूलों की तुलना में उनके लर्नर्स की परफॉर्मेंस कैसी है।अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के विकास के साथ कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट की मांग बढ़ रही है। कैंब्रिज को 2024 में कैंब्रिज प्राइमरी और लोअर सेकंडरी चेकपॉइंट के लिए 300,000 से अधिक एंट्रीज मिलीं। 2023 के मुकाबले प्राइमरी टेस्ट की प्रविष्टियों 13 प्रतिशत तथा लोअर सेकंडरी टेस्ट की प्रविष्टियाँ 9 प्रतिशत अधिक थीं। कैंब्रिज प्राइमरी चेकपॉइंट टेस्ट की प्रविष्टियां पिछले साल लोअर सेकंडरी चेकपॉइंट की प्रविष्टियों से ज्यादा थीं और इस वृद्धि में इंडोनेशिया, इजिप्ट, भारत, ओमान, और मलेशिया के स्कूलों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वनिता उप्पल ओबीई, डायरेक्टर, द ब्रिटिश स्कूल, नई दिल्ली ने कहा: यह एक महत्वपूर्ण और स्वागत योग्य कदम है! कैंब्रिज चेकपॉइंट टेस्ट मूल्यांकन के अलावा हमारे लर्नर्स की जरूरतों के बारे में निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण डेटा और उनकी परफॉर्मेंस का वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करते हैं। व्यक्तिगत और सामूहिक डेटा से एकेडमिक टीमों को आवश्यक उपाय करने और लर्निंग के परिणामों में सुधार लाने में मदद मिलती है। इसलिए, हमारे एजुकेटर्स न केवल लर्नर्स को एकेडमिक उत्कृष्टता प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक होती दुनिया में भविष्य के लिए भी तैयार करते हैं।

# इस बार 120 केंद्रों पर 72450 परीक्षार्थी देंगे यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार जनपद में 120 केंद्रों पर 72450 परीक्षार्थी यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे। बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन, सुचितापूर्वक, सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। जनपद के 10 राजकीय विद्यालय, 73 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय तथा 37



वित्तविहीन विद्यालय कुल 120 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी जिसमें हाईस्कूल के 34972 तथा इंटरमीडिएट के 37478 कुल 72450 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरों को चेक करे, स्ट्रांग रूम की व्यवस्था को सुनिश्चित करें तथा सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक ससमय केंद्रों पर उपस्थित रहकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 24 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी, जिसमें प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा सायं दो बजे से 5.15 बजे होंगी। एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सभी केंद्रों पर पुलिस बल ससमय उपलब्ध होगा, कोई अन्य समस्या उत्पन्न होने पर आप डायल 112 पर सूचना दे सकते है। पुलिस आपकी मदद हेतु तत्काल पहुंचेगी। परीक्षा को सूचितापूर्वक संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में 6 सचल दल निरंतर भ्रमण शील रहेंगे।

# अनुसूचित जातियों को पशुपालन के लिए प्रशिक्षित कर रही सरकार

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** कृषक और कृषि कार्य में लगे खेतिहर मजदूरों के लिए पशुपालन आर्थिक पैकेज की तरह साबित हो रहा है। सरकार अनुसूचित जातियों को पशुपालन के लिए प्रशिक्षित कर रही है। सहायक आचार्य, परजीवी विज्ञान विभाग डॉ. प्रदीप कुमार ने अवगत कराया है कि आई.सी.ए.आर. के एस.सी. सब प्लान के अन्तर्गत मथुरा जनपद के मांट ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गांव सिरिया की नगरिया, घोंदरपुर, दीवाना खुर्द एवं दीवाना कलां में एक वृहद पशु स्वास्थ्य शिविर एवं ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक पशुपालकों ने प्रतिभाग



कर लाभ उठाया। यह ट्रेनिंग वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। इस ट्रेनिंग के मुख्य समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बातचीत में बताया कि यह ट्रेनिंग आई.सी. ए.आर. द्वारा वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग को दी गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के पशुपालकों को जागरूक कर उनका पशु पालन सम्बन्धी ज्ञान को बढ़ाना था। इसी क्रम में योजना के अन्तर्गत पशु स्वास्थ्य सम्बन्धी

**तैयारी**

दैरपुर, दीवाना खुर्द एवं दीवाना कलां में एक बृहद पशु स्वास्थ्य शिविर एवं ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया

दवाएं (पेट के कीड़ों के लिए, भूख बढ़ाने के लिए, घाव पर लगाने के लिए, संक्रमण को रोकने के लिए एंटी सेप्टिक लोशन एवं सलूशन इत्यादि), आये हुए पशुपालक भाईओं के लिए भोजन व्यवस्था, पशु वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किये गए आलेख आदि भी वितरित किये गए। इस योजना का लाभ 100 से अधिक पशुपालको ने लिया। इस अवसर पर वेटरनरी विश्वविद्यालय से आये हुए डॉ. प्रकाश, डॉ. चेतना गंगवार, डॉ. आलोक कुमार चौधरी, डॉ. ज्योत्सना भट्ट जोशी, डॉ. विनय किशोर तिवारी, डॉ. तरूण कमल, डॉ. बृजेश कुमार यादव आदि ने पशु पालक सम्बन्धी वैज्ञानिक जानकारी भी पशुपालकों को दी। इस अवसर पर डॉ. नितिन यादव (उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मथुरा), डॉ. कृष्णवीर सिंह (पशु चिकित्सा अधिकारी, राया), डॉ. प्रदीप कुमार (सहायक आचार्य, परजीवी विज्ञान विभाग) गांव के राजकुमार, मुकेश चौधरी एवं अन्य गणमान उपस्थित रहे।

# क्यूर.एआई की एआई-संचालित टीबी जांच 2025 के महा कुंभ मेला में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयासों को समर्थन प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** क्योर.एआई का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-सक्षम चेस्ट एक्स-रे विश्लेषण समाधान क्यूएक्सआर अब महाकुंभ मेला 2025 में उपलब्ध है। इसे सेक्टर 2 के सेंट्रल हॉस्पिटल में तैनात किया गया है, जो तीर्थयात्रियों की त्वरित चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्थापित सबसे बड़ा चिकित्सा केंद्र है। क्यूएक्सआर सॉफ्टवेयर का उपयोग तेज प्राथमिक जांच और टीबी निगरानी के लिए किया जा रहा है। आकस्मिक जांच के माध्यम से, यह एआई समाधान किसी भी कारण से चेस्ट एक्स-रे कराने वाले व्यक्तियों में संभावित टीबी मामलों की स्वचालित पहचान कर सकता है। इसकी तैनाती के बाद से, एआई समाधान ने अस्पताल में किए गए चेस्ट एक्स-रे का विश्लेषण किया है और उनमें से 36.22 प्रतिशत को असामान्य के रूप में चिह्नित किया है, जिनमें से 12 प्रतिशत मामलों में टीबी के संभावित लक्षण देखे गए हैं। यह पहल भारत सरकार की 100-दिवसीय टीबी चुनौती और 2025 तक टीबी उन्मूलन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। प्रशांत वारियर, क्योर.एआई के सीईओ और सह-संस्थापक ने कहा महाकुंभ जैसे विशाल जनसमूह न केवल एक अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी लाते हैं। क्यूएक्सआर जैसी एआई-चालित समाधान यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं इस आयोजन के पैमाने और जटिलता के अनुरूप बनी रहें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



फास्ट न्यूज

## सोनोवाल ने आईडब्ल्यूटी टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने आज यहां जोगीघोपा में अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) राष्ट्र को समर्पित किया। इस टर्मिनल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2021 में किया था। भूटान में गलेफू से केवल 91 किलोमीटर, बांग्लादेश सीमा से 108 किलोमीटर और गोवाहाटी से 147 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह टर्मिनल रणनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यह बांग्लादेश और भूटान के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में भी महत्व रखता है। जोगीघोपा टर्मिनल भारत एवं बांग्लादेश के बीच पीआईडब्ल्यूटीएंडटी के तहत घोषित बंदरगाहों में से एक है। वर्ष 2027 तक, इस टर्मिनल से लगभग 1.1 मिलियन टन प्रति वर्ष कार्गो हैंडलिंग का अनुमान है। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, ह्लआज जबकि हम जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित कर रहे हैं, यह दिन देश के जलमार्ग परिवहन की दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में, जलमार्ग परिवहन में बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है जो कि भारत के लॉजिस्टिक्स विकास को बढ़ावा देते हुए मोदी जी की विकसित भारत की दृष्टि को साकार कर रहा है। जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी में व्यापक रूप से बदलाव लाने के साथ-साथ भूटान और बांग्लादेश के साथ हमारे त्रिपक्षीय संबंधों को भी मजबूती देगा। इसकी रणनीतिक स्थिति के चलते यह इस क्षेत्र में आर्थिक तेजी लाएगा जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ह्यपहले पड़ोसीह्न की नीति के अनुरूप है। भारत रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अनेक परियोजनाओं तथा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार समेत अन्य पड़ोसी देशों के साथ समझौतों के जरिए बेहतर क्षेत्रीय व्यापार और निर्बाध परिवहन कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए अपने आपको महत्वपूर्ण जलमार्ग गेटवे के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत के इन प्रयासों से दक्षिण एशिया के विकास और एकीकरण में योगदान के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य की सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा मिलेगा।

# योगी सरकार ने पेश किया 8.08 लाख करोड़ का बजट

### वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश किया यूपी के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट- इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा को योगी सरकार ने दी सर्वाधिक प्राथमिकता

**विकास पर बल**

▸▸ 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का बजट पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। बजट में 28 हजार 478 करोड 34 लाख रुपये (28,478.34 करोड़ रुपये) की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश को बढ़ावाप्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निवेशयोगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा को बढ़ावाउत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है। विज्ञान और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहनसरकार ने प्रदेश में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें साइंस सिटी, विज्ञान पार्क और नक्षत्रशालाओं की स्थापना और पुराने संस्थानों के नवीनीकरण की कार्ययोजना शामिल है। छात्रों के लिए आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्टवित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी। श्रमिकों के लिए नई योजनाएंवित्त मंत्री ने बताया कि जिला मुख्यालयों में कामगार-श्रमिक अड्डे बनाए जाएंगे। इनमें कैंटीन, पीने का पानी, स्नानागार और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह योजना श्रमिकों के रोजगार और जीवन स्तर सुधारने में मददगार साबित होगी।

जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत गरीबी उन्मूलन का लक्ष्यवित्त मंत्री ने बताया कि योगी सरकार ने 2 अक्टूबर 2024 से जीरो पॉवर्टी अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत से निर्धनतम परिवारों की पहचान की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि इन परिवारों की वार्षिक आय को 1,25,000 रुपये तक लाया जाए और उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा किया जाए।

**बनेगा राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश का केंद्र**

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का यह बजट राज्य के विकास, तकनीकी उन्नति, शिक्षा सुधार, गरीबों के कल्याण और बुनियादी ढांचे के विस्तार को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आधुनिकता, नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहा है।






## महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में गुरुवार को विधान सभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। यह बजट प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रुपये है। इस बजट में योगी सरकार ने महिला व श्रमिक कल्याण के लिए विशेष प्रविधान किए हैं। बजट में महिलाओं को होंगे ये फायदेयोगी सरकार के इस बजट में महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। कई महत्वपूर्ण मौकों पर बजट के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने इसका ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 96 लाख से अधिक परिवारों की महिलाओं को आच्छादित किया गया है। ग्राम स्तर पर डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने हेतु बीसी सखी योजना के अन्तर्गत 39,556 बीसी सखी द्वारा कार्य करते हुये 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड रुपये का लाभांश अर्जित किया गया। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हांकन किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत अब तक लगभग 1.86 करोड लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये जा चुके हैं। योगी सरकार द्वारा उज्वला योजना के लाभार्थियों को 02 नि:शुल्क सिलिण्डर वितरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कम्पनियों के गठन हेतु महिला सामर्थ्य योजना संचालित हैं। मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये जाने की नई योजनायोगी सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी प्रदान किये की नई योजना लायी जा रही है। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु सह शिक्षा की व्यवस्था के साथ-साथ बालिका छात्रावास का निर्माण, बालिकाओं का सशक्तिकरण, मीना मंच, आत्म रक्षा प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आवासीय विद्यालय योजना प्रदेश के 12 जनपदों में संचालित है, जिनमें प्रत्येक विद्यालय में 100-100 बालक एवं बालिकाओं को प्रदेशित किये जाने का प्रावधान है।

## गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित यूपी का बजट: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का विधान सभा में बजट पेश होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का यह बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिनः की अवधारणा के अनुरूप है। बजट गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को साकार करते हुए वंचित को वरीयता इस बजट का केंद्रीय भाव है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बजट का आकार 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ रुपये से अधिक (8,08,736.06 करोड़ रुपये) का है। वर्ष 2024-25 के बजट के सापेक्ष इसमें 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश के बजट के आकार में यह बढ़ोत्तरी राज्य के सामर्थ्य के अनुरूप है। यह बजट अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुल व्यय में 02 लाख 25 हजार 561 करोड़ 49 लाख रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर सम्मिलित है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश की जीडीपी 12.89 लाख करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। योगी ने कहा कि प्रदेश का राजकोषीय घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.97 प्रतिशत है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एफआरबीएम एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है।

## योगी सरकार का बजट, मध्यम वर्ग को तुष्टीकरण करने वाला: मायावती



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख आठ हजार 736 करोड़ छह लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण करने वाला है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विधान भवन में गुरुवार को राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। इससे सही विकास कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर यूपी भाजपा सरकार का बजट भी पेट भरे मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला है। जबकि सरकारों की असली चिन्ता व संवैधानिक दायित्व करोड़ों परिवारों की दरिद्रता को दूर करके सुख-चैन पहुंचाने वाला सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय के उद्देश्य की पूर्ति का होना चाहिए।

## कमलनाथ ने सरकार से की गेंहू का समर्थन मूल्य बढ़ाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने प्रदेश सरकार से गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की मांग की है। उन्होंने किसानों की तरफ से अपनी चिंता व्यक्त करते हुएभाजपा सरकार को उनके चुनावी वादों की याद दिलाया है। कमलनाथ ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा प्रदेश में गेहूं की फसल तैयार होने वाली है और आने वाले कुछ सप्ताह में गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मैं भाजपा सरकार को याद दिलाना चाहता हूँ कि आपने किसानों को गेहूं का 2700 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का चुनावी वादा किया था।

**Yamuna Expressway Industrial Development Authority**
YEIDA FUTURE IS HERE
First Floor, Commercial Complex, P-2, Sector Omega 1, Greater Noida, Uttar Pradesh 201308
Phone No.: 0120-2395153, Website: www.yamunaexpresswayauthority.com

**Reference Number: YEIDA/FINANCE/1151/2025** **Dated: 19/02/2025**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR:**

**A. Selection of Chartered Accountants Firm for Internal Audit/Controls and Assurance of Yamuna Expressway Industrial Development Authority (YEIDA)**
**B. Selection of Tax Consultant for various items of work for Yamuna Expressway Industrial Development Authority (YEIDA)**
**C. Selection of Chartered Accountants Firm for General Accountancy, TDS, Consulting and other related works for Yamuna Expressway Industrial Development Authority (YEIDA)**

Detailed RFP documents for three different categories is available on the E-Procurement Portal of Government of UP **[https://etender.up.nic.in/]** from **20/02/2025, 1700 hrs (IST).** The authority seeks Selection of Chartered Accountants Firm for the three separate category of works.
Interested Applicants are required to submit their proposal online on the E-procurement website on or before **18/03/2025, 1700 hrs (IST)**. In case of any queries, the Bidders are invited to contact on the following email id.
Email: yeafinance@gmail.com

**GM FINANCE, YEIDA**

महत्वपूर्ण सूचना: यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लान के अतिरिक्त प्लॉटिंग/हाउसिंग/कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की खरीद-फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट www.yamunaexpresswayauthority.com देखें।

